* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

10 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 22

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

संजय राउत 102 दिन बाद जेल से बाहर: ठाकरे से मिलने के बाद अस्पताल में भर्ती होंगे; जमानत के खिलाफ इडी हाइकोर्ट पहुंची, आज सुनवाई






### सीएम पाकुड़ में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में हुए शामिल

# मीडिया का सहारा लेकर भाजपावाले रोज सरकार बनाते और गिराते हैं : हेमंत सोरेन

- हमने विकास की ऐसी लकीर खींची है कि भाजपा को वहां तक पहुंचने के लिए सात बार जन्म लेना पड़ेगा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाकुड़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के विभिन्न जिलों में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान वह अपनी सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को दे रहे हैं। लोगों से लाभ लेने की अपील कर रहे। साथ ही विपक्ष पर भी निशाना साधने से नहीं चूक रहे। इसी क्रम में गुरुवार को मुख्यमंत्री पाकुड़ पहुंचे और 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां भी हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर निशाना साधा और खूब गरजे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस दिन से हमारी सरकार बनी है, उसी दिन से इसे गिराने की साजिश रची जा रही है। सरकार बनते ही दो साल हम कोरोना की चपेट में आ गये। मुंह में मास्क लगा कर घूमना पड़ता था। लेकिन ये विपक्ष के लोग सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र, सरकार बनने के दिन से कर रहे हैं। ये लोग रोज सरकार बनाते हैं। रोज नया मुख्यमंत्री बनाते हैं। अजीब हाल है। मीडिया का सहारा लेकर रोज सरकार बनाते हैं, गिराते हैं। पता नहीं है, कितनी बार मुख्यमंत्री बनायेंगे और खुद षड्यंत्र को लेकर गिरेंगे। उन्होंने कहा कि हमने विकास के जरिए ऐसी लकीर खींच दी है कि भाजपा को वहां तक पहुंचने के लिए सात बार जन्म लेना होगा।

**पैसा मांगो तो केंद्रीय एजेंसी लगा देते**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य की सवा तीन करोड़ जनता के साथ परछाईं की तरह खड़ी है। 136000 करोड़ रुपये केंद्र सरकार के पास हमारा बकाया है। जब हम पैसा मांगते हैं, तो केंद्र सरकार हमारे पीछे केंद्रीय एजेंसियों को लगा देती है। हम विकास करना चाहते हैं, लेकिन यह हमें करने नहीं देती है। हमारे विकास कार्यों को देख कर उनके पेट में दर्द होने लगता है। इस राज्य में सैकड़ों छात्रावास बना हुआ है, जहां कभी पेंट पोचाड़ा तक नहीं हुआ था। आज उन छात्रावासों का हमारे कल्याण विभाग के जरिए जीर्णोद्धार हो रहा है। आपको बता दें कि इस बार हमारी नजर में राज्य की बच्चियां हैं, हम उन तक सरकार की सभी योजनाओं को पहुंचायेंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

### मुख्यमंत्री ने गिनायीं योजनाएं

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने पहली बार इतने कम समय में जेपीएससी में 250 लोगों की नियुक्ति करायी। ये सभी वे बच्चे हैं, जो किसान के बच्चे हैं, मजदूर के बच्चे हैं, सहियाओं के बच्चे हैं। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में जेपीएससी में अभियंताओं नियुक्ति होने जा रही है। पहली बार इतनी बड़े पैमाने पर नियुक्ति होने जा रही है। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में राज्य कर्मचारियों का प्रमोशन हुआ। निजी क्षेत्र में हम लोगों ने 75 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कानून बनाया। कई महत्वपूर्ण योजनाएं बनायीं। पाकुड़ में बहुत महत्वपूर्ण योजना पर हम काम कर रहे हैं। मंत्री आलमगीर आलम ने मुझे बताया है कि जूट उत्पादन को लेकर पाकुड़ में काम किया जा रहा है। इस पर मैंने उनसे कहा है कि इस राज्य का शायद ही ऐसा कोई कोना है, जहां हम नहीं गये हैं। मुझे हर जगह की जानकारी है। जूट उत्पादन को लेकर हम बहुत जल्द ही एक बड़ी योजना क्षेत्र में उतारेंगे। पाकुड़ जिले में गुमानी नदी है। हमने 361 करोड़ रुपये की योजना गुमानी सिंचाई परियोजना के लिए स्वीकृत कर दिये हैं। इससे किसानों के खेतों तक पानी जायेगा।

# इडी ने सीएम को अब 17 नवंबर को बुलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पूछताछ के लिए अब 17 नवंबर को बुलाया है। समन में कहा गया है कि वह पूछताछ के लिए इडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित हों।

मालूम हो कि इडी ने सीएम हेमंत सोरेन को इससे पहले 3 नवंबर को भी समन जारी कर बुलाया था। उन्हें पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा गया था। सीएम ने संदेशवाहक के माध्यम से इडी कार्यालय को यह सूचना भिजवायी थी कि 3 नवंबर को उन्हें रायपुर में आदिवासी महोत्सव में भाग लेने जाना है। पहले से और कार्यक्रम तय होने के कारण उन्होंने इडी से तीन हफ्ते का समय मांगा था। उस समय इडी की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया था। इसके बाद बुधवार को इडी ने पुनः सीएम को समन जारी कर 17 नवंबर को हाजिर होने को कहा है।

# जस्टिस चंद्रचूड़ बने 50वें सीआइजे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में स्थित बापू की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कुर्सी पर बैठने से पहले अपने केबिन में तिरंगे को नमन भी किया। शपथ लेने के बाद चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने मीडिया से कहा, 'देश के आम लोगों की सेवा करना मेरी पहली प्राथमिकता है।










# मेटा से 11 हजार कर्मचारी निकाले गये

**नयी दिल्ली।** फेसबुक, वॉट्सएप और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने अपने 11 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी के 18 साल के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी हुई है। कर्मचारियों को निकालने का एलान कंपनी के सीइओ मार्क जुकरबर्ग ने किया। उन्होंने इसकी वजह गलत फैसलों से रेवेन्यू में आयी गिरावट को बताया।

# बंधु तिर्की के विरुद्ध मांगी गयी मुकदमा चलाने की स्वीकृति

- धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मांडर के पूर्व विधायक और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के खिलाफ अभियोजना की स्वीकृति मांगी गयी है। उन पर यह आरोप है कि उन्होंने धार्मिक भावना को ठेस पहुंचायी। इस संबंध में पंडरा थाना में बंधु तिर्की के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। दीप्ति महाजन ने उनके विरुद्ध एफआइआर दर्ज करायी थी। इसी मामले में रांची के डीसी ने सरकार से अभियोजन की अनुमति मांगी है। अभियोजन की स्वीकृति अगर मिल जायेगी तो पूर्व विधायक की परेशानी बढ़ सकती है। पुलिस की जांच में आरोप सही पाये गये हैं। पंडरा थाना में कांड संख्या 600/2017 दर्ज है। यह मामला 27 नवंबर 2017 को दर्ज कराया गया था, जिसमें भादवि की धारा 153 ए और 295ए लगायी गयी है। इस मामले में 2 अक्टूबर 2020 को रांची के सिटी एसपी ने अपनी अनुशंसा के साथ रांची के उपायुक्त को एक पत्र लिखा था। उसी पत्र के आधार पर रांची के डीसी ने अभियोजन की अनुमति मांगी है। अनुशंसा से संबंधित पत्र सरकार को भेज दिया गया है।

# अधिवक्ता राजीव कुमार को मिली जमानत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मनी लाड्रिंग के आरोप में जेल में बंद अधिवक्ता राजीव कुमार को बड़ी राहत मिली है। झारखंड हाइकोर्ट में जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने लंबी सुनवाई के बाद राजीव कुमार को जमानत देने का फैसला लिया है। अदालत ने उन्हें एक-एक लाख के दो निजी मुचलके पर रिहा करने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। झारखंड हाइकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और पीआइएल किंग के नाम से मशहूर राजीव कुमार पर गंभीर आरोप हैं कि उन्होंने पीआइएल से नाम हटाने के एवज में कोलकाता के एक व्यवसायी से एक करोड़ रुपये की रकम मांगी थी। पहली किश्त के रूप में 50 लाख रुपये लेते हुए कोलकाता पुलिस ने उनको गिरफ्तार किया था।

अधिवक्ता राजीव कुमार की गिरफ्तारी के बाद झारखंड में भी खूब बवाल हुआ था। राजीव कुमार को बंगाल पुलिस ने गत 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था और उसने दावा किया था कि उनके पास से 50 लाख रुपये मिले हैं। अधिवक्ता राजीव कुमार पर वहां हेयर स्ट्रीट थाने में व्यवसायी अमित अग्रवाल ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मनी लॉड्रिंग के मामले में अमित अग्रवाल को बाद में इडी ने गिरफ्तार किया और अभी वे जेल में हैं। इडी ने कहा कि कानून की नजर में घूस लेनेवाला और देनेवाला दोनों दोषी हैं।




### एक्शन : चतरा पुलिस पर हमले में हुई कार्रवाई, दारोगा को भी पीटा था

# 49 लोग गिरफ्तार, 200 अज्ञात पर एफआइआर दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** चतरा में पुलिस अधिकारियों पर हुए हमले के बाद बुधवार को एसपी राकेश रंजन घायल जवानों को देखने सदर अस्पताल पहुंचे। मौके पर उन्होंने कहा कि मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना हुई थी, जिसमें ड्यूटी निभा रहे एक पुलिस पदाधिकारी पर हमला किया गया। बचाव में गयी पुलिस फोर्स पर पथराव किया गया। घटना में शामिल लोगों को चिह्नित किया गया है. घटना में शामिल 90 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, वहीं 49 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**क्या है घटनाक्रम**

बताते चलें कि मंगलवार की सुबह पुलिस लाइन-नावाडीह पथ स्थित चंगेर हेरू पुल के पास पिकअप वैन एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया था। इसमें डहुरी गांव के पप्पू भुइयां की मौत हो गयी। वहीं दो अन्य घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर वहां पहुंचे पुलिस पदाधिकारी एएसआइ शशिकांत ठाकुर चालक और पिकअप महिंद्रा को थाना ला रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने उन पर हमला कर दिया। एसआइ का कपड़ा फाड़ दिया और पिटाई कर दी। पुलिस बचाव में लाठीचार्ज किया। पथराव में करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गये। लाठीचार्ज में कई ग्रामीण भी घायल हुए। डहुरी गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस पदाधिकारी और कुछ ग्रामीणों की सूझबूझ के कारण बड़ी घटना होने से बच गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

188100 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+

Watch Time (HR) 11 Lakh+

YouTube Channel

Subscribe NOW

No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 48,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 64,500 रु./प्रति किलो |

## उपचुनाव के सियासी संदेश : कांग्रेस के हाथ खाली, भाजपा की लोकप्रियता बरकरार

# बिहार में अब अकेले भी महागठबंधन से दो-दो हाथ करने को तैयार

**छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे आ चुके हैं। भाजपा ने बिहार में गोपालगंज, यूपी के गोला गोकर्णनाथ, हरियाणा के आदमपुर और ओड़िशा के धामनगर से जीत हासिल की, जबकि महाराष्ट्र की अंधेरी ईस्ट सीट से उद्धव गुट की शिवसेना और तेलंगाना की मुनूगोड़े सीट से भारत राष्ट्र समिति उम्मीदवार की जीत हुई। बिहार की मोकामा सीट से राजद ने जीत दर्ज की। लेकिन इन सात सीटों पर हुआ उपचुनाव क्या संदेश देता है, इस पर ध्यान देना जरूरी है। इस उपचुनाव के नतीजे देश के सियासी परिदृश्य को एक साथ कई संदेश देते हैं। इसमें सबसे प्रमुख संदेश यह है कि भाजपा अब भी लगभग अपराजेय स्थिति में बनी हुई है। कहा जा रहा था कि जदयू के अलग होने के बाद बिहार में भाजपा का असर कम होगा, लेकिन गोपालगंज सीट जीत कर उसने इस भविष्यवाणी को गलत साबित कर दिया है। इसी तरह हरियाणा की आदमपुर और तेलंगाना की मुनूगोडे सीट से कांग्रेस की हार के मायने यह हैं कि पार्टी बड़ी तेजी से अप्रासंगिक होती जा रही है। तेलंगाना में तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने भी कोई कमाल नहीं दिखाया। आदमपुर सीट पर कुलदीप विश्नोई ने साबित कर दिया है कि वह चाहे किसी भी पार्टी में रहें, आदमपुर में उनकी काट किसी के पास नहीं है। इस उपचुनाव के नतीजों का सियासी विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

लोकतंत्र में चुनाव, चाहे छोटा हो या बड़ा, हमेशा से रोमांचक और रोचक रहा है। और भारत में तो चुनाव परिणामों को राजनीति का ही नहीं, शासन की तमाम अवधारणाओं का अंतिम लक्ष्य माना जाता है। अभी छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराये गये, जिनके नतीजे आने के बाद इनके सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। ये नतीजे किसी एक पार्टी के पक्ष में नहीं गये। भाजपा ने चार सीटें जीतीं और प्रादेशिक पार्टियों ने तीन। राजद, भारत राष्ट्र समिति और शिवसेना उद्धव गुट को एक-एक सीट मिली। हालांकि उपचुनाव हमेशा कोई राष्ट्रीय ट्रेंड नहीं बताते हैं, लेकिन नतीजे हर पार्टियों के लिए अहम संदेश जरूर देते हैं। इसलिए यह जानना बेहद दिलचस्प है कि इस उपचुनाव के नतीजे किस दल के लिए क्या संदेश दे रहे हैं। बिना किसी लाग-लपेट और संदेह के यह कहा जा सकता है कि इन नतीजों ने भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और एआइएमआइएम, भारत राष्ट्र समिति और राजद के लिए कुछ न कुछ सबक जरूर छोड़ा है। कुल मिला कर देखें तो उपचुनाव से पहले सात में से तीन पर भाजपा, दो पर कांग्रेस और एक-एक सीट पर राजद और उद्धव ठाकरे गुट की पार्टी का कब्जा था। नतीजों के बाद स्थिति लगभग पहले जैसी है। हरियाणा की आदमपुर सीट पर कांग्रेस का कब्जा था, लेकिन अब वह भाजपा के खाते में चली गयी। वहीं तेलंगाना की मुनूगोड़े सीट पर भी कांग्रेस का कब्जा था, लेकिन अब वहां बीआरएस ने जीत दर्ज की है। यानी उपचुनाव का हासिल यह रहा कि भाजपा तीन से चार, कांग्रेस दो से शून्य, बीआरएस शून्य से एक पर आ गयी, जबकि राजद और शिवसेना अपनी-अपनी सीट बचाने में सफल रही।

> **तेलंगाना में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भी कमाल नहीं दिखा सकी**




### बिहार में पैर जमा रही है भाजपा

सबसे पहले बिहार की बात करते हैं। मोकामा सीट राजद विधायक अनंत कुमार सिंह को अयोग्य ठहराये जाने के बाद खाली हुई थी। इस सीट को उनका इलाका माना जाता है। नतीजों में भी यही दिखा। भाजपा ने ललन सिंह की पत्नी सोनम देवी को मैदान में उतारा था। दूसरी तरफ राजद ने अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी के जरिये जीत हासिल कर ली। लेकिन गोपालगंज में भाजपा की जीत ने साबित कर दिया है कि राज्य में भाजपा मजबूती से पैर जमा रही है। गोपालगंज सीट पर सबसे ज्यादा मुसलमान वोट हैं, मगर यहां माय समीकरण पर दांव लगाने वाला राजद हार गया। हालांकि राजद कह रहा है कि उसके प्रत्याशी हारे नहीं, बल्कि ओवैसी के उम्मीदवार अब्दुल सलाम और लालू प्रसाद के साले साधु यादव की पत्नी इंदिरा यादव ने मिल कर भाजपा को जिता दिया। यहां पहले नंबर पर भाजपा, दूसरे नंबर पर राजद और तीसरे नंबर पर ओवैसी की पार्टी रही। राजद को करीब 1800 वोटों से हार का सामना करना पड़ा, वहीं ओवैसी की पार्टी को करीब 12 हजार और साधु यादव की पत्नी को करीब नौ हजार वोट मिले। नीतीश कुमार से अलग होने के बाद बिहार में भाजपा की राह में कांटों की भविष्यवाणी की जा रही थी। कहा जा रहा था कि भाजपा के लिए अब कोई भी चुनाव जीतना मुश्किल होगा। लेकिन गोपालगंज की जीत ने साबित कर दिया कि पार्टी का यदि जनाधार बढ़ा नहीं है, तो घटा भी नहीं है।

### आदमपुर में भजनलाल परिवार का जलवा कायम

अब हरियाणा की भी बात कर लेते हैं। यहां की आदमपुर विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार भव्य बिश्नोई की जीत हुई, जिसके साथ ही हरियाणा विधानसभा में भजनलाल की तीसरी पीढ़ी ने दस्तक दी है। दरअसल, आदमपुर भजनलाल परिवार का गढ़ रहा है। इसलिए यह जीत भाजपा से ज्यादा भजनलाल परिवार की मानी जा रही है। ऐसा इसलिए भी कह सकते हैं, क्योंकि पहले भी कांग्रेस के टिकट पर कुलदीप विश्नोई इस सीट से विधायक थे, लेकिन वह कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गये। अब उनके बेटे भव्य ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा। यह जरूर हुआ कि इस जीत के साथ ही मनोहर लाल खट्टर का उपचुनावों में हार का सिलसिला टूटा है, क्योंकि इससे पहले उन्हें बरोदा और ऐलनाबाद विधानसभा उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

### यूपी में भगवा जादू बरकरार

यूपी की गोला गोकर्णनाथ सीट की बात करें, तो यहां भाजपा उम्मीदवार अमन गिरि ने एसपी उम्मीदवार विनय तिवारी को हरा दिया। हालांकि यह नतीजा चौंकाने वाला नहीं है। 2012 के बाद से 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ही जीतती रही है, लेकिन हैरान करनेवाला यह है कि आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव हारने के बाद भी सपा ने कोई सीख नहीं ली। अखिलेश यादव पहले की तरह से उपचुनाव से दूर ही खड़े नजर आये। कोई बड़ा चेहरा प्रचार में नहीं दिखा। वहीं भाजपा ने बड़े चेहरों की लाइन लगा दी।

### अंधेरी ईस्ट में दूसरे नंबर पर नोटा

अब चलते हैं महाराष्ट्र। यहां अंधेरी ईस्ट में उद्धव गुट की ऋतुजा लटके को भारी बहुमत मिला। इसकी वजह थी कि भाजपा ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा। जीत के साथ ही एक चौंकाने वाला फैक्ट भी सामने आया। अंधेरी ईस्ट में कुल सात उम्मीदवार थे, लेकिन दूसरे नंबर पर कोई उम्मीदवार नहीं, नोटा था। 12 हजार से ज्यादा लोगों ने नोटा का बटन दबाया। शायद इसके पीछे एक वजह यह रही हो कि भाजपा या शिंदे गुट का वह वोटर, जो ऋतुजा लटके को वोट नहीं करना चाह रहा था, उसने नोटा का विकल्प चुना।

### उपचुनाव के नतीजों के सबक

इस उपचुनाव ने सभी दलों के लिए कुछ न कुछ सबक छोड़ा है। भाजपा को इसने सिखाया है कि वह क्षेत्रीय दलों की ताकत को कम न आंके। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तेलंगाना में मुनूगोड़े विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव है, जिसे बीआरएस ने जीता है। भाजपा ने सोचा कि यह सीट उसकी जेब में है, खासकर पिछले साल हुजूराबाद उपचुनाव और 2020 में दुबक में जीत के बाद। भाजपा का फॉर्मूला हुजूराबाद के समान था, किसी अन्य पार्टी के एक मजबूत नेता को हथियाना, उससे इस्तीफा दिलवाना और फिर उपचुनाव में अपनी ताकत दिखाना। लेकिन मुनूगोड़े में यह फॉर्मूला नकार दिया।

इस उपचुनाव ने कांग्रेस के लिए सबक छोड़ा है कि वह जहां बचा सकती है, मुख्य विपक्षी का तमगा बचाये। इन उपचुनावों में जिन सात सीटों पर मतदान हुआ था, उनमें से कांग्रेस ने चार सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा। जिन लोगों ने चुनाव लड़ा, उनके लिए इसमें एक महत्वपूर्ण सबक था। तेलंगाना में मुनूगोड़े और ओड़िशा के धामनगर दोनों का संदेश है कि कांग्रेस भाजपा के लिए रास्ता दे रही है। मुनूगोड़े में अपनी जमानत नहीं बचा पाना कई कारणों से पार्टी के लिए निराशाजनक है। मुनूगोड़े का परिणाम इसलिए भी कांग्रेस के लिए निराशाजनक है, क्योंकि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा तेलंगाना से होकर गुजर रही थी। हालांकि यात्रा मुनूगोड़े या आसपास के इलाकों से नहीं गुजरी, लेकिन पार्टी को उम्मीद थी कि यात्रा उसे सीट पर कुछ लाभ दे सकती है, लेकिन स्पष्ट रूप से ऐसा नहीं हुआ।

बिहार में महागठबंधन को भी यही सबक लेने की जरूरत है। गोपालगंज की हार, वोट शेयर में वृद्धि के बावजूद यह दर्शाती है कि अकेले जातीय समीकरण जीत की गारंटी नहीं दे सकता। उन्हें गठबंधन के भीतर और अपनी-अपनी पार्टियों में भी मतभेदों को दूर करने की जरूरत है।

---

## बालू माफियाओं के खिलाफ रांची पुलिस की कार्रवाई

# अवैध बालू लदा सात हाइवा जब्त

> **ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पुलिस की टीम ने सात बालू लदा हाइवा को जब्त किया है, दो हाइवा भागने में सफल रहा।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अवैध बालू माफियाओं के खिलाफ रांची पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने सिल्ली थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा सात हाइवा जब्त किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पुलिस की टीम ने सात बालू लदा हाइवा को जब्त किया है, दो हाइवा भागने में सफल रहा। सभी जब्त वाहनों को सिल्ली थाना परिसर में रखा गया है।

### रारो नदी से हो रहा है अवैध रूप से बालू का उठाव

प्राप्त जानकारी के मुताबिक रारो नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है। सूचना मिलने पर एसएसपी ने सिल्ली पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया। सिल्ली थाना और मुरी ओपी की पुलिस ने रारो नदी से अवैध बालू लोड कर आ रहे सभी वाहनों को जब्त कर लिया।

---

## मानवाधिकार आयोग ने एसएसपी से मांगी रिपोर्ट

# आरोपी को बचाया, निर्दोष को जेल भेजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जिले के नगड़ी थाना की पुलिस ने हत्या के एक मामले में नामजद आरोपी को पकड़ कर छोड़ दिया और उसी नाम के एक निर्दोष युवक को जेल भेज दिया था। इस मामले को लेकर ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट अनूप कुमार की शिकायत पर मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मानवाधिकार आयोग ने रांची एसएसपी से इस मामले को लेकर चार सप्ताह में एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि 9 सितंबर 2021 को विमल महतो की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में नगड़ी थाना की पुलिस ने बीते 12 अक्टूबर 2021 को कल्लू उर्फ सूरज सोनी के बदले दूसरे युवक सूरज सोनी और एक अन्य युवक को जेल भेज दिया था। मृतक विमल महतो के भाई ने बीते 6 मई 2022 को कोर्ट में बयान दिया था कि यह बात सही है कि वर्तमान में जेल में बंद सूरज सोनी के खिलाफ पुलिस में आवेदन नहीं दिया था। लेकिन मैंने कल्लू उर्फ सूरज सोनी, जिसके पिता का नाम कार्तिक सोनी है और वह गुमला का रहने वाला है, उसके खिलाफ आवेदन दिया था। मैंने घटनास्थल पर उसी को देखा था। मृतक विमल महतो के भाई ने कहा था कि मेरे लिखित आवेदन पर पुलिस के द्वारा कल्लू उर्फ सूरज सोनी को हाजत में रखा गया था और पांच दिन बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया और उसकी जगह पर दूसरे सूरज सोनी को जेल भेज दिया।

### जानें क्या है मामला

गौरतलब है कि नगड़ी थाना क्षेत्र के नारो महतो टोली के विमल महतो की हत्या कर दी गयी थी.। इस मामले में रांची ग्रामीण एसपी नौशाद आलम और नगड़ी के थाना प्रभारी विनोद राम ने बीते 12 अक्टूबर 2021 प्रेस कांफ्रेंस कर कहा था कि युवक विमल की हत्या तीज पर्व पर शराब पिलाने को लेकर हुए विवाद के बाद की गयी थी। हत्या टेंपो का पहिया खोलने वाले रिंच से वार कर की गयी थी।

---

## बाबूलाल मरांडी की याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई

# दीपिका को जवाब दाखिल करने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में दल-बदल मामले में विधानसभा स्पीकर पर पक्षपात का आरोप लगा कर दाखिल भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान विधायक दीपिका पांडे सिंह को अदालत ने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। मामले में अगली सुनवाई 30 नवंबर को होगी। दीपिका पांडे सिंह ने ही दलबदल मामले में बाबूलाल के खिलाफ स्पीकर को आवेदन दिया था। पिछली सुनवाई को अदालत ने उन्हें इस मामले में प्रतिवादी बनाते हुए नोटिस जारी किया था। उनकी ओर से अधिवक्ता ने अदालत में पक्ष रखा, जिस पर अदालत ने उन्हें जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### स्पीकर ने सुनवाई पूरी करते हुए आदेश सुरक्षित रखा है

बता दें कि स्पीकर ने दल-बदल मामले में सुनवाई पूरी करते हुए अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। बाबूलाल मरांडी का आरोप है कि उन्होंने मामले में गवाहों की सूची न्यायाधिकरण को सौंपी थी, लेकिन उन्होंने बिना इस पर विचार किये ही फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में स्पीकर की ओर से कहा गया है कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। स्पीकर ने अभी इस मामले में अपना फैसला नहीं सुनाया है। ऐसे में प्रार्थी को ऐसा क्यों लगता है कि उनके खिलाफ ही फैसला आयेगा।

### न्यायाधिकरण के फैसले पर रोक की मांग

दीपिका पांडेय सिंह ने विधानसभा स्पीकर के न्यायाधिकरण में दल-बदल मामले में बाबूलाल मरांडी के खिलाफ आवेदन दाखिल किया था। बाबूलाल मरांडी की ओर से एक आइए याचिका दाखिल कर न्यायाधिकरण के फैसले पर रोक लगाने की मांग की गयी।

---

# 15 नवंबर के बाद राज्यव्यापी आंदोलन करेगा झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को कई आंदोलनकारी मोरहाबादी स्थित (रांची) बापू वाटिका के समीप सत्याग्रह पर बैठे। इस दौरान केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि आंदोलनकारियों के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त की जानी चाहिए। साथ ही उनके मान-सम्मान, पहचान, नियोजन, पेंशन सहित 11 सूत्री लंबित मांगों को हेमंत सरकार समर्थन दे। झारखंड आंदोलनकारियों का धैर्य अब खत्म हो रहा है। हेमंत सोरेन सरकार ने आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान में अभी तक गंभीरता नहीं दिखलायी है। इससे झारखंड आंदोलनकारियों में तीव्र आक्रोश है। 15 नवंबर तक झारखंड आंदोलनकारियों के मसले पर अगर राज्य सरकार ने ठोस फैसला नहीं लिया, तो राज्य व्यापी आंदोलन होगा। मौके पर राम लखन महतो, इसरार अहमद, प्रफुल्ल, सिमडेगा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर सेनापति, संयोजक गोपाल रवानी, लाल अजय नाथ शाहदेव, सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो समेत कई अन्य आंदोलनकारियों ने भी बात रखी। सत्याग्रह के उपरांत सीएम, झारखंड को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने 11 सूत्री मांग पत्र भी सौंपा।

### आंदोलनकारियों के लिए विधानसभा से निकले निदान

राजू महतो के मुताबिक झारखंड के आदिवासी, मूलवासी जनता के साथ झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं को कैबिनेट से हेमंत सरकार पास करे। इसके बाद विधानसभा के विशेष सत्र में झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं पर चर्चा हो और उसे वहां से पास किया जाये।


---


# डीजीपी के लिए यूपीएससी को भेजे जायेंगे सात अधिकारियों के नाम

## गृह विभाग विभाग कर रही है तैयारी


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की अगली डीजीपी कौन होगा इसके लिए सात नामों की अनुशंसा संघ लोक सेवा आयोग से की जाएगी। पुलिस मुख्यालय से चार नवंबर को इस संबंध में एक पत्र गृह विभाग को भेजा गया है। गृह विभाग उन अधिकारियों के एसीआर और अन्य दस्तावेजों की छानबीन कर रही है इसके बाद जल्द ही यूपीएससी को नामों की अनुशंसा की जाएगी। यूपीएससी वहां से तीन नाम में सहमति ठीक है। उसे राज्य सरकार को वापस लौटा देगी जिन अधिकारियों के नाम भेजे जाने हैं। उसमें झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी एसएन प्रधान और अजय भटनागर भी है। यह दोनों केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर है। झारखंड में कार्यरत आईपीएस अधिकारी जो डीजी बैंक में है उसमें अजय कुमार सिंह अनिल पाल टा और अनुराग गुप्ता शामिल है दो एडीजीपी रैंक के अधिकारियों के नाम भी भेजे जायेंगे जिसमें प्रशांत सिंह और आरके मल्लिका नाम होगा पुलिस मुख्यालय की ओर से यही अनुशंसा की गई है।











### 11 फरवरी फरवरी को सेवानिवृत्त होंगे नीरज सिन्हा

11 फरवरी 2023 को वर्तमान डीजीपी नीरज सिन्हा सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इनके सेवानिवृत्ति के पहले यूपीएससी की सहमति जरूरी है। इसके बाद ही नए डीजीपी की नियुक्ति सरकार कर सकती है हालांकि प्रभारी डीजीपी सरकार किसी को भी बना सकती है। इसके लिए यूपीएससी की सहमति जरूरी नहीं है डीजीपी नीरज सिन्हा का कार्यकाल अभी करीब 3 महीना बाकी है अपने कार्यकाल के दौरान इन्होंने कई बेहतरीन काम किए हैं बूढ़ा पहाड़ इन्हीं के अगुवाई में नक्सलियों से मुक्त हुआ है इसकी चर्चा देश स्तर पर हो रही है नक्सलियों के खिलाफ कई अन्य सफलताएं भी झारखंड पुलिस को मिली है।

## मुख्यमंत्री ने मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की रखी आधारशिला

# परियोजना में ना कोई विस्थापन होगा, ना ही कोई गांव डूबेगा : हेमंत

**योजना के तहत मसलिया-रानीश्वर प्रखंड के 276 गांवों की 22383 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से पटवन की मिलेगी सुविधा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना सिंचाई के लिहाज से बेहद खास है। यह झारखंड की पहली ऐसी सिंचाई योजना है, जिसमे ना कोई विस्थापन होगा और ना ही कोई डूब क्षेत्र होगा। भूमिगत पाइपलाइन के जरिए 22383 हेक्टेयर खेत मे पटवन का पानी पहुंचेगा और फसलें लहलहायेंगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को मसलिया -रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी योजना का भूमि पूजन करने के साथ इसके मॉडल का अवलोकन भी किया।

### पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना बनेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मसलिया-रानीश्वर सिंचाई कमांड एरिया को टूरिस्ट हब के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके लिए योजना बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के मौके मिलेंगे। वहीं, इस इलाके को पर्यटन के लिहाज से अलग पहचान भी मिलेगी।

### मसानजोर डैम से अपेक्षित फायदा नहीं मिला

मुख्यमंत्री ने कहा कि मसानजोर डैम से दुमका को अपेक्षित फायदा नहीं मिल सका। इस डैम के निर्माण के दौरान यहां के कई गांव डूब क्षेत्र में आ गये। लोगों को यहां से विस्थापित होना पड़ा, लेकिन उसके एवज में सिंचाई एवं अन्य कार्यों के लिए इस इलाके को जो फायदा मिलना चाहिए था, वह आज तक नहीं मिला। इसका फायदा पड़ोसी राज्य उठा रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना को जमीन पर उतारने का संकल्प लिया है।

### आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यकों को बना रहे सशक्त

हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ काम कर रही है। राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और उपेक्षित वर्ग को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा, रोजगार और आजीविका समेत कई क्षेत्रों में कई कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ देकर इन वर्गों के लोगों को सशक्त स्वावलंबी और आगे बढ़ने के मौके मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'आपकी योजना- आपकी सरकार -आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी आपके घर-गांव पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। वे पूरे मान-सम्मान के साथ आपको आपका हक और अधिकार दे रहे हैं। इस योजना की सफलता का आकलन इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले वर्ष इस कार्यक्रम के तहत मिले 35 लाख से ज्यादा आवेदनों का लगभग निष्पादन हो चुका है। वहीं, इस वर्ष इस कार्यक्रम में अबतक 39 लाख से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं। इनके निपटारे की प्रक्रिया पूरे जोर-शोर से चल रही है। इस योजना को लेकर पूरे झारखंड में हर्ष और उल्लास का वातावरण देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता, विधायक स्टीफन मरांडी, नलिन सोरेन, सीता सोरेन, बसंत सोरेन और दिनेश विलियम मरांडी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

- 1313.25 करोड़ रुपये खर्च होंगे, निर्माण कार्य 3 वर्ष में होगा पूरा
- मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के तहत भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इस योजना पर 1313.25 करोड़ रुपये खर्च होंगे जबकि निर्माण कार्य तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है।
- दुमका जिले के मसलिया प्रखंड के 204 और रानीश्वर प्रखंड के 72 समेत कुल 276 गांव इस योजना से लाभान्वित होंगे।
- इस परियोजना के चालू होने से 22,383 हेक्टेयर कृषि भूमि में पटवन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें मसलिया प्रखंड की 17066 हेक्टेयर और रानीश्वर प्रखंड की 5217 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि शामिल है।
- धान के अतिरिक्त दलहन और तिलहन के साथ रागी, ज्वार -मक्का जैसे फसलों की खेती के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।
- सिद्धेश्वरी नदी पर मुरगुनी गांव के पास एक बराज भी बनेगा। ताकि, पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई योग्य भूमि में पटवन के लिए हमेशा पानी उपलब्ध रहे।
- अगर कभी भारी वर्षा हो और खेतों को उतनी पानी की जरूरत नहीं है तो उस पानी को अगल-बगल के जलाशयों में डाइवर्ट कर भरा जायेगा, ताकि उसका अन्य कार्यों में इस्तेमाल हो सके।

## आनेवाली पीढ़ी को मजबूत करना लक्ष्य: सीएम

**मुख्यमंत्री पाकुड़ में 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल**

**566 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास**

**खुशहाल बचपन कार्यक्रम के तहत 51 आंगनबाड़ी केंद्रों का हुआ शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि पिछली बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य फोकस बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा एवं एकल महिलाओं को पेंशन से जोड़ना था। वहीं इस बार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को मजबूत करना है। इसी के तहत सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से 9 लाख बच्चियों को आच्छादित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ऐसी योजनायें बना रही है, जिससे राज्य के होनहार बच्चे उच्चतर शिक्षा एवं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क कर सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सारथी, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जैसी योजनाओं से भी उन्हें लाभान्वित कराने की योजना बनायी जा रही है। वैसे बच्चे जो बड़े कॉलेजों में दाखिला प्राप्त कर लेते हैं, उन्हें 15 लाख तक की सहायता राशि सरकार उपलब्ध करायेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को पाकुड़ में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### योजनाओं का हुआ शिलान्यास एवं उद्घाटन हुआ

कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाये गये थे, जहां पदाधिकारियों द्वारा लोगों को जनकल्याकारी योजनओं से लाभान्वित कराया गया। जिला प्रशासन द्वारा यहां के स्थानीय कलाकार विनय घोष द्वारा बनायी गयी मुख्यमंत्री एवं उनकी पत्नी की पेंटिंग से मुख्यमंत्री को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कुल 545.074 करोड़ रुपये लागत की 27 योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं 21.003 करोड़ रुपये की 42 योजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वार कुल 53,946 लाभुकों के बीच 158.355 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कर्यक्रम में संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री श्रम, रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सत्यानंद भोक्ता, सदस्य झारखंड विधानसभा-सह-कार्यकारी अध्यक्ष 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति झारखंड स्टीफन मरांडी, सांसद विजय हांसदा, विधायक लिट्टीपाड़ा दिनेश विलियम मरांडी समेत अन्य लगो मौजूद थे।


भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha, India
PHONE: 0671-2367768-783, FAX: 0671-2367663,
E-mail: crrictc@nic.in

ADVERTISEMENT NO. 31/SRF/2022-23

Walk-in-Interview is to be held on 22.11.2022 for selection of one **(01)Senior Research Fellow (SRF)** at ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack-6 in the **"Allele mining for the epigenetic regulator NGR5 and other yield-associated gene (GRF4) and their modulation using multiple genomic and molecular approaches to enhance rice yield under low nitrogen conditions" (EAP-374)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**

PRINCIPAL INVESTIGATOR


# व्यवसायी विष्णु अग्रवाल से इडी ने की लंबी पूछताछ

**सेना की जमीन की खरीद-बिक्री मामले में कई सवाल पूछे**

**रियल इस्टेट से संबंधित कारोबार को लेकर भी दागे सवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को चर्चित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ की। हिनू एयरपोर्ट रोड स्थित इडी कार्यालय में हुई यह पूछताछ कई घंटे तक चली। जानकारी के अनुसार विष्णु अग्रवाल सुबह 11 बजे के करीब इडी कार्यालय पहुंचे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इडी की टीम ने उनसे बरियातू स्थित सेना की 4.55 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में विस्तार से पूछताछ की। इसके अलावा इडी की छापामारी में बरामद रियल इस्टेट कारोबार से संबंधित दस्तावेजों के बारे में कई सवाल उनसे पूछे गये। इडी की टीम ने उनसे यह जानने की कोशिश की कि उन्होंने कहां-कहां और कितना निवेश कर रखा है। उस निवेश का स्रोत क्या है और उन्होंने कहां कितनी जमीन खरीदी है।

बता दें कि इडी ने बरियातू स्थित सेना की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री के सिलसिले में पिछले सप्ताह विष्णु अग्रवाल के साथ कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल के यहां छापामारी की थी। इडी को शक है कि इन दोनों ने बड़े नेताओं-नौकरशाहों के काले धन को सफेद बनाने के लिए जमीन की खरीद-बिक्री में भी निवेश किया है। यही वजह है कि इडी ने अब रांची में जमीन की खरीद-बिक्री के कई बड़े मामलों को मनी लॉड्रिंग के नजरिये से अनुसंधान के अधीन रखा है। सेना के कब्जे वाली जमीन का मामला भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है। रांची में भारी पैमाने पर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में भी इडी इन दोनों की भूमिका की जांच कर रही है।

### क्या है बरियातू सेना जमीन घोटाला

रांची के बरियातू में सेना की 4.55 एकड़ जमीन को फर्जी दस्तावेजों के सहारे हड़पने का प्रयास किया गया। कहा जा रहा है कि इडी की इस कार्रवाई से कई और अहम सुराग हाथ लग सकते हैं और भ्रष्टाचार के कुछ नये राज का पर्दाफाश हो सकता है।

# हेमंत सोरेन को हटाना है और झारखंड को बचाना है : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के विधायक दल के विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जो परिवार सिर्फ पैसे के लिए राजनीति करता है, जो परिवार पैसे के लिए पार्टी बनाती है वैसे राजनीतिक पार्टियों को झारखंड से हटाना है तभी जाकर झारखंड एक विकसित राज्य बन सकता है। आज झारखंड में जिन दलों का शासन है वे तीनों ही दल एक पारिवारिक पार्टी हैं। इसलिए आज झारखंड के कोने-कोने में भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है। बाबूलाल मरांडी बुधवार को गिरिडीह जिला के पीरटांड़ प्रखंड में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन सभा को संबोधित कर रहे थे। मरांडी ने आक्रोश प्रदर्शन में शामिल लोगों से आह्वान किया कि हेमंत सोरेन को हटाना है और झारखंड को बचाना है। मरांडी ने कहा कि आज राज्य में सरकार के संरक्षण में कोयला, बालू, पत्थर सहित अन्य खनिज पदार्थों की लूट मची हुई है। अवैध खनन करके बाहर के राज्यों में भेजा जा रहा है। जब केंद्रीय जांच एजेंसी भ्रष्टाचार की जांच कर रही है तो उन्हें परेशानी हो रही है। दोष देते है कि भाजपा मेरे पीछे पड़ी है। आज हेमंत सोरेन जी के साथ जो कुछ भी हो रहा है उसके लिए पूरी तरह से हेमंत सोरेन स्वयं जिम्मेदार है।

### राज्य सरकार 1932 से सिर्फ लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही

श्री मरांडी ने कहा कि आज हेमंत सोरेन भी 1932 की बात कर रहे है लेकिन अदालत ने किन कारणों से मेरे समय की स्थानीय नीति को खारिज किया था उन बिंदुओं का समाधान किये बिना ही उसे लागू करने की बात कह रहे है, जो संभव नहीं है। वास्तव में राज्य की सरकार 1932 लागू करना ही नही चाहती है सिर्फ लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### पिछले तीन साल से राज्य में विकास का काम ठप्प है

श्री मरांडी ने राज्य सरकार पर विकास के कार्यों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज राज्य हेमंत सोरेन की सरकार 2019 से है लेकिन इन तीन साल से विकास के काम ठप है। राज्य को केंद्र सरकार की जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं मिलती है राज्य सरकार उसपर लापरवाही बरतती है। श्री मरांडी ने आक्रोश प्रदर्शन में शामिल जनता से आह्वान करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को हटाना है और झारखंड को बचाना है।


## झारखंड विधान सभा सचिवालय

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि अनिश्चितकाल के लिए स्थगित पंचम झारखंड विधान सभा का नवम् (मानसून) सत्र दिनांक- 11/11/2022 को आहूत की गयी है। सत्र में झारखंड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के ब्राह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है पत्रकार बंधुओं से आग्रह है कि कोविड पूर्ण टीकाकरण प्रमाण पत्र के साथ विधान सभा परिसर में आयेंगें।

ह./-
प्रभारी सचिव
झारखंड विधान सभा, रांची

ज्ञाप संख्या :- जनसम्पर्क- 04/2022-2745/ वि. स., रांची, दिनांक : 09/11/2022


## एक्शन : तमाड़ के बीडीओ ने कहा, स्थापना दिवस के बाद अधिकारी गांव में पहुंचेंगे

# अधिकारियों ने लिया संज्ञान, 15 नवंबर को गोमिया कोचा कुरुचुडीह में कैंप लगा कर होगा समस्याओं का समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** आजाद सिपाही में 9 नवंबर को **रांची का एक गांव, जहां रहता है 25 घर मुंडा परिवार, पर नहीं है किसी के पास खतियान** नामक शीर्षक से छपी विशेष खबर पर अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। तमाड़ बीडीओ गिरजा शंकर महतो ने इस खबर को संज्ञान में लेते हुए कहा है कि कुरुचुडीह और गोमिया कोचा के लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी मिली है। राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर के बाद समस्याओं के समाधान के लिए कुरुचुडीह और गोमिया कोचा में कैंप लगाया जायेगा। वहां के सभी परिवारों को एक-एक कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा।



रिपोर्ताज | आजाद सिपाही | 02

**रांची का एक गांव, जहां रहता है 25 घर मुंडा परिवार, पर नहीं है किसी के पास खतियान**

■ नहीं बन रहा आदिवासी परिवार के लोगों का जाति और आवासीय प्रमाण पत्र ■ गांव में नहीं मिलती किसी को वृद्धा और विधवा पेंशन ■ बगल का एक और गांव, जहां 70 परिवार में सिर्फ एक को सरकारी नौकरी ■ गांव के किसी बच्चे का कस्तूरबा, एकलव्य या अन्य आवासीय विद्यालय में एडमिशन नहीं ■ कस्तूरबा में एडमिशन के लिए दलाल ने ठग लिये 15-15 हजार रुपये, नहीं निकला सूची में नाम ■ आबादी लगभग 350, सिर्फ एक बच्चा संजय मुंडा है बीए पास ■ गांव में है एक प्राइमरी स्कूल, जाते हैं 30 बच्चे, खिचड़ी खाकर लौट आते हैं, शिक्षा विभाग का कोई अफसर आज तक नहीं पहुंचा गांव ■ हाइस्कूल में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है 20 किलोमीटर दूर, वह भी साइकिल से ■ बीए की पढ़ाई के लिए आना पड़ेगा बुंडू वाया तमाड़, 40 किलोमीटर दूर ■ सुबह और शाम सिर्फ एक बस चलती है, किराया लगता है एक तरफ से 40 रुपये ■ टेंपो से आये, तो चुकाना होगा एक तरफ से सौ रुपये, शाम को लौट पायेंगे कि नहीं, पता नहीं ■ विधायक बनने से पहले सिर्फ एक बार आये थे विकास सिंह मुंडा, उसके बाद दर्शन नहीं हुए ■ गांव के लोगों ने नहीं देखा है सांसद अर्जुन मुंडा का चेहरा ■ डॉ रामदयाल मुंडा जब राज्यसभा सांसद बने थे, तो सांसद फंड से बनायी थी सड़क, उसके बाद मरम्मत नहीं, हो गयी है जर्जर ■ बरसात के दिनों में अपने घरों में कैद हो जाते हैं ग्रामवासी, नहीं है कोई सुध लेनेवाला ■ शाम छह बजे के बाद गांव का कोई व्यक्ति अपने घर से बाहर नहीं निकलता ■ हाथी कब अपनी सूंड़ में लपेट लेगा, कहा नहीं जा सकता ■ हाथी के डर से गांववाले नहीं लगा रहे मकई, अरहर और आलू की फसल ■ सिर्फ धान की फसल बोते हैं, वह घर में आयेगा कि नहीं, यह हाथियों की दया पर निर्भर ■ डर से रात में नींद नहीं आती, हाथी ढाह देता है घर, महंगी-महंगी गाड़ियों में आते हैं वन विभाग के अफसर, मुआवजा मिलता है सिर्फ 1800 रुपये ■ बिजली के खंभे तो हैं, लेकिन वह आयेगी कब, पता नहीं, हर समय अंधेरा का बसेरा ■ नहीं है कोई स्वास्थ्य केंद्र, इलाज के लिए जाना पड़ता है ओझा-गुनी के पास ■ झोलाछाप डॉक्टर कर रहे हैं गांववालों का शोषण, चाकू-छुरी से करते हैं ऑपरेशन ■ आज तक गांव में सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं के दर्शन तक नहीं हुए ■ गांव की महिलाएं करवाती हैं प्रसव, तड़प-तड़प कर बच्चा जनना महिलाओं की बन गयी है नियति ■ गांव के लोगों को नहीं पता, सरकार उनके कल्याण के लिए क्या-क्या योजनाएं चला रही है ■ परिवार में पांच से छह सदस्य, लेकिन सरकारी राशन मिलता है सिर्फ एक सदस्य को।

आजाद सिपाही गांव-देहात से
हरिनारायण सिंह

विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन जिन्हें नहीं मिलती है, उन्हें तत्काल दिया जायेगा। राशन कार्ड में जिनका भी नाम छूटा है, उसको तत्काल जोड़ा जायेगा। वहां के सरकारी विद्यालय और आंगनबाड़ी को दुरुस्त किया जायेगा वहां के लोगों के ग्राम प्रधान द्वारा हस्ताक्षर युक्त आवेदन को स्वीकार कर जाति प्रमाण पत्र और खतियान वगैरह बनाने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। जाएगी गांव के अंदर की सड़क वगैरह दुरुस्त किया जाएगा बीडीओ ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जाकर वहां की समस्याओं का निराकरण करेंगे। जो बच्चे-बच्चियां योग्य होंगे और मानक को पूरा करेंगे, उन बच्चों का कस्तूरबा गांधी विद्यालय और बालिका विद्यालय में एडमिशन कराया जायेगा। सरकारी नर्स और डॉक्टरों की सेवा की व्यवस्था की जायेगी। उनसे कहा जायेगा कि उक्त गांव में जाकर चिकित्सा उपलब्ध करायें। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छूटे लोगों को उसका लाभ दिया जायेगा। **इधर सांसद प्रतिनिधि** लछमन सिंह मुंडा ने कहा कि वहां की समस्या के लिए बीडीओ से बातचीत हो गयी है सांसद अर्जुन मुंडा को भी इन समस्याओं से अवगत करा दिया गया है। उक्त गांव का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है, कुछ दिनों में उसका असर दिखने लगेगा।

## गांववाले समस्या बतायें, समाधान होगा: विकास मुंडा



**रांची (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही में 9 नवंबर को पेज दो पर छपी विशेष खबरः रांची का एक गांव, जहां रहता है 25 घर मुंडा परिवार, पर नहीं है किसी के पास खतियान। इस खबर के माध्यम से आजाद सिपाही ने रांची जिला के तमाड़ प्रखंड के गांव गोमिया कोचा और कुरुचुडीह की जमीनी समस्या और उससे जूझते ग्रामीणों की बातों को सामने रखा था। उस पर तमाड़ के विधायक विकास सिंह मुंडा ने ट्वीट के माध्यम से अपना रिएक्शन दिया है। विधायक विकास सिंह मुंडा ने ट्वीट कर लिखा है कि सर्वप्रथम संबंधित गांव में बिजली उपलब्ध है। सरकार के द्वारा सारी पेंशन एवं राशन के लिए आये आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा है। अगर आवेदन कार्यालय में लंबित है, तो मुझे उपलब्ध कराया जाये, मैं निष्पादन करवाऊंगा। अगर ग्रामीणों को किसी भी सरकारी कार्यालय में समस्या होती है, तो मुझे सूचित करें। हालांकि रिपोर्ट में भी यह लिखा गया है कि कुरुचुडीह में बिजली का कनेक्शन तो है, लेकिन बिजली जरूरत के हिसाब से नहीं मिलती। आना-जाना लगा रहता है।


## AFFIDAVIT

As per affidavit Ref. No. 04 date 19.10.2022 I, BIGAN YADAV S/o Ramlal Yadav resident of Villege-Shanti P.O. Murpa P.S. Balumath Distt. Latehar (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That my son's Actual and correct name is DHIREN YADAV which is mentioned in Birth Corticate of my son bearing Registration No. B-2022:20-02690-000003 and issue date is 09-03-2022.
2. That in Aadhar Card No. 9317 3357 2409 my son's name is wrongly mentioned as AMIT KUMAR.
3. That this affidavit is required for correction of my son's name is Aadhar card No. 9317 3357 2409 DHIREN YADAV in place of AMIT KUMAR form authority concern.

## दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

**ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-एस10-एआरसी-यूएफएसबीआई-डीईएलटी, दिनांक 07.11.2022;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** राँची मंडल के स्थापित डेल्ट्रॉन निर्मित यूनिवर्सल फेलसेफ ब्लॉक इंटरफेस (यूएफएसबीआई) का ओईएम अथवा ओईएम के अधिकृत डीलर द्वारा 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए वार्षिक मरम्मत अनुबंध (एआरसी)। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 65,55,580.80; **ईएमडी:** रु. 1,31,100; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.11.2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 16.11.2022; **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौरा:** कार्य निविदा के लिए **www.ireps.gov.in**। (PR-763)

**ई-निविदा सूचना सं.: एम-24-सीओएमपी-कंट्रैक्ट-एचटीई-12, दिनांक: 07.11.2022;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** तीन वर्षों की अवधि के लिए हटिया (एचटीई) एवं न्यू दिल्ली (एनडीएलएस) अथवा इस्लामपुर (आईपीआर) अथवा पटना (पीएनबीई) में आरक्षित कोचों में ऑनबोर्ड कोच की सफाई, एसी कोचों में लीनेन का वितरण, लीनेन की लोडिंग तथा अनलोडिंग तथा ट्रेन सं. 18624-20801-20802-18623 (हटिया-इस्लामपुर-नई दिल्ली तथा वापसी यात्रा) की रेक लिंक के लिए प्रतिदिन 3000 पैकेट लीनेनों की धुलाई। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** रु. 16,71,11,126.15; **बयाना राशि:** रु. 9,85,600; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 29.11.2022 को अपराह्न 03.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं ब्यौरा : www.ireps.gov.in.** (PR-769)

## दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

**निविदा सूचना सं.: आईएच225637, दिनांक: 07.11.2022,** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, रांची मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे, कार्यालय-डीआरएम बिल्डिंग, हटिया, रांची-834003 द्वारा ई-खरीददारी प्रणाली के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निम्नानुसार अपलोड कर दिया गया है। सभी निविदाएं अपराह्न 2.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **निविदा सं.:** आईएच225637, **खुलने की नियत तारीख:** 29.11.2022 को अपराह्न 2.00 बजे। **मद का विवरण एवं मात्रा:** 33 केवी विद्युत आपूर्ति को फीड करने के लिए आईएस 7098/पार्ट-II अथवा नवीनतम के अनुसार स्ट्रैंडेड कम्पैक्ट सर्कुलर अल्युमीनियम कंडक्टर, कंडक्टर स्क्रीन के साथ एक्सट्रूडेड सेमी कंडक्टिंग कम्पाउंड, 3 कोर 400 वर्ग मिमी एक्सएलपीई अल्युमीनियम केबल (आर्मर्ड), स्क्रीनिंग सहित कॉपर टेप के साथ संयोजन में एक्सट्रूडेट सेमी कंडक्टिंग कम्पाउंड, कोर्स लेड अप, पीवीसी टेप का भीतरी आवरण, गल्वनाइज्ड फ्लैट स्टील स्ट्रिप आर्मर्ड तथा सम्पूर्ण पीवीसी शीथेड केबल, **मात्रा:** 800 मीटर। **बयाना राशि:** रु. 67,330/-। इच्छुक निविदादातागण निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण रु. 25 लाख तक की अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-764)

# स्मार्ट सिटी

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel



## हर क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए : स्पीकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के विधायी शोध संदर्भ एवं प्रशिक्षण कोषांग द्वारा आयोजित होने वाली द्वितीय छात्र संसद 2022 के निमित्त राज्यभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं को वेबीनार के माध्यम से संबोधित कर उनकी हौसला अफजायी भी की। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है हर क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। वेबीनार में पीआरएस लेजिसलेटिव के हेड चक्षु राय एवं विभिन्न विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी वर्चुअली मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के माध्यम से कुल 111 छात्र एवं छात्राओं का चयन किया गया है। जिन का अगला परीक्षण 12 नवंबर 2022 को चार पैनलों के जजों के माध्यम से की जायेगा। प्रत्येक पैनल में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े चार जज होंगे। चार पैनलों के जजों के माध्यम से अंतिम 24 छात्र-छात्राओं का चयन 23 एवं 24 नवंबर को होने वाली द्वितीय छात्र संसद 2022 के लिए होगा। इस वेबीनार के कोआर्डिनेशन रवि कुमार, अवर सचिव झारखंड विधानसभा कर रहे थे एवं प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा सैयद जावेद हैदर मौजूद थे।

### सरयू राय की अपील

## भ्रष्टाचारियों के फैलाये भ्रम जाल में न फंसे मीडिया

**रघुवर के करीबी चौधरी और प्रेम प्रकाश के एजेंट ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की झूठी खबर फैलायी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक सरयू राय ने कहा है कि उन्हें बदनाम करने के लिए उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की झूठी खबरें फैलायी गयी हैं। दो दिन पहले यह खबर मीडिया में आयी कि एसीबी ने सरयू राय पर लगे चार आरोपों को लेकर निगरानी विभाग से पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी है। इसके बाद तथ्यों की पड़ताल किये बिना कई अखबारों और पोर्टलों ने यह खबर प्रसारित कर दी। सरयू ने कहा कि जब उन्होंने छानबीन की, तो पता चला कि निगरानी विभाग में बड़ा बाबू रहे एक शख्स और प्रेम प्रकाश के एजेंट ने यह झूठी खबर फैलायी है। इसलिए मीडिया कुछ लोगों के फैलाये गये भ्रम का शिकार ना बने।

**आरोप पत्र में सरकारी फाइलों की फोटो कॉपियां दीं**

उन्होंने कहा कि जिन अहंकारी ताकतों को जमशेदपुर की जनता ने पिछले चुनाव में धूल चटा दिया, उन्होंने टेल्को के किसी जी कुमार से वही आरोप निगरानी विभाग सहित दर्जनों जगहों पर भिजवाया, जिसे वे जुलाई 2021 में राज्यपाल से मिल कर दे चुके थे। निगरानी विभाग ने ये आरोप एसीबी के पास भेज दिया। एसीबी ने गोपनीय जांच में जी कुमार को बुला कर पूछा, तो उन्होंने मेरे विरुद्ध दिये गये आरोप पत्र में सरकारी फाइलों की फोटो कॉपियां दीं।

**गोपनीय नहीं खुली जांच करनी होगी**

इस पर एसीबी ने निगरानी विभाग को यही लिखा है कि जी कुमार ने फाइलों के जिन पन्नों की फोटो कॉपियां दी हैं, उनका मिलान मूल फाइलों से करने के लिए गोपनीय नहीं, बल्कि खुली जांच करनी होगी और संबंधित विभागों में निगरानी विभाग का आदेश लेकर जाना होगा। इसके लिए पीइ करना होगा। यदि निगरानी विभाग चाहता है, तो पीइ दर्ज करने की अनुमति दे सकता है।

**रघुवर दास के करीबी चौधरी ने तिल का ताड़ बना दिया**

सरयू ने कहा कि एसीबी और निगरानी विभाग के बीच हुए इसी पत्राचार को मंत्रिमंडल निगरानी विभाग में बड़ा बाबू रह चुके रघुवर दास के करीबी चौधरी ने तिल का ताड़ बना दिया और उनपर भ्रष्टाचार बम फोड़ दिया। मीडिया के सामने मसालेदार, चटपटी खबर बनाकर पेश कर दिया। इनके झांसे में आकर मीडिया ने इसे प्रमुखता से प्रसारित किया और हेडलाइन दिया कि सरयू राय की मुश्किलें बढ़ीं।

## भाजपा ने 31 प्रखंडों में चलाया हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ कार्यक्रम

**34 हजार से अधिक कार्यकर्ता हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा की ओर से बुधवार को राज्य के 19 जिलों में हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ कार्यक्रम चलाया गया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बुधवार को पार्टी के हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ कार्यक्रम के तहत 19 जिलों के 31 प्रखंडों में कार्यक्रम चला। इसमें 34 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, विधायक ढुल्लू महतो, पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी समेत कई प्रमुख नेताओं ने राज्य में अलग-अलग जगहों पर इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि राज्य में हर ओर फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ अब जनता के बीच से भी आवाज उठने लगी है। राज्य भर में सड़कों की स्थिति खराब है, पर सरकार रां.ची और इसके आसपास की ठीकठाक सड़कों को ही फिर से बनवा रही है। इससे भ्रष्टाचार के प्रमाण प्रत्यक्ष तौर पर सामने आ रहे हैं। 10 नवंबर को पार्टी की ओर से 53 स्थानों पर विरोध कार्यक्रम चलाया जायेगा।

## चोर गिरफ्तार, 12 से अधिक घरों में अकेले चोरी की थी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने चोरी के 12 से अधिक मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने घटना को अंजाम देनेवाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। अपराधी का नाम रवि शर्मा उर्फ सुडू शर्मा है, जो मूल रूप से उत्तरप्रदेश का रहनेवाला है। फिलहाल रांची के चुटिया थाना क्षेत्र के द्वारिकापुरी रोड नंबर 8 में वह राजाराम के मकान के किराये में रह रहा था।

**कई चोरी की घटनाओं को दिया अंजाम**

एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से चोरी के कुछ सोने के आभूषण और चांदी का बर्तन भी बरामद हुआ है। अपराधी ने पूछताछ के दौरान दर्जन भर कांडों में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है। अपराधी ने बताया कि विगत करीब तीन वर्षों से कई बंद घरों में घुस कर आभूषण और अन्य कीमती सामानों की चोरी करता था। युवक की निशानदेही पर उसके द्वारिकापुरी स्थित किराये के घर से भारी मात्रा में चोरी के आभूषण (सोना, चांदी एंव हीरा का), चांदी और पीतल/कांसा के बर्तन, सिक्का, दर्जनों मोबाइल, एलइडी, नगदी तथा अन्य कीमती सामान बरामद हुआ है। साथ ही चोरी के समय प्रयोग में आनेवाला औजार, ग्लब्स, मास्क भी बरामद हुआ है।

**अकेले ही देता था चोरी की घटनाओं को अंजाम**

गिरफ्तार अपराधी ने पुलिस को बताया कि वह सारे घटनाओं को अकेले ही अंजाम देता था। अपराधी के खिलाफ 7-8 वर्ष पूर्व भी चोरी का केस दर्ज है। युवक दिन में रेकी कर रात्रि में बंद पड़े घरों में चोरी की घटना को अंजाम देता था।

## वैश्य आंदोलनकारियों को सम्मान देने की मांग की

**वैश्य मोर्चा ने राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, अन्य मंत्रियों और विपक्षी नेताओं को मांग-पत्र सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा बुधवार को राज्यपाल रमेश बैस, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, आजसू विधायक दल के नेता सुदेश महतो और भाजपा विधायक दल के सचेतक विरंची नारायण को तीन सूत्री मांग-पत्र सौंपा गया।

मांग-पत्र में कहा गया है कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में वैश्य समाज के लोगों का भी योगदान रहा है। कई लोग शहीद हुए और हजारों लोग जेल गये, पुलिसिया जुल्म का शिकार हुए तथा आज भी केस का सामना कर रहे हैं। आर्थिक रूप से भी मदद करके आंदोलन को आगे बढ़ाया। लेकिन इनके संघर्ष और कुर्बानियों को दरकिनार करने का प्रयास किया गया है। यह सरासर अन्याय है। वैश्य मोर्चा ने मांग की है कि झारखंड आंदोलन में अहम योगदान देने वाले पूर्व मंत्री स्व. पूरनचंद, डॉ. वीपी केशरी एवं शहीद मणींद्रनाथ मंडल की आदमकद प्रतिमा विधानसभा परिसर में लगाया जाये। वैश्य झारखंड आंदोलनकारियों को मान-सम्मान दिलाने के लिए नये सिरे से सर्वेक्षण करा वैश्य आंदोलनकारियों की सूची बनायी जाये और उनके हितों की रक्षा एवं समस्याओं के निराकरण के लिए वैश्य आयोग का गठन किया जाये। मांग-पत्र केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता व सेमिनार के संयोजक योगेंद्र प्रसाद, झारखंड आंदोलनकारी हीरानाथ साहु और अश्विनी कुमार साहू की ओर से दिया गया है।

## कांटाटोली में डायवर्सन बना परेशानी का सबब



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में दिन प्रतिदिन ट्रैफिक की समस्या बढ़ती जा रही है। शहर वासियों को जाम से छुटकारा दिलाने के लिए एक बार फिर से अधूरे कांटाटोली फ्लाइओवर निर्माण का कार्य किया जा रहा है, लेकिन फ्लाइओवर बनने से पहले जो डायवर्सन बनना जरूरी था, उस पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। इसलिए डायवर्सन लोगों के लिए राहत नहीं मुसीबत का सबब बन गया है। अधिकारियों के अनुसार यह स्थिति दिसंबर तक यूं ही बनी रहेगी।

मालूम हो कि कांटाटोली फ्लाइओवर बनाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया था। इस कार्य को एक बार फिर शुरू किया गया और सरकार के निर्णय को धरातल पर उतारने के लिए फ्लाइओवर का कार्य शुरू कर दिया गया। फ्लाइओवर निर्माण का प्रस्ताव 2016 में आया था। वहीं फ्लाइओवर के निर्माण कार्य की शुरुआत 40 करोड़ से हुई थी और अब इसका कुल खर्चा 224 करोड़ तक पहुंच गया है। उसके बाबजूद अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। इस डायवर्सन पर चलते हुए लोग हिचकोले खाते चलने को मजबूर हैं। इन सड़कों पर चलनेवालों का जरा भी ध्यान भटका तो हादसा होना तय है। लोगों का कहना है कि किसी भी फ्लाइओवर को बनाने से पहले उसके डायवर्सन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं है, जिस वजह से गाड़ियां भी खराब हो रही हैं, वहीं ट्रैफिक जाम के कारण गाड़ियां भी रेंग रही हैं।

## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापेमारी, हाथ कुछ नहीं आया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार में बुधवार की अहले सुबह डीसी राहुल सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल के नेतृत्व में रूटीन छापेमारी की गयी। जेल में छापेमारी की सूचना के बाद कैदियों के बीच हड़कंप मच गया। करीब तीन घंटे तक पुलिस ने जेल में बंद एक-एक कैदी की गहन तलाशी ली। इस दौरान पुलिस को कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

जेल के अंदर करीब तीन घंटे तक सुरक्षाकर्मियों ने एक-एक करके सभी वार्ड को खंगाला। इस दौरान कैदियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हालांकि इस छापेमारी के दौरान किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। छापेमारी अभियान में डीसी और एसएसपी के अलावा सिटी एसपी, सिटी डीएसपी, सदर डीएसपी समेत कई डीएसपी और थानेदार शामिल थे।

### प्रतिभागी युवक-युवतियों ने सौंदर्य, प्रतिभा और व्यक्तित्व का परिचय दिया

## फैशन शो में आदित्य, शाहिद आलम और समीक्षा का दिखा जलवा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीएसएम इवेंट्स के तत्वावधान में रांची के होटल ब्लू शिवालिक में आयोजित फैशन शो में प्रतिभागी युवक-युवतियों ने सौंदर्य, प्रतिभा और व्यक्तित्व का परिचय दिया। निर्णायकों की ओर से विभिन्न विंदुओं पर अंक निर्धारण करते हुए मिस्टर, मिस ग्लैमर सहित अन्य विजेताओं की घोषणा की गयी। इस प्रतियोगिता में पुरुष मॉडल में विजेता आदित्य कुमार रहे। इसमें शाहिद आलम ने अपने परफारमेंस से लोगों का दिल जीत लिया और प्रथम रनरअप रहे, जबकि द्वितीय रनरअप मो असफहान को चुना गया। वहीं महिला वर्ग में महिला मॉडल विजेता समीक्षा भारद्वाज को घोषित किया गया। इस वर्ग में, प्रथम रनरअप चंद्र शर्मा एवं द्वितीय रनरअप मानसी कुमारी रहीं।

**बच्चों में ये रहे विजेता**

मेल मार्डल के रूप में विजेता पीयूष कुमार राम तथा प्रथम रनरअप उमर फारूक, जबकि द्वितीय रनरअप अदैयान ओजस चुने गये। फीमेल मॉडल के रूप में जेसिका कोरल खालको विजेता रहीं, जबकि प्रथम रनरअप उमैजा फातिमा और द्वितीय रनरअप समृद्धि त्रिवेदी हुईं। फैशन शो के जज डॉ आरिफ नासीर, किरण मिश्रा और परवेज आलम थे।

**फैशन शो के सफल आयोजन में इनका रहा योगदान**

फैशन शो को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में आसिफ, अरसद खान, शहबाज आदिल, परवेज आलम, निहारिका आनंद, अंकित कुमार और शाहरूख बेलाल का सराहनीय सहयोग रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज यानी गुरुवार को होगी। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों की स्वीकृति मिलने की संभावना है। बैठक में विवि-कॉलेज के कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने पर निर्णय हो सकता है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर वित्त विभाग की सहमति मिल गयी है। 7वें वेतनमान का लाभ 1.1.2016 की तिथि से वैचारिक रूप से मिलेगा। वहीं, वास्तविक लाभ अधिसूचना जारी होने की तिथि से मिलेगा। कैबिनेट में इसके अलावा सड़क निर्माण सहित अन्य योजनाओं की भी स्वीकृति दी जायेगी। वहीं बैठक में 11 नंवबर को विशेष सत्र आयोजन की भी स्वीकृति दी जायेगी।

### एस्क्लेपियस वैलनेस ने आठवीं सालगिरह धूमधाम से मनायी



रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को एस्क्लेपियस वैलनेस अपनी आठवीं सालगिरह मनायी। सालगिरह का कार्यक्रम मैथन मैरिज पैलेस में आयोजन किया गया था। इस संस्था ने स्वास्थ्य और उससे संबंधित क्षेत्र में काम करते हुए आज एक नये कीर्तिमान को स्थापित किया है। इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लैक डायमंड मिस्टर सत्यानंद पांडे रहे। भारत के अलग-अलग जगहों से आये लोगों में से सूरज गोस्वामी, संजीव नाग, प्रवीण दुबे, आशीष देव, रत्ना शर्मा,मिची मोनिया,अबु साया, जयंता मंडल, मोहम्मद रियाज, राम शर्मा, सत्येंद्र कुमार, मनोज मोहंती, ऐनते एबोह आदि शामिल हुए।

### संयुक्त ऑल इंडिया संघर्ष न्याय मोर्चा ने धरना दिया




रांची (आजाद सिपाही)। संयुक्त ऑल इंडिया संघर्ष न्याय मोर्चा के तत्वावधान में सहारा के पीड़ित जमाकर्ता एवं कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एक दिवसीय धरना रांची के तीनों रीजन में किया गया। जिसमें रांची के तीन रीजन रांची सिटी फिरायालाल चौक, हटिया रीजन डीबडीह और रातू रोड रीजन पिस्का मोड़ के शाखाओं में लगभग तीन सौ की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता और जमाकर्ता शामिल हुए। जिसमें सभी ने सहारा इडिंया से यह मांग की जो पिछले दो वर्षों से सहारा द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। उसका भुगतान जल्द से जल्द शुरू किया जाय। भुगतान नहीं मिलने के कारण जमाकर्ताओं एवं कार्यकर्ताओं के समक्ष बहुत सभी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि कितने लोगों ने अभी तक आत्म हत्या जैसे संगीन कदम उठाने में भी संकोच नहीं कर रहें हैं। सहारा भुगतान से संबंधित किसी प्रकार का कोई भी रास्ता नहीं निकाल रही है। केवल और केवल हम लोगों को दो वर्षों से लोगों को टाल रही है। सभी लोगों की सहारा से यह मांग है कि अविलंबित भुगतान करें। अन्यथा सहारा के विरुद्ध धरना प्रदर्शन का रुख और तेज किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयुक्त ऑल इंडिया संघर्ष न्याय मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार बटव्याल, रांची जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, के के साहू, राकेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, अशोक, मनोज चक्रवर्ती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर धम्म दीक्षा कार्यक्रम

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार तथागत का 58वां जन्म दिन धम्म दीक्षा कार्यक्रम के रूप में बुद्धा नर्सिंग कॉलेज बिजुलिया में धूम-धाम से मनाया गया। सभा की अध्यक्षता बोजा अप्पाराव और संचालन डॉ मानस नासकर ने किया। कार्यक्रम को सीपीएम के राज्य कमेटी सदस्य सुभाष मुंडा और राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान ने संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष तथागत ने कहा कि भारत को बौद्धधम राष्ट्र बनाने के लिए बाबा साहेब के विचारों को याद करना होगा। इस अवसर पर श्री तथागत ने हजारीबाग जिला अध्यक्ष को राजकुमार दास को राज्य का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धम्म बोधि भंते को और कार्यक्रम का समापन बौद्धिक सोसायटी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राधा चरण सिंह ने किया एवं अतिथियों का स्वागत बुद्धा नर्सिंग के निर्देशक प्रियांशु सिंह ने किया। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के हजारीबाग से राजकुमार दास, रामगढ़ के जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, कोडरमा के संजय रंजन, रांची के रविरंजन साव, गिरिडीह से कामेश्वर पासवान, गढ़वा से रविंद्र पासवान, साहेबगंज से दीपक कुमार, तेलंगना से जे रत्नाकर, पश्चिम बंगाल से डॉ मानस नासकर, असम से नवीन चंद्र कलिता, आंध्राप्रदेश बोज्जा अप्पा राव, विशाखापट्नम से मुरली कृष्णा, आम्रावती से एस तेरु मौजूद थे।

### विधानसभा में 1932 के खतियान पर आधारित नियोजन नीति के प्रस्ताव को पारित किया जाये : विजय शंकर नायक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक और आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने सदन के 11 तारीख को बुलाए गए विशेष सत्र मे 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति के प्रस्ताव को भी पारित करने की दिशा मे हेमंत सोरेन ठोस पहल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति खतियान आधारित का निर्धारण होना स्वागत योग्य कदम है, मगर नियोजन नीति बिना खतियान के आधार पर बनाए जाने से इसका समुचित लाभ झारखंडी आदिवासी मूलवासी समाज को नहीं मिलेगा। नायक ने यह भी कहा की खतियान आधारीत नियोजन नीति बनाकर कम से कम 20 वर्षों के लिए झारखंडी युवा, नौजवान और बेरोजगार साथियों के लिए सभी नियुक्तियों को फ्रीज करना होगा। जब तक स्थानीय नियोजन एवं स्थानीय नीति लागू नहीं हो जाती, तब तक अविलंब राज्य सरकार को सभी नियुक्ति को रोक देना चाहिए।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 10 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## रांची में 12 नवंबर को होगा टैक्स विशेषज्ञों का राष्ट्रीय कांफ्रेंस




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड इनकम टैक्स बार एसोसिएशन और झारखंड कमर्शियल टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर की 46 वीं वर्षगांठ के अवसर पर रांची टैक्स कांफ्रेंस का आयोजन किया है। 12 नवंबर को रांची के डंगरा टोली स्थित स्वर्ण भूमि बैंक्विट हॉल में होगा। इसकी जानकारी बुधवार को मीडिया प्रभारी अजय कुमार ने दी। बताया कि कांफ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल रमेश वैश्य और विशिष्ट अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन होंगे। दो सत्र में आयोजित कांफ्रेंस के प्रथम तकनीकी सत्र में अप्रत्यक्ष कर के विषय पर देश के सुप्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट विमल जैन प्रमुख वक्ता होंगे। इस सत्र के चेयरमैन जमशेदपुर के अधिवक्ता के एल मित्तल होंगे तथा मॉडरेटर रांची के अधिवक्ता अजय कुमार होंगे। दूसरा सत्र में प्रत्यक्ष कर से संबंधित होगा इसके वक्ता सर्वोच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता तरुण गुलाटी एवं अधिवक्ता किशोर कुणाल होंगे। मुख्य आयकर आयुक्त डॉक्टर अमरवीर सिंह चेयरमैन होंगे। चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेश सिंघल, देवेश पोद्दार इसके मॉडरेटर होंगे। इसमें पूरे झारखंड के साथ दूसरे राज्यों से करीब 400 प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस कांफ्रेंस के आयोजन के लिए आयोजकों द्वारा समय-समय पर कई बैठक की गयी। बैठक में कांफ्रेंस के चेयरमैन एडवोकेट हरिलाल पटेल, को चेयरमैन बी पी सिन्हा, प्रेसिडेंट जेआईटीबीए एडवोकेट संदीप गाड़ोदिया, एडवाइजर एडवोकेट महेंद्र चौधरी, सी ए आर के गाड़ोदिया, एडवोकेट सुरेश साबू, एडवोकेट आनंद पसारी प्रेसिडेंट जेसीटीबीए ,एडवोकेट सुब्रतो दास गुप्ता ,मास्टर ऑफ सेरोमोनी एडवोकेट अमृता सिन्हा, एडवोकेट लावण्या गाड़ोदिया, एडवोकेट सलोना मित्तल, कान्फ्रेंस सचिव एडवोकेट ज्योति पोद्दार, एडवोकेट दिवेश पोद्दार चेयरमैन फूड कमेटी, पीयूष गुप्ता चेयरमैन रजिस्ट्रेशन एडवोकेट, विजय कुमार वर्मा चेयरमैन किट कमेटी, एडवोकेट अजय कुमार चेयरमैन हॉल मैनेजमेंट, पीएल पाटोदिया मॉडरेटर, एडवोकेट मनोज कुमार जे आई टी बी ए ,चेयरमैन ट्रांसपोर्टेशन एंड अकोमोडेशन एडवोकेट देवाशीष डे,को चेयरमैन ट्रांसपोर्ट एंड एकॉडोमेशन एडवोकेट जफर इकबाल समेत कई अन्य मौजूद थे।

## जिला स्तरीय विज्ञान ड्रामा का हुआ अयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। जिला स्तरीय विज्ञान ड्रामा में अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ज़िला स्कूल रांची की टीम प्रथम स्थान पर रही। सभी प्रकार के टीकों की कहानी विषयक प्रस्तुति के साथ प्रथम टीम कल राज्य स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में रांची का प्रतिनिधित्व करेंगी। दूसरे स्थान पर महामारी के सामाजिक एवं वैज्ञानिक प्रभाव विषयक प्रस्तुति करने वाली कस्तूरबा बालिका विद्यालय चान्हो की टीम रही जबकि स्टोरी ऑफ वैक्सीन का नाटक मंचन करनेवाली कस्तूरबा बालिका विद्यालय कांके की टीम तृतीय स्थान पर रही। ज़िले से कुल 19 चयनित टीमों ने भाग लिया। पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरण सभी प्रतिभागियों को कमला सिंह रांची ने किया। जबकि शुभ उद्घाटन रांची आकाश कुमार ने किया। मानव जाति के लाभ के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मूल विषय पर आयोजित ड्रामा का संचालन डॉली जयसवाल ने किया। कार्यक्रम परिचय अशोक प्र सिंह ने किया। आयोजन में ओम प्रकाश उपाध्याय सहित शिक्षा विभाग के कर्मियों ने मुख्य भूमिका निभायी। जूरी के रूप में डॉ जाकिर हुसैन, मुदित मिश्रा, सुपर्ण चट्टेर्जी ने अपनी सेवा दी है। 10 नवम्बर को दस बजे से राज्य स्तरीय विज्ञान ड्रामा ज़िला स्कूल में ही आयोजित है।

## आंदोलनकारियों की समस्याओं पर गंभीर नहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन: राजू महतो



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में बुधवार को जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए मान-सम्मान पहचान नियोजन पेंशन सहित 11 सूत्री लंबित मांगों के समर्थन में मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समीप प्रतिमा पर केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजू महतो व अन्य साथियों द्वारा माल्यार्पण कर सत्याग्रह का आगाज किया गया। मौके पर अध्यक्षता करते हुए श्री महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों का धैर्य अब खत्म हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान में अभी गंभीरता नहीं दिखलाई है। जिससे झारखंड आंदोलनकारियों में तीव्र आक्रोश पनप चुका है। श्री महतो ने कहा कि 15 नवंबर तक झारखंड आंदोलनकारियों की जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान, नियोजन, पेंशन आदि को देने की ठोस कार्रवाई करें। अन्यथा राज्य व्यापी आंदोलन होगा। आगे श्री महतो कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी जनता के साथ झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं को कैबिनेट से पास कर विधानसभा के विशेष सत्र में झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं पर चर्चा करके विधानसभा से पारित करें। केन्द्रीय सचिव कयूम खान ने कहा कि आंदोलनकारियों के कारण ही राज्य में हमारी पहचान है। इस पहचान को संघर्ष के बल पर सुनिश्चित करनी होगी। प्रत्येक आंदोलनकारी अपनी पहचान की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 22 वर्षों के पश्चात भी झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान नहीं होना दुर्भाग्य की बात है। आज बार-बार अपने मान-सम्मान पहचान के लिए झारखंड आंदोलनकारियों को संघर्ष करना पड़ रहा है। वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति आज हाशिए पर हैं। लगातार अपने मान-सम्मान की लड़ाई के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री झारखंड आंदोलनकारियों के प्रति संवेदनशील बनें और जल्द से जल्द आंदोलनकारियों की मांगों का समाधान करें। केन्द्रीय उपाध्यक्ष किशोर किस्कू ने कहा कि आंदोलनकारियों की भावनाओं के अनुरूप झारखंड अलग राज्य को गढ़ने का काम करें। केन्द्रीय सचिव प्रेम मित्तल ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी आज अपने अलग राज्य में परदेशी की भूमिका में जीवन यापन कर रहे हैं। यह सबसे दुखद स्थिति है। सत्ता में जो बैठे हैं, झारखंड आंदोलनकारियों के त्याग बलिदान और संघर्ष के बल पर हैं। संबोधित करने वालों में राम लखन महतो, इसरार अहमद, प्रफुल तत्वा, रूपलाल महतो, पार्वती चरण महतो, बेदेशी महतो, सिमडेगा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर सेनापति, सुरेंद्र प्रसाद, विनिता खलखो, जहांआरा बेगम, बालोमुनी बाखला, कालीचरण महतो, संयोजक गोपाल रवानी, सरजीत मिर्धा, र्जाफर खान, सुखदेव उरांव, लाल अजय नाथ शाहदेव, सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो, धनबाद जिला अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा आदि शामिल थे। मौके पर एरेन कच्छप, उषा रानी लकड़ा, सुमित्रा देवी, विन्दिया देवी, छत्रपति महतो, फागू महतो, जोहरन बीबी, सुरेश कुमार महतो, स्वानंद कोटवार, जितेन्द्र नाथ महतो, कुमार महतो, सीताराम तूरी, खलारी महतो, समेत बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी मौजूद थे। सत्याग्रह के उपरांत झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने राजू महतो (कार्यकारी अध्यक्ष), अश्वनी कुजूर (उपाध्यक्ष), किशोर किस्कू (उपाध्यक्ष), कयूम खान (सचिव), बिनिता खलखो (सचिव), भुवेश्वर केवट (सचिव) द्वारा आदि प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर युक्त 11 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखण्ड सरकार के नाम ज्ञापन को सौपा गया।

## कुजू कोल साइडिंग में कोयला हेराफेरी का बड़ा खेला

# कोल साइडिंग की खुराक बना चारकोल और ब्लैक स्टोन!

- कार्रवाई होती है, पर नहीं बच जाते हैं मुख्य कारोबारी
- संजू, महेंद्र और प्रवीण तक अब तक नहीं हो पायी है पुलिसिया कार्रवाई

**बीरू कुमार**

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिला में कोयला तस्करी और हेराफेरी का खेल कोई नयी बात नहीं है। तस्करी और हेराफेरी आंख मिचौली के साथ जारी रहती है। समय समय पर पुलिस कार्रवाई करती है, परंतु नकेल कसने में नाकाम रहती है। हालांकि दावा करती है कि कारोबार बंद है। लेकिन उनका दावा जमीन पर नहीं टिकता है।

### कुजू कोल साइडिंग में कोयला हेराफेरी का बड़ा खेला

इधर सूचना है कि कोयला हेराफेरी और मिलावट के खेल में कुजू कोल साइडिंग पहले पायदान पर है। यहां पर चारकोल से लेकर ब्लैक स्टोन भारी मात्रा में खपाया जाता है। इसका खुलासा कई बार हो चुका है। दो बार तो खुद रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने कुजू रेलवे साइडिंग के निकट चारकोल और ब्लैक स्टोन पकड़ कर साबित कर दिया है कि कोल साइडिंगों में भारी गड़बड़ी हो रही है। उनकी कार्रवाई के बाद भी धंधे में शामिल लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस को खुली चुनौती देकर अवैध कारोबार का दायरा बढ़ा रहे हैं।



### संजू, महेंद्र और प्रवीण अब भी पुलिसिया कार्रवाई से दूर

अवैध कारोबार पर समय-समय पर बड़ी कार्रवाई होती है। अवैध कोयला, चारकोल व ब्लैक स्टोन लदे वाहनों को पकड़कर मामला भी दर्ज किया जाता है। लेकिन कारोबार में मुख्य भूमिका निभाने वाले कारोबारी हर बार बच निकलते हैं। इसके कारण कारोबार का पहिया कभी भी थमता नहीं है। हाल में ही पकड़े गये ब्लैक स्टोन लदे ट्रक मामले में भी प्रवीण नामक व्यक्ति पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि धंधे में शामिल कई लोगों पर एफआइआर कर उन्हें जेल भेजा गया है। वहीं चारकोल में पकड़े गये वाहनों के मामले में भी संजू और महेंद्र का नाम एफआइआर में नहीं है। ऐसे में कारोबार पर पाबंदी असंभव है। कोयले में चारकोल बढ़ा देने से कारोबारी तो मालामाल हो जाते हैं, लेकिन पावर प्लांटों का भट्ठा बैठ जाता है।

### चारकोल मिले कोयले से पावर प्लांटों का बैठ रहा भट्ठा

सूत्रों ने बताया कि कोल साइडिंगों की चारकोल और ब्लैक स्टोन खुराक बन गयी है। गुणवत्तापूर्ण कोयले में चारकोल और ब्लैक स्टोन मिला वट कर पावर प्लांट में कोयला भेजा जा रहा है। जिससे पावर प्लांटों को कचरा कोयला पहुंच रहा है और कारोबारी अवैध कारोबार से करोड़ों रुपये का वारा न्यारा कर रहे हैं। हालांकि इस कारोबार में कुछ अधिकारियों का भी आशीर्वाद प्राप्त है। जिसके कारण कारोबारी अपना कारोबार खुलकर करते हैं।

# नये भवन का रांची सदर अस्पताल प्रबंधन ने लिया हैंडओवर, 15 को होगा उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

रांची। सदर अस्पताल के लिए बने नये भवन को प्रबंधन की ओर से सिविल सर्जन डॉ बिनोद कुमार ने हैंडओवर ले लिया है. निर्माण की शुरूआत के 15 साल बाद और हैंडओवर करने के 14 डेडलाइन फेल होने के बाद आखिरकार सदर अस्पताल का नया भवन हैंडओवर हो गया है. सिविल सर्जन ने झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड से हैंडओवर लिया है। अब जी प्लस आठ इस भवन का उद्घाटन 15 नवंबर को किया जायेगा। हालांकि सभी 500 बेडों में संचालन कब से होगा, इसको लेकर अभी प्रबंधन ने कुछ भी नहीं कहा है. बता दें कि 500 सौ बेड के लिए बने इस भवन में पहले से ही 200 बेडों पर इलाज किया जा रहा है। शेष 300 बेड पर भी इलाज की सुविधा जल्द ही मिलने लगेगी। सदर अस्पताल के नये भवन में इलाज की शुरूआत होते ही रिम्स से मरीजों का लोड कम हो सकेगा।

### 137 करोड़ से शुरू हुआ था प्रोजेक्ट, पूरा होते होते हो गया 354 करोड़

**रांची सदर अस्पताल के नए भवन का निर्माण एनबीसीसी और विजेता प्रोजेक्ट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड ने किया है। निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से लेकर अबतक 15 साल हो चुके हैं। निर्माण में देरी के कारण 137 करोड़ से बढ़कर 354 करोड़ तक पहुंच गया। निर्माण को लेकर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा हाइकोर्ट में दी गई 14 डेडलाइन पहले ही फेल हो चुकी है। इसको लेकर 11 नवंबर को हाइकोर्ट में सुनवाई भी होनी है।**

# राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन विश्वविद्यालय के सुधांशु ने दौरा किया

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली, शैक्षिक योजना और प्रशासन की दिशा में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित भारत का प्रमुख संगठन है। इसी संदर्भ में इसने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची को अपने शोध अध्ययन का केंद्र चुना। ताकि इससे सबंधित आंकड़े आवश्यकतानुसार केंद्रीय मानव विकास मंत्रालय को दिया जा सके। इसके तहत डा. सुधांशु भूषण, जो राष्ट्रोय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, एनआइइपीए में उच्च और व्यवसायिक शिक्षा विभाग में प्रोफेसर और प्रमुख है, ने आज विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति, शोध कार्य, आधारभूत संरचना की जानकारी प्राप्त की। गौरतलब है कि प्रोफेसर डा. सुधांशु भूषण उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण, उच्च शिक्षा के नीतिगत मुद्दों और शैक्षिक योजनाओं की दिशा में काफी लंबी अवधि से कार्यरत है और अनुभवी शिक्षाविद माने जाते है। अपने शोध कार्य में गुणवत्ता और सटीकता के उद्देश्य से उन्होंने दो स्तरों पर विश्वविद्यालय प्रशासन से संवाद किया। सर्वप्रथम उन्होंने कुलपति डा. तपन कुमार शांडिल्य से विश्वविद्यालय से संबंधित उनकी दृष्टि, विशेषताओं और विश्वविद्यालय की वर्तमान और आनेवाली चुनौतियों और संस्थागत विकास से सबंधित योजनाओं की चर्चा की। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विस्तार से विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं से उन्हें अवगत कराया और आश्वस्त किया कि आनेवाले कुछ समय में संसाधनों की कमियों को पूरा कर यह विश्वविद्यालय अपने अकादमिक, शोध और आधारभूत संरचना की दिशा में देश में एक अग्रणी संस्थान बनेगा। उन्होंने भविष्य में इस विश्वविद्यालय के तहत कई नए व्यवसायिक और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के प्रारंभ करने की बात कही। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि रांची कॉलेज से विश्वविद्यालय बनने के उपरांत एक बड़ा परिवर्तन ग्रामीण छात्राओं की बढ़ती संख्या है जिनमें कई दूरस्थ स्थानों से अध्ययन के लिये आती है। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग से अतिशीघ्र उनके लिये विश्विद्यालय छात्रावास का निर्माण किया जायेगा। वर्तमान में यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की संख्या, गुणवत्ता और शिक्षकों की अकादमिक गुणवत्ता के कारण प्रतिदिन प्रगतिशील है। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय संसाधनों के अभाव में अपनी प्रगति को अवरूद्ध नहीं कर सकता। आनेवाले वितीय वर्ष में विश्वविद्यालय कई ऐसे रोजगारपरक पाठ्क्रम शुरू करेगा जिसके माध्यम से राजस्व की प्राप्ति होगी और जो विश्वविद्यालय की आर्थिक ढांचे को मजबूती प्रदान करेगा। अपने दूसरे चरण में प्रोफेसर डॉ सुधांशु भूषण ने इसके बाद विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष और शिक्षकों से संवाद किया। अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षकों की प्रतिभा का मानक यह नहीं समझा जाना चाहिए कि उन्होंने कितने शोध किये या कितने शोध पत्रिकाओं का प्रकाशन किया, बल्कि उनके ज्ञान से कितने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन हुआ या कितने विद्यार्थो इंपावर्ड हुए। विशेष तौर पर उन्होंने फर्स्ट जेनरेशन विद्यर्थियों की बात करते हुए शिक्षकों का आवाह्न किया कि हमें उनके शैक्षिक स्तर पर जाकर उन्हें शिक्षा देना और उनका मार्गदर्शन करना चाहिए।

# एमएस धोनी ने भरा 17 करोड़ एडवांस टैक्स, सालाना आय 30 प्रतिशत बढ़ी

**3आजाद सिपाही संवाददाता**

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और झारखंड के लाल महेंद्र सिंह धोनी राज्य के सबसे बड़े करदाता हैं। इस बात से कोई भी अंजान नहीं है। प्रदेश में टैक्स पे करने में एक बार फिर धोनी अव्वल रहे हैं। बीते वित्तीय वर्ष में धोनी ने 13 करोड़ रुपये एडवांस टैक्स जमा किया था, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में यह राशि 17 करोड़ है। क्रिकेट से अलविदा कहने के बाद भी धोनी की आय में कमी नहीं, बल्कि खासा बढ़ोत्तरी हुई है। धोनी के पिछली बार के मुकाबले चार करोड़ रुपये अधिक एडवांस टैक्स जमा करने के आधार पर चालू वित्तीय वर्ष में धोनी की आय में 30 प्रतिशत बढ़ोत्तरी का अनुमान लगाया जा रहा है। क्रिकेट जगत में कदम रखने के बाद से अब तक धोनी राज्य के सबसे बड़े व्यक्तिगत करदाता बने हुए हैं। भारतीय टीम को टी-20 और एक दिवसीय का विश्व चैंपियन बना चुके धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं और फिलहाल केवल आइपीएल ही खेलते हैं। 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से बतौर प्लेयर दूरी बनाने के बावजूद धोनी बिजनेस की पिच पर भी शानदार पारी खेल रहे हैं। धोनी ड्रोनी (गरुड़ा एयरो स्पेस के साथ मिल कर ड्रोन का उत्पादन करेंगे), बाइक रेसिंग टीम, फुटबॉल फ्रेंचाइजी, खाता बुक मोबाइल एप एंड सॉफ्टवेयर, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, फूड एंड बेवरेज कंपनी, स्पोर्ट्स फिट, स्पोर्ट्स मार्केटिंग एंड मैनेजमेंट में अपना निवेश कर रहे हैं। बता दें कि वर्ष 2021-22 के लिए आयकर विभाग को बतौर एडवांस टैक्स 38 करोड़ रुपये का भुगतान किया है, जबकि पिछले साल यानी वर्ष 2020-21 में यह रकम 30 करोड़ के आसपास थी। वर्ष 2019-20 में उन्होंने 28 करोड़ और इसके पहले 2018-19 में भी लगभग इतनी ही राशि आयकर के तौर पर चुकायी थी। इसके पहले उन्होंने 2017-18 में 12.17 करोड़ और 2016-17 में 10.93 करोड़ का इनकम टैक्स चुकाया था।

### रामेश्वर उरांव का सुझाव: समाज सेवा के क्षेत्र में भी कुछ करना चाहिए

**राज्य के सबसे बड़े करदाता बनने पर महेंद्र सिंह धोनी को राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कुछ नसीहत दी है। पहले तो उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ की है और कहा है कि जो भी इनकम टैक्स आता है, उसमें राज्य सरकार का 41% हिस्सा होता है। इससे विकास के काम होते हैं। सभी बिजनेसमैन को भी समय पर अपनी आमदनी के हिसाब से टैक्स जमा करना चाहिए। किसी भी कारोबारी को अपनी आय को नहीं छुपाना चाहिए। वित्त मंत्री रामेश्वर राव ने महेंद्र सिंह धोनी से अपील की है कि समाज सेवा के क्षेत्र में भी काम करना चाहिए। झारखंड के गरीब लोगों के बीच अपनी आमदनी से कुछ खर्च करना चाहिए। मेधावी छात्रों के लिए स्कॉलरशिप लानी चाहिए। जो बच्चे पैसों के अभाव में पढ़ाई छोड़ चुके हैं, उनकी आर्थिक सहायता करनी चाहिए। गरीब छात्रों को ढूंढ़ना चाहिए, उनका भविष्य संवारना चाहिए।**

## झारखंड राज्य में आयुष चिकित्सा बढ़ेगी : डॉ. राजीव

रांची (आजाद सिपाही)। आयुष सीएचओ पद पर बहाल चिकित्सकों का री-ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन बुधवार को कांफ्रेंस हॉल डेयरी डायरेक्टरेट धुर्वा रांची में हुआ। इसमें 167 नियुक्त चिकित्सक शामिल हुये। इस कार्यक्रम में डॉ राजीव कुमार सदस्य आयुष एडवाइजरी कमेटी के द्वारा मैनेजमेंट ऑफ आयुष ओपीडी एवं सभी चिकित्सकों को बताया कि क्लिनिकल प्रैक्टिस किस तरह की जाये और किस तरह मरीजों का इलाज किया जाये। आयुष अस्पताल को किस तरह रखा जाये। आयुष सीएचओ की क्या जिम्मेवारियां होती है और आयुष पद्धति को कैसे आगे बढाया जाये। साथ ही साथ हर घर आयुष और आयुष कनेक्ट जैसे कार्यक्रम को पूरे राज्य में चलाने के लिए सभी डॉक्टरों को ट्रेनिंग दी गयी। इस में आयुष निदेशक डॉ फज्सुल सम्मीजी आयुष के डॉक्टरों के क्या कर्तव्य हैं और उनकी क्या जवाब देही है। समाज के प्रति उसके बारे में उन्होंने उन लोगों को बताया कि प्रोजेक्टर कोऑर्डिनेटर राजीव कुमार ने सर्विस ऑफ आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के बारे में पूर्ण जानकारी डॉक्टरों को दी। राहुल कुमार नोडल ऑफिसर नेशनल आयुष मिशन ने सभी डॉक्टरों को रोल और रिस्पांसिबिलिटी ऑफ आयुष डॉक्टर के बारे में सारी जानकारियां दी। नोडल अधिकारी दिवाकर चंद्र झा ने सभी डॉक्टरों को जिस जिला में वे पदस्थापित हैं। उनके फीडबैक की जानकारी ली। सभी आयुष चिकित्सकों को डॉ राजीव कुमार की तरफ से पूरे राज्य में नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में विमल केसरी डॉ अनुज मंडल भी शामिल रहे।

## रेगुलराइज आवासीय शब्द हटा, नगर विकास विभाग ने जारी की अधिसूचना

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के अबतक के निर्मित सभी प्रकार के भवनों को रेगुलराइज किया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नगर विकास विभाग ने 21 अक्टूबर 2022 के जारी अधिसूचना में से आवासीय शब्दों को हटा लिया है। यह अधिसूचना राज्य के शहरी क्षेत्रों में किये गए अनाधिकृत निर्माण को नियमित करने को लेकर था। विभाग द्वारा निर्गत किये गये अधिसूचना में यह स्पष्ट किया गया है कि अब तक निर्मित सभी प्रकार के भवनों को रेगुलराइज किया जायेगा। सरकार के इस फैसले से लाखों लोग लाभान्वित होंगे। बता दें कि पिछले 20 अक्टूबर को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया था कि अब कोई भी भवन तोड़े नहीं जायेंगे। नगर विकास विभाग द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर एक उच्च स्तरीय कमिटी का गठन भी कर दिया गया था।

## 'अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस' मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। रेडियोलॉजी विभाग, केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान, रांची ने एक्स-रे की खोज की वर्षगांठ को चिह्नित करते हुए 'अंतर्राष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस' मनाया। अंतर्राष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल में चिकित्सा इमेजिंग की भूमिका को बढ़ावा देने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। यह हर साल 8 नवंबर को मनाया जाता है। 8 नवंबर, 1895 को विल्हेम कॉनराड रॉन्टगन ने कैथोड किरणों की जांच करते हुए संयोग से एक्स-रे की खोज की, जिससे रेडियोलॉजी के चिकित्सा अनुशासन की नींव प्रभावी ढंग से पड़ी। यह खोज इमेजिंग के विभिन्न तरीकों को शामिल करने और खुद को आधुनिक चिकित्सा के एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में स्थापित करने के लिए विकसित होगी। 8 नवंबर को अंततः उन समारोहों को चिह्नित करने के लिए उपयुक्त दिन के रूप में चुना गया था जो दुनिया भर में रेडियोलॉजिकल सोसायटी द्वारा मनाये जाते हैं। समारोह की शुरूआत प्रोफेसर (डॉ) बासुदेव दास, निदेशक, सीआईपी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने रेडियोलॉजी के आई/सी डॉ इंदुभूषण कुमार (ऑनलाइन के माध्यम से), डॉ अनीश चौधरी, प्रशासनिक आई/ सी डॉ। ए शर्मा, डॉ. ए मुखर्जी, एसएनओ/वरिष्ठ प्रौद्योगिकीविद् श्रीकांत चक्रवर्ती, श्री भैरब माजी, हमारे रेडियोलॉजी विभाग के कर्मचारी और एलेंजर्स स्टाफ। डॉ. अनीश चौधरी ने मशीन के नये कार्यों जैसे घनत्व मानचित्रण, नरम ऊतक लक्षण वर्णन, एकल फ्रेम में पूर्ण क्षेत्र पैनो ग्राफिक एक्सरे छवि अधिग्रहण का प्रदर्शन किया। डॉ. बी. दास सर ने इस अवसर पर केक काटा। डॉ बी दास सर की उपस्थिति में मशीन का लाइव पेशेंट प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा नयी मशीन उन्नयन का भी विभाग को आश्वासन दिया गया।

## जमीन कारोबारी पर फायरिंग मामले में पांच गिरफ्तार, 18 लाख और एक फॉर्च्यूनर गाड़ी की सुपारी दी

रांची (आजाद सिपाही)। धालभूमगढ़ पुलिस डीएसपी कुलदीप टोप्पो के नेतृत्व में जमीन कारोबारी शेखर प्रसाद कुशवाहा पर फायरिंग करने के मामले में 5 आरोपी को गिरफ्तार किया है। शेखर के एक प्रोजेक्ट बड़गाईं में अफसर अली उर्फ अबसू खान पार्टनर थे। इस मामले में अफसर के भाई सद्दाम ने किशोरगंज के सन्नी सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को 18 लाख और एक फॉर्च्यूनर गाड़ी का सुपारी दिया था। इस मामले में बिट्टू पकड़ा गया है। उसने ही सद्दाम के द्वारा सुपारी देने की बात स्वीकार की है। इस मामले में अब तक पांच आरोपी पकड़े गये हैं। उनलोगों के पास से पिस्टल आदि भी बरामद किया गया है। एक आरोपी कोलकाता का है।

## ग्लोबल सूक्तों कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने की कांफ्रेंस




रांची (आजाद सिपाही)। ग्लोबल सूक्तों कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से आज दिनांक 9 नवंबर 2022 को प्रेस क्लब में संध्या 7 बजे एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसका प्रतिनिधित्व ग्लोबल सूक्तों कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नेशनल चीफ मिस्टर शिहान तारक नाथ सरदार के साथ ग्लोबल सूक्तों कराटे एसोसिएशनऑफ इंडिया के झारखंड चीफ मिस्टर शिवम कुमार, निर्देशक मिस्टर सौमेन दत्ता सौरेंद्र मोहिनी पब्लिक स्कूल एवं मो. रावेद इकबाल जामताड़ा हेड ने किया। इन्होंने बताया की हमारे राज्य में 26 एवं 27 नवंबर को ग्लोबल सूक्तों कराटे एसोसिएशन की ओर से दुवतिये शोतो कप आल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न राज्यों के 600 प्रतियोगी भाग लेंगे। प्रतिषप्रदा हरिवंश टाना भगत स्टेडियम खेलगाव रांची में किया गया है। निर्देशक सौमेन दत्ता ने अपना मंतव में कहा की कोरोना काल के बाद खेलकूद तथा शारीरिक क्षमता को सुधारना अत्यंत जरुरी है। कराटे एक खेल है जो हमारे आत्मविश्वासी के साथ हमारे मस्तिष्क के अंदुरुनी विकास की क्षमता को बढ़ाता है। ये हमारे शरीर के सभी अंगो को एकाग्र चित रखता है एवं संपूर्ण विकाश में मदद करता है। उन्होंने बताया की विशेष कर छात्रों में ये के अलग आत्मविश्वास को बतादाता है और स्वालंबी एवं स्वाम सुरक्षा का विश्वास जगाता है।

## सितारा आर्गनाइजेशन ने चलाया जागरूकता अभियान



रांची (आजाद सिपाही)। स्वयं सेवी संस्था सितारा आगेर्नाइजेशन ने बुधवार को इटकी रोड हेहल स्थित सेवन स्टार अकादमी स्कूल में बच्चियों के बीच महावारी जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता अभियान। कार्यक्रम का आयोजन किया। सितारा ऑर्गनाइजेशन की प्रबंधक पूनम द्वारा बच्चियों को महावारी के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही कई गतिविधियां करायी गयी। जिसमें प्रश्नउत्तरीय प्रतियोगिता, चार्ट पेपर के माध्यम से शारीरिक बनावट प्रश्न उत्तर, बच्चियों को शरीर में हो रहे परिवर्तन से अवगत कराया। अपने आप को किस तरह से स्वच्छ रखें, भ्रांतियों को पहचाने और उस से दूर रहें आदि बातों की जानकारी दी गई । जिससे कि भविष्य में बच्चियां अंधविश्वास से दूर रहे और साफ सुरक्षित जीवन यापन कर सकें एवं महिला होने पर गर्व महसूस कर सकें कार्यक्रम को शिक्षकों एवं बच्चियों द्वारा सराहा गया एवं भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालयों में होते रहे इसकी कामना की।

महत्वपूर्ण न्यूज

## स्वास्थ्य विभाग की कॉमन रिव्यू टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग की कॉमन रिव्यू टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण बुधवार को किया। इस दौरान टीम ने प्रसव कक्ष, वार्ड, स्टोर रूम, ओपीडी रूम सहित अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर मौजूद अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी से सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी ली। टीम के सदस्यों ने उपाधीक्षक को लोगों को बेहतर स्वास्थय सुविधा मुहैया कराने की बात कही। कहा कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य सुविधा को लेकर गंभीर है। ऐसे में जरूरतमन्दों को इसका लाभ ईमानदारी से उपलब्ध कराना सभी स्वास्थ्यकर्मियों की जिम्मेवारी है। टीम में स्टेट डाटा मैनेजर सुबोध कुमार, डिस्ट्रिक्ट डाटा मैनेजर सुजीत कुमार मुंडा सहित अन्य लोग मौजूद थे। इससे पूर्व टीम के अस्पताल पहुंचने पर स्वास्थ्यकर्मियों ने बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, डॉ नागेंद्र सिंह, राजेश कुमार, करुणा कुमारी, अनुरंजन पांडेय, ममता कुमारी, नीलम कुमारी, मीणा देवी, रजमतिया देवी, मनोज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## 14 नवंबर को श्रीनगर-पंडुका पुल शिलान्यास कार्यक्रम में कांडी प्रखंड से शामिल होंगे सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता

**कांडी (आजाद सिपाही)।** आगामी चौदह नवम्बर को कांडी प्रखंड के श्रीनगर से बिहार के पंडुका तक सोन नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व बिहार के सासाराम संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री छेदी पासवान के द्वारा किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा के नौहट्टा प्रखंड अध्यक्ष श्रीराम सिंह ने बताया कि इस संबंध में उनकी बात सांसद छेदी पासवान से बात हुई है। चौदह नवम्बर को सोन नदी पर श्रीनगर-पंडुका पुल का शिलान्यास हो जाएगा। झारखंड व बिहार का बहुप्रतीक्षित मांग पूरा होने वाला है। इस खबर से कांडी के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उक्त खबर को सुनते ही क्षेत्र के सभी ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। इधर भाजपा किसान मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे ने कहा कि कांडी प्रखंड क्षेत्र से भी सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उक्त ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत बीडीओ जयपाल महतो के नेतृत्व में बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली में शामिल प्रखंड कर्मी, बीएलओ, आंगनबाड़ी सेविका एवं प्लस टू हाई स्कूल के छात्रो द्वारा निकाली गई रैली प्रखंड मुख्यालय से मुख्य पथ होते हुए कपूरी चौक से पुन प्रखंड परिसर तक पहुंची। मौके पर बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि 17 वर्ष से अधिक आयु के जो भी व्यक्ति अगर अभी तक मतदाता सूची में अपना निबंधन, सुधार, स्थानांतरण या नाम विलोपन नही करा सके है, वें लोग अपने अपने क्षेत्र के संबंधित बीएलओ से या वोटर हेल्पलाईन ऐप डाउनलोड कर अविलंब यह कार्य पूर्ण कर लें। इस मौके पर जेई श्याम कुमार चौधरी, पंचायत सेवक अजीत सिंह, विष्णु प्रसाद, धर्मराज सिंह, रोजगार सेवक तहमिद अंसारी, अशोक यादव, बीएलओ सुनील यादव, सत्येंद्र यादव, आंगनबाड़ी सेविका वीणा चौरसिया आदि उपस्थित थे।

## विशुनपुरा की सारांग पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सारांग पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अंचलाधिकारी निधि रजवार, प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा, जिला परिषद सदस्य शंभूराम चंद्रवंशी, प्रभुख दीपा कुमारी, मुखिया ब्यूटी सिंह, प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि सहित कयी विभाग के अलग अलग स्टॉल लगाए गए थे, जहां सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर समाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक निशांत कुमार, जेई सह बीपीओ मनोज कुमार, पंचायत सेवक रामप्रवेश सिंह, प्रखण्ड समन्यक नागेन्द्र मेहता, प्रखण्ड समन्यक पंचायती राज सुबोध कुमार, बीटीएम राकेश कुमार, प्रखंड नाजि मुकुल कुमार, वरुण मिश्रा, पिनाकी चतुवेर्दी, नागवंत प्रजापति, राजू कुमार, सीआरपी महेंद्र गुप्ता, भीएलडब्ल्यू राकेश बैठा, प्रभारी प्रधान सहायक शिवपूजन उरांव, सहायक नेपोलियन कुजूर, अंचल अमीन नीरज कुमार चौबे, अनुसेवक मनोज झा, आप्रेटर अरविंद कुमार,पंकज कुमार,एजाज अंसारी,सुरेंद्र ठाकुर,कमलेश कुमार, मुखिया ललित नारायण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक पासवान, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र दीक्षित, एएसआई बिनोद कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** जिला भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन, सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा

# राज्य की स्थिति बेहद खराब राष्ट्रपति शासन ही विकल्प

**हाई स्कूल से प्रखंड कार्यालय तक निकाली आक्रोश रैली, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झामुमो सरकार हर मोर्चे पर विफल : अलखनाथ पांडेय**

भाजपा नेता अलखनाथ पांडे ने झामुमो गंठबंधन की सरकार को सभी मोर्चे पर विफल बताते हुए लोगों से ईमानदार नेता चुनने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने लोगों से बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर अधिक ध्यान देने की बात कही।

**मेराल।** राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के नेता अमित सिंह, अलखनाथ पांडे, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी की अगुवानी में मेराल प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन कर राज्य सरकार के विफलताओं को गिनाते हुए प्रहार किया तथा राज्यपाल के नाम 10 सूत्री ज्ञापन सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मेराल हाई स्कूल से रैली निकाली गई। इस दौरान नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री के साथ-साथ स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे जहां सभा में तब्दील हो गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में अपराध, बलात्कार, हत्या, भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रदेश भाजपा के संगठन प्रभारी अमित सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि तीन साल के कार्यकाल में विकास के बदले लूट खसोट, भ्रष्टाचार, अपराध को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक सह मंत्री द्वारा विकास पूछने वाले को टांग तोड़ने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मंत्री की इस गीदड़ भभकी से भाजपा के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं और इसका माकूल जवाब देने के लिए हमेशा तैयार हैं। पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि प्रदेश में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार जब से बनी है पूरे राज्य में विकास कार्य अवरुद्ध हैं। यहां अपराध तथा भ्रष्टाचार चरम पर है, इसलिए प्रदेश वासियों की भलाई के लिए राष्ट्रपति शासन ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का नाम लिए बगैर उनपर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भईया जी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। गढ़वा सहित पूरे प्रदेश में अपराध का ग्राफ बढ़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि रांची के शशिनाथ झा हत्याकांड की तरह ही चिनिया के अयुब मंसूरी की हत्या एक साजिश के तहत की गई है। जिसकी सीबीआई जांच हुई तो यहां के जनप्रतिनिधि भी लपेटे में आयेंगे। उन्होंने मंच के माध्यम से सीबीआई जांच की मांग की। श्री तिवारी ने एन एच 75 के चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि की मुआवजा राशि को बाजार मूल्य के 4 गुना देने की मांग की। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में विकास कम, लूटपाट एवं अपराध का ग्राफ बढ़ा है, जिससे लोगों में असुरक्षा एवं भय व्याप्त है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे, जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, हरेंद्र द्विवेदी, संतोष दुबे, युवा मोर्चा के रितेश चौबे, उमेश कश्यप, रिंकू तिवारी, महेंद्र सिंह, डॉ विश्वनाथ ठाकुर, डॉ लाल मोहन, विकास द्विवेदी, चंद्रमणि पाठक, रुपू महतो, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, मुखिया वीरेंद्र तिवारी, विजय पाल, मनोज चौधरी, कुंती देवी, विजय सिंह, विजय प्रसाद, हरे कृष्ण मेहता, शंभू मेहता सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल तथा संचालन उदय कुमार कुशवाहा तथा धन्यवाद ज्ञापन राजेश यादव के द्वारा किया गया।

## बंशीधरनगर भाजपा शहरी व ग्रामीण मंडल का राज्य सरकार के खिलाफ विराट जन आक्रोश प्रदर्शन आज

**जंगीपुर स्टेशन रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में दोनों मंडल के पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्रीबंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी के जंगीपुर स्टेशन रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार को भाजपा शहरी मंडल व ग्रामीण मंडल के अध्यक्षों ने बैठक आयोजित की। बैठक में दोनों मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ विराट जन आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। बैठक की जानकारी देते हुए पार्टी के नेताओं ने बताया की भाजपा प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार 10 नवंबर गुरुवार को शहर के चेचरिया स्थित अंबा लाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय से प्रखंड परिसर तक राज्य सरकार के खिलाफ विराट जन आक्रोश विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम 11 बजे अपराह्न में किया जाएगा। जिसमें भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। बैठक में मंडल प्रभारी अनिल चौबे, मुकेश चोबे भाजपा, वरिष्ठ नेता मथुरा पासवान, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि बिभुतिभूषण चौबे, अशोक सेठ, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू, अभिषेक चौबे, राजेंद्र प्रताप देव, सत्येंद्र चौधरी, वरुण कुमार तिवारी, सुदेश्वर विश्वकर्मा, आशुतोष पांडेय, सत्यनारायण पाण्डेय, नारद प्रजापति, इसराइल अंसारी, चिंटू तिवारी, संजय चौबे, जितेंद्र यादव, मुकेश कुमार, उपेंद्र सिंह, नगीना सिंह एवं सभी पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह, रमेश चंद्रवंशी, संतोष मेहता, अक्षयवर प्रसाद, शिव यादव, राजू मेहता, उबेश्वर प्रजापति, सूर्यनाथ प्रसाद, मनोज गुप्ता, अनुज चौधरी, डब्लू दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीसी से मिले पूर्व विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी बुधवार को शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीसी रमेश घोलप के साथ मुलाकात की। इस दौरान पूर्व विधायक के साथ शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था। पूर्व विधायक ने डीसी को शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिले के 20 शिक्षकों का प्रोन्नति से संबंधित सभी तरह की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। उक्त शिक्षकों को प्रोन्नति देने से संबंधित मामलें में क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक पलामू ने भी अपनी सहमति जता दी है। उसके बावजूद शिक्षकों का प्रोन्नति देने से संबंधित मामलें को जान-बूझकर लटका कर रखा गया है। डीसी ने पूर्व विधायक को 20 नवम्बर तक शिक्षकों के प्रोन्नति से संबंधित मामलें को निष्पादित करने का भरोसा दिलाया। डीसी से मिलने के बाद बाहर निकले पूर्व विधायक ने कहा कि जिले के 20 शिक्षक अपनी जायज मांग को लेकर दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले के डीसी ईमानदार और सुलझे हुए कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हैं। उन्होंने शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित लंबित मामले को त्वरित निष्पादन का भरोसा दिया है।

मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री संतोष दुबे, शिक्षक कृष्ण मुरारी पांडेय, अवध बिहारी मिश्रा, अजय प्रकाश द्विवेदी, परमेश्वर धर दुबे, अर्जुन पांडेय सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## झामुमो नेता की हत्या का एक और आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** चिनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों मुखिया पति अयूब मंसूरी की हत्या गोली मारकर अज्ञात अपराधियों कर दी थी। जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंका के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त तीन अपराधियों की गिरफ्तारी कर 2 नवंबर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। जबकि वहीं घटना में संलिप्त एक अन्य अभियुक्त जो फरार चल रहा था लगातार छापामारी कर उसे भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साथ ही घटना प्रयुक्त किए गए हथियारों की भी बरामदगी कर ली गई गिरफ्तार अभियुक्त धुरकी थाना क्षेत्र के करवा पहाड़ निवासी दीपदान अंसारी के पुत्र कुर्बान अंसारी उर्फ सुखड़ा है, जिसके पास से बरामद 12 बोर का एक देसी कट्टा 315 बोर का देसी कट्टा दो. 7.65 एमएम का देसी पिस्टल एक, 315 बोर की गोली 10, 12 बोर की गोली 6, 7.65 एमएम की गोली 7 मिली है। गिरफ्तार आरोपी पहले से लूटपाट, गौ तस्करी जैसी अन्य घटनाओं में संलिप्त रहा है। छापेमारी में एसडीपीओ रंका सुदर्शन आस्तिक, चीनिया थाना प्रभारी वीरेंद्र हांसदा, चिनिया पुलिस अवर निरीक्षक दयानंद यादव, धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार एवं चीनियां थाना शस्त्र बल शामिल है।

झारखंड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के अन्तर्गत अति अल्पकालिन निविदा संख्या :–10/2022-23 दिनांक 01.11.2022 है। PR 281248 Rural Works Department (22-23)_D द्वारा दिनांक–03.11.2022 को प्रकाशित हुआ था। प्रकाशित निविदा के ग्रुप संख्या (4), (5), (6) एवं (7) के योजनाओं का निविदा अपरिहार्य करणों से स्थगित किया जाता है।

बाकी सभी शर्तें यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल गुमला

PR281723 (Rural Work Department)22-23*D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन,
प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, रामगढ़

"अप्रेन्टिसशिप मेला" दिनांक 14.11.2022
आवश्यक सूचना

DGT, Ministry of Skill Development & Entrepreneurship, Govt. of India का पत्रांकः– RDSDE/Ranchi/ App/1/2021/765 दिनांकः– 20.10.2022 के आलोक में सूचित किया जाता है कि MSDE भारत सरकार द्वारा जिला नियोजनालय–सह –मॉडल कैरियर सेन्टर, रामगढ़ परिसर में दिनांकः– 14.11.2022 को ßPM National Apprenticeship Mela – PMNAMÞ का आयोजन किया जा रहा है।

अतः सभी इच्छुक आई0टी0आई0 उत्तीण प्रशिक्षणार्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं फोटोग्राफ के साथ स–समय पूर्वाहन 10 बजे उपरोक्त वर्णित स्थल पर आयोजित अप्रेंटिसशिप मेला मे भाग लेना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त संदर्भ में राज्य अवस्थित सभी औद्योगिक ईकाईयों से अनुरोध है कि अपनी प्रविष्टि जिला नियोजनालय, रामगढ़ अथवा (https://dgt.gov.in/appmela2022/candidate_registration.php) में दर्ज करते हुए उक्त आयोजित मेला में भाग लेने की कृपा करें।

जिला नियोजन पदाधिकारी, रामगढ़

PR.NO.281796 Labour Employment and Traning(22-23):D

## सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर-गढ़वा मुख्य मार्ग यहां पाल्हे कला गांव में हुई सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना बुधवार की अहले सुबह की है। घायलों में यूपी मिजार्पुर के पीयूष सेठ, जितेंद्र सिंह, चुनार के वीरेंद्र कुमार एवं रामपुर के राजन सिंह के नाम शामिल हैं। पाल्हे कला गांव के युवक पीयूष चौबे एवं शिवम चौबे ने सभी घायलों को इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों के मुताबिक सभी लोग यूपी 65 ई एच 4780 नामक स्विफ्ट डिजायर कार से यूपी के बनारस से झारखंड के डाल्टनगंज जा रहे थे। इसी बीच पाल्हे कला गांव के निकट कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे को तोड़ते हुये सीधे पेड़ से टकरा गई। जिससे उसपर सवार सभी लोग घायल हो गये। घटना के तुरंत बाद मॉर्निंग वॉक में जा रहे पाल्हे कला गांव के युवक पीयूष चौबे एवं शिवम चौबे ने सभी घायलों को तत्काल टेम्पो में लादकर इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों का हाल जाना तथा कार को जब्त कर लिया।

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग।
बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, हजारीबाग झील रोड स्थित निर्मित भवन का खुला डाक के माध्यम से बन्दोवस्ती किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 10.11.2022 से 25.11.2022 तक नगर निगम कार्यालय के एकल खिड़की से फार्म 2500.00 रुपये की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो Municipal commissioner, Hazaribag Municipal Corporation के नाम से भुगतेय होगा का बैंक ड्रॉफ्ट जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते है।

| क्रमांक | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | झील रोड स्थित निर्मित भवन का संचालन एवं रख–रखाव | 20,00,000/- | 10,000/- |

नोट – डाक की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 281731 Urban Development and Housing(22-23)D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(आपूर्ति शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा

नगरपालिका आम निर्वाचन, 2023 के संचालन के निमित मतदाता सूची मुद्रण कार्य के लिए दर निर्धारित हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्मो दिनांक 18.11.2022 के पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक 18.11.2022 को अपराह्न 02.00 बजे तक अति अल्पकालीन मुहरबन्द निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। संबंधित विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट (www.khunti.nic.in) पर एवं जिला आपूर्ति कार्यालय, खूँटी के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, खूँटी।

PR.NO.281833 District(22-23):D

**बैठक :** गढ़वा जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत 12 नवंबर को

# राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ आमजनों को उठाना चाहिए : पीडीजे

**राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने सभी सुलहनीय मामलों के निष्पादन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के कार्यालय मे संपर्क कर सकते हैं : कुमार विपुल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढवा।** जिले में आगामी 12 नवंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण तथा अन्य सुलहनीय विवाद संबंधी मामलों के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के राजेश शरण सिंह ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आम जनों से राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उनके सुलहनीय विवादों के समाधान हेतु मामलों को प्रस्तुत करने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा प्री लिटिगेशन तथा बैंकिंग प्रक्रिया में होने वाली किसी भी सामान्य समस्या का समाधान किया जा सकता है। जिससे आम लोगों को राहत मिल सके। अतः ऐसे मामलों का राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा निष्पादित करने में सहायता ले सकते हैं। उन्होंने आम जनों से यह भी अपील की है कि उनके पेंशन तथा अन्य मामलों को भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय लोक अदालत से होने वाले लाभ की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने हेतु उक्त प्राधिकार निरंतर प्रयत्नशील है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के सचिव कुमार विपुल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने बैंक ऋण, पेंशन, बीमा, मुआवजा, वन अधीनियम, शमनीय फौजदारी मुकदमा, दीवानी वाद, राजस्व वाद, दूरसंचार वाद, सर्विस मेटर, पेंसन मामले, वैवाहिक वाद, भू-अर्जन वाद, मोटरयान दुर्घटना क्लेम संबंधित सभी सुलहनीय मामलों के निष्पादन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के कार्यालय मे संपर्क कर सकते हैं।

## तमाड़ की खबरें

## सोनाहातू में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह मुंडा की प्रतिमा लगाने का हुआ निर्णय

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। किसान सभा और माकपा लोकल कमेटी की बैठक बुधवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रेमचंद पातर ने की। बैठक में 27 फरवरी 2023 को पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह मुंडा की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव रखा गया। जिसे जिला और राज्य कमेटी को भेजने का निर्णय लिया गया। साथ ही 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हर गांवों में कैडर किसान सभा का झंडा फहरायेंगें। इस मौके पर झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष सुफल महतो, उमेश महतो, भुवनेश्वर मुंडा, नारायण मुंडा, विकास सिंह मुंडा, दिनेश महतो, बलराम महली, केपी सिंह, मकर पान, जीतवाहन महतो, डोमन मुंडा, महेंद्र सवांसी, राधामोहन सिंह, सोहन लाल मुंडा, कलेवर मुंडा और दिलीप कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## राहे में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली




राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रशासन और प्लस टू हाई स्कूल के छात्रों ने मतदाता जागरूकता को लेकर बुधवार को जागरूकता रैली निकाली। छात्रों ने साइकिल रैली और प्रखंड प्रशासन ने पैदल रैली के माध्यम से नये मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर जागरूक किया। रैली प्रखंड कार्यालय से भगतसिंह चौक होते हुए सुभाष चौक तक आया। छात्राओं ने बैनर और तख्तियों के माध्यम से अपील की। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कमलकांत सेठ ने कहा कि मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के दौरान सभी मतदाता केंद्रों में बीएलओ की ओर से पंजीकरण और सुधार के लिए आवेदन लिए जाएंगे।

## बैडमिंटन ग्रुप 'ए' से संतोष व सिद्धांत, ग्रुप 'बी' मनीष व आदित्य ग्रुप सेमीफाइनल में

बुंडू (आजाद सिपाही)। शहीद रमेश सिंह मुंडा स्मारक खेल महोत्सव के तीसरे दिन बैडमिंटन ग्रुप 'ए' से संतोष व सिद्धांत ग्रुप 'बी' मनीष व आदित्य ग्रुप 'सी' से राकेश व सुशील ग्रुप 'डी'से गोपाल व यशपाल ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्रिकेट में कांची पंचायत थर्ड सेमीफाइनल में प्रवेश किया फुटबॉल में ब्रदर्स स्पॉटिंग पेड़ाईडीह थर्ड सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, मुंडा ब्रदर्स एदेलहातु वॉलीबॉल टीम थर्ड सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कैरम में थर्ड राउंड विनर निखिल व कुलदीप और विवेक व अजय क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महिला फुटबॉल टीम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बुंडू फाइनल में प्रवेश किया। इस मौके पर उमेश महतो, मेथा पाल, राजीव लोचन महतो, शिवनाथ मुंडा, सजल कुंडू, कमलाकांत दास आदि उपस्थित थे।

## अवैध बालू ले जा रहे सात वाहन जब्त

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दूबे ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू लदे छह हाईवा को जब्त किया। जबकि दो अन्य वाहन भागने में सफल रहे। घटना मंगलवार रात की है। वाहनों को टुटकी टेली मार्केट के समीप से जब्त किया गया। इसके अलावा लुपुंग मेन रोड दुर्गा मंदिर के समीप से एक एलपी जब्त किया गया। सीओ ने कहा कि जब्त गाड़ियों को सिल्ली थाना परिसर में रखा गया है। साथ ही जिला खनन पदाधिकारी को विधि संबंध कर्रवाई करने के लिए लिखित आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी अवैध वालू कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई होती रहेगी।

## तीन गोल कर आमलेशा ने दर्ज की जीत

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ विधानसभा स्तरीय खेल महोत्सव के तहत आमलेशा मैदान में शहीद रमेश सिंह मुंडा स्मारक खेल के तहत हॉकी के प्रथम चरण का मैच खेला गया। पहला मैच आमलेशा बनाम चुटीयाबेड़ा के बीच खेला गया। जिसमें आमलेशा ने तीन गोल कर जीत दर्ज की। वहीं, दूसरा मैच आराहंगा बनाम आड़ीलोहार (परासी) के बीच खेला गया, जिसमें आरहंगा एक गोल से विजयी रहा। आराहंगा का अगला मैच बुधवार को अड़की के चलकद मैदान में हुआ। जिसका शुभारंभ तमाड़ प्रमुख , विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्या भवानी मुंडा, मुखिया आमलेशा, हरिश मुंडा, पंचायत समिति सदस्या प्रमिला देवी,, रामचरण महतो, सुबोध कुंडू, अब्राहम हंसा, काजल नायक तमाड़ बीडीओ गिरिजाशंकर महतो, मलिन महतो, अनिल महतो, हीरा सिंह मुंडा, मुकेश गुप्ता, संजय प्रामाणिक, रंजीत सेठ, विषम मुंडा,पंचानन सिंह मुंडा, सहदेव सिंह मुंडा, बलदेव सिंह मुंडा आदि ने किया। मैच के सफल आयोजन में मैच रेफरी करम सिंह मुंडा एवं नीरज का योगदान सराहनीय रहा।

## तमाड़ में सरकार आपके द्वार का आयोजन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पेड़ायडीह पंचायत में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भगवान बिरसा मुंडा, महात्मा गांधी एवं बाबा साहेब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। मुखिया अनिता देवी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डाला और आये अतिथियों का स्वागत भी किया। वहीं, बीडीओ गिरिजा शंकर महतो ने कहा कि सरकार का हर विभाग जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए आया है। उन्होंने लाभार्थियों से ज्यादा से ज्यादा अपनी समस्याओं का निराकरण करवाने की अपील की। वहीं, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा ने कहा कि केंद्र और और राज्य सरकारों की ओर से कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन आम नागरिकों के लिए किए जा रहे हैं, जिसका सीधा लाभ लेने का एक बड़ा मौका कार्यक्रम के माध्यम से दिया जा रहा है। सभी को शिविर का लाभ लेना चाहिए। इस मौके पर सीओ विमल सोरेन, जेएसएलपीएस के प्रखण्ं प्रबंधक रामकृष्ण महतो, मुखिया अनिता देवी, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा, विधानसभा प्रतिनिधि मृत्युंजय महतो, पंचायत समिति के कृष्ण सिंह मुण्डा, सरला देवी, आदि मौजूद थे।

## वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता का निधन, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय समेत अन्य ने जताया शोक

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता रोहिण महतो (75) का बुधवार को निधन हो गया। वह लांदुपडीह गांव के रहने वाले थे। इस दिन लांदुपडीह डोमड़ा नदी श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से पार्टी के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, पार्टी प्रवक्ता राकेश किरण महतो, अजय साहू, जिला महासचिव निशिकांत गोंझू, प्रखंड अध्यक्ष अजगूत महतो, प्रमुख विक्टोरिया देवी, उपप्रमुख सविता देवी, आशतोष सिंह मुण्डा, राधामाधव सेठ, जीवन महतो, बिनोद मानकी, इंद्र महतो, जगदीश महतो, महानंद पुरान, नगेंद्र महतो, जोगेंद्र सेठ, मुकुंद यादव, ब्रजेश पाण्डेय, साधु महतो, किरण मांझी, और सुखदेव महतो आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### कर्रा प्रखंड के तिरला गांव में रास मेले का विधायक ने किया उद्घाटन

# हमें झारखंड की परंपराओं को बचाकर रखना है: कोचे मुंडा



रास मेले का उद्घाटन करते विधायक कोचे मुंडा व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** रास मेला झारखंड की सबसे पुरानी परंपराओं में से एक है। धान की फसल पकने की खुशी में लोग ईश्वर का आभार व्यक्त करने के लिए नाच गाकर खुशियां मनाते हैं। ये बातें तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कहीं। वे बुधवार को कर्रा प्रखंड के तिरला गांव में आयोजित रासमेला का उद्घाटन करने के बाद जन समुदाय को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रास मेला समाज के लोगों का आपस में मिलने जुलने का आज भी बहुत बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को बनाये रखने की जरूरत है। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह आदि मौजूद थे।

## खूंटी में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

खूंटी (आजाद सिपाही)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार को जिले में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 का शुभारंभ हुआ। मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग की संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह मुख्य संयुक्त सचिव ने समाहरणालय परिसर से मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही साइकिल रैली एवं पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसके अलावा हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया गया। समाहरणालय परिसर से निकाली गई साइकिल रैली एवं पद यात्रा मुख्य पथ से होकर भगत सिंह चौक तक गई और वापस समाहरणालय पहुंच कर समाप्त हुई। कार्यक्रम में निवार्चन साक्षरता क्लब के पदाधिकारी, सदस्य व स्कूली बच्चे-बच्चियां सहित अन्य शामिल थे। इससे पूर्व मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग की संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में बैठक की गई। इसमें उन्होंने मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए वोटर एप्प के महत्व पर प्रकाश डाला।

## समाज में आपसी प्रेम और समरसता बढ़ाता है जतरा: नीलकंठ सिंह मुंडा



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिले के कर्रा और खूंटी प्रखंड के विभिन्न गांवों में देवठान जतरा का आयोजन किया गया। कर्रा के कुदलुम और हाकाजांग और खूंटी के जियरप्पा में आयोजित जतरा में पारंपरिक वेशभूषा और वाद्ययंत्रों के साथ कई गांवों के लोग पहुंचे। खुशियां मनाई गई और लोक गीत और नृत्य का भी आयोजन हुआ। इन तीनों गांवों में आयोजित देवठान जतरा में बतौर मुख्य अतिथि खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा शामिल हुए। देवठान जतरा में आए लोगों के रंग-बिरंगे पारंपरिक पहनावे जतरा को रंगीन बना रहे थे। हर तरफ ढ़ोल-नगाड़े, मांदर, झांझ-मंजीरे के मधुर संगीत यहां की प्राकृतिक सुंदरता को चार चांद लगा रहा था। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि झारखंड की भौगोलिक स्थिति ही ऐसी है कि यहां चलना ही नृत्य और बोलना ही संगीत है। गीत-नृत्य यहां के लोगों के रोम-रोम में बसा है। उन्होंने अपने पूर्वजों का धन्यवाद किया, जिन्होंने इतनी समृद्ध संस्कृति और परंपरा विरासत में दे गए हैं। उन्होंने आज के युवाओं का आभार व्यक्त किया, जो पूर्वजों की देन को और भी समृद्ध बनाने में जुटे हैं। विधायक ने कहा कि यह जतरा हमें आपस में मिलने-जुलने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। समाज में आपसी प्रेम और समरसता बढ़ाता है। वहीं, हाकाजांग में देवठान जतरा पर पिछले कई दिनों से चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता के फाईनल मैच विजेता और उपविजेताओं के बीच विधायक ने पुरस्कार का वितरण किया। वहीं जतरा में मिठाई, खिलौने, घरेलु और कृषि उत्पादों की दुकानें भी लगे थे। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो, जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजेश महतो, मदन गोप, बालकिशुन महतो, किशोर बड़ाईक, कंचन सिंह, मुखिया सोमा मिंज, दिलीप सिंहा, सुरज कुमार, बलराम सिंह, रबिया पाहन, बिरसा धान आदि शामिल हुए।

# बहेरा में आयोजित कार्यक्रम में मिले 601 आवेदन, 556 मामलों का हुआ निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** बहेरा पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता टंडवा बीडीओ रंथू महतो ने की। जबकि उद्घाटन टंडवा मध्य जिला परिषद सह 20 सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद आशिक ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में टंडवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी विभागों की ओर से स्टॉल लगाया गया था। इस दौरान विभिन्न समस्या से संबंधित कुल 601 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से अधिकारियों ने 556 मामलों का निष्पादन किया। जबकि बाकी 45 मामलों का आवेदन लंबित रखा गया। इसके अलाला ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। प्रखंड सह अंचल कार्यालय द्वारा लगाये गये स्टॉल में विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो झानो आशिर्वाद योजना, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आवास आदि से संबंधित मामलो की समस्या का समाधान किया गया। बीडीओ रंथू महतो ने वृद्ध, गरीब एंव असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम में लोक सेवा कला संगम प्रतापपुर से आए कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर मुखिया रेखा कुमारी, पंसस बसंती देवी, वार्ड सदस्य पंकज कुमार दास, प्रवेज अंसारी, निखत प्रवीण, शबनम आरा, फहीम रजा और सीमा देवी आदि मौजूद थे।

### समस्याओं को जानने और उसे दूर करने के लिए हुआ कार्यक्रम का आयोजन : बीडीओ

# जिंतु पंचायत में आये 2048 आवेदन, इनमें से 525 का हुआ त्वरित निष्पादन



लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों व स्वीकृति पत्र का आवंटन करते बीडीओ व अन्य।

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जिंतु पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि, सावित्री बाई फुले योजना, मनरेगा, स्वास्थ्य, केसीसी, लगान, वृद्धा पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, जॉब कार्ड, राशन कार्ड अंचल सहित अन्य सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। जहां लाभुकों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और अपनी समस्याओं से संबंधित सैकड़ों आवेदन समर्पित हुए। इस दौरान विभिन्न विभागों के 2048 आवेदन आए। जिसमें से तत्काल 525 आवेदनों का समाधान किया गया। बीडीओ सुचित्रा मिंज ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को जानने और उसे दूर करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।। ताकि जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान कई लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंनत हजाम ने किया। इस मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, मुखिया लखिमनी देवी, सीओ प्यारेलाल, पशुपालन पदाधिकारी धनंजय कुमार, बीपीओ बबिता गोस्वामी, सीडीपीओ ज्योतिका टोप्पो, मुक्ति महतो, आवास पर्यवेक्षक राजीव गुप्ता, बीटीएम दीनानाथ भगत, बसंत महतो, आपूर्ति के भरत महतो, जितेंद्र कोईरी, रविंद्र कोईरी, सहित पंचायत के अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पिपरवार प्रबंधन ने नहीं दिया फंड, बिना कीट के रवाना हुए खिलाड़ी



इंटर एरिया हॉकी टूर्नामेंट के लिए रवाना हुई पिपरवार टीम

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल के कुजू एरिया में 10 नवंबर से शुरू हो रहे सीसीएल इंटर एरिया हॉकी टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए सीसीएल पिपरवार एरिया की हॉकी टीम बुधवार की देर शाम पिपरवार से रवाना हुई। स्थानीय सीसीएल पिपरवार प्रबंधन द्वारा खिलाड़ियों के लिए फंड जारी नहीं किए जाने के कारण खिलाड़ियों में मायूसी देखी गई और वे बिना कीट के ही रवाना हो गए। इस संबंध में पिपरवार हॉकी टीम के मैनेजर रामजतन गंझु और कोच दिलनवाज अंसारी ने बताया कि इंटर एरिया टूर्नामेंट को लेकर सीसीएल के सभी क्षेत्रों में खिलाड़ियों के खेल सामग्री को लेकर फंड जारी कर दिया गया है, लेकिन पिपरवार में अभई तक खिलाड़ियों को फंड मुहैया नहीं कराया गया है, जिस कारण खिलाड़ियों में मायूसी है और वे बिना कीट के ही टूर्नामेंट खेलने के लिए रवाना हो गए। उन्होंने कहा कि 28 नवंबर से कथारा एरिया में सीसीएल इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है, जिसको लेकर पिपरवार की क्रिकेट टीम कड़ी मेहनत कर रही है। हॉकी और क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने स्थानीय प्रबंधन से जल्द खिलाड़ियों के खेल सामग्री को लेकर फंड जारी करने की अपील की है। वहीं, हॉकी टुनार्मेन्ट में रवाना होने वाले खिलाड़ियों में प्रशांत उरांव, राम मुर्मू, ब्रह्मदेव उरांव, राजेंद्र गंझु, रोहण कुमार गंझु, भरत गंझु, सुकर गंझु, विश्वमित्रा कुमार, गोपाल गंझु, शैलेंद्र गंझु, अर्जुन गंझु, संतोष गंझु, महेंद्र प्रधान, मोहन गंझु और मनोज तुरी सहित मैनेजर रामजतन गंझु और कोच दिलनवाज अंसारी शामिल है।

## एनके प्रबंधन ने दिया ड्राइविंग लाइसेंस




सीसीएल प्रबंधन के सहयोग से 10 युवकों को दिया गया मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया में मंगलवार को सीसीएल एनके प्रबंधन द्वारा चार लोगों के बीच हैवी मोटर वेहकिल ड्राइविंग लाइसेंस का वितरण किया। महाप्रबंधक संजय कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त किए चार युवकों को ड्राइविंग लाइसेंस दिया। कहा कि सीसीएल एनके एरिया कोयला उत्पादन के साथ ही कमांड क्षेत्र के ग्रामीणों के कौशल विकास के लिए भी काम कर रही है। इसके माध्यम से युवाओं को विभिन्न प्रशिक्षण देकर उन्हें हुनरमंद बनाया जा रहा है। इसी क्रम में सीसीएल के सहयोग से लातेहार में 10 ग्रामीणों को हैवी मोटर व्हीकल का प्रशिक्षण दिलाया गया था। पूरी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उक्त लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस दिया गया है। ताकि वे लोग प्रशिक्षित चालक के रूप में अपनी आजीविका बेहतर तरीके से जी सके। इस मौके पर एसओपी ज्योति कुमार, मुखिया सुनीता देवी, मुखिया शांति देवी, श्रमिक नेता सुनील कुमार सिंह, अमरभूषण सिंह, गोल्डेन यादव और एसएन सिंह आदि उपस्थित थे।

## रग्बी के राष्ट्रीय शिविर में खूंटी के डेविड मुंडा का चयन



खूंटी (आजाद सिपाही)। पूणे में आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय अंडर 18 रग्बी शिविर के लिए खूंटी के डेविड मुंडा का चयन किया गया है। अंडर 18 रग्बी शिविर में संभावित 30 खिलाड़ियों का चयन गत 13 जून को पटना में आयोजित नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। इसमें भारतीय टीम के लिए कुल 12 खिलाडियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी अंडर 18 एशियन रग्बी चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधत्व करेंगे। डेविड मुंडा स्थानीय लोयोला हाई स्कूल में रग्बी का अभ्यास करते हैं। डेविड के चयन पर झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु कुमार जालान, वरीय उपाध्यक्ष केके सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, सचिव हेजाज असदक, शादाब खान, सचिन कुमार, संजय हेरेंज, अभिषेक तिरु और नीतीश तिर्की आदि ने बधाई दी है।

## भाजपा के एक दिवसीय आक्रोश रैली और प्रदर्शन में शामिल हुए पिपरवार से भाजपाई

पिपरवार (आजाद सिपाही)। भाजपा झारखंड प्रदेश के आह्वान पर टंडवा में आयोजित हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ जन आक्रोश रैली एवं प्रदर्शन में पिपरवार से कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता बचरा, बेंती, बहेरा, किचटो और कल्याणपुर से टंडवा के लिए रवाना हुए। इस संबंध मे मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि सिमरिया विधायक किशुन दास के नेतृत्व में टंडवा में जन आक्रोश रैली निकाली गयी, जिसके बाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्तमान की हेमन्त सोरेन सरकार हटाने और झारखण्ड बचाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर धीरेन्द्र शर्मा, अजय कुमार उर्फ टन्नु सिंह, रामप्रसाद महतो, राजेश महतो, धनराज भोगता, सोमर गंझु, हैदर अली, अजय सिंह, करण महतो, राधा देवी, संजय गंझू, विक्रम गंझू और अजय रजक आदि मौजूद थे।

## बुंडू के तुंजू में गायत्री महायज्ञ का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तुंजू पंचायत में गायत्री महायज्ञ आयोजित हुआ। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं, गायत्री परिवार की ओर से पूरे अनुमंडल क्षेत्र में महायज्ञ प्रचार प्रसार धूमधाम से किया गया और गायत्री परिवार की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को आमंत्रित किया गया था। बुधवार को रघुवर दास महायज्ञ में सम्मिलित हुए और राज्य की जनता की खुशहाली की कामना की।

## उर्दू दिवस पर 13 नवंबर को मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** क्रिएटिव मिशन झारखण्ड एवं अंजुमन बकाए अदब के संयुक्त तत्वावधान मे आगामी 13 नवंबर को पूर्वाहन में अंजुमन प्लाजा सभागार रांची में उर्दू दिवस के अवसर पर एक शाम नसीर अफसर के नाम एक मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि रांची विवि के पूर्व कुलपति डॉ अनवर अहमद खां तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व डीडीसी व क्रिएटिव मिशन के मुख्य सलाहकार हसीब अख्तर एवं रांची विवि उर्दू के पूर्व विभागाध्यक्ष अहमद सज्जाद होंगे। मंच संचालन उर्दू के मशहुर शायर सोहैल सईद, स्वागत उर्दू शायर व क्रिएटिव मिशन के सीईओ बदरे वकार एवं धन्यवाद ज्ञापन क्रिएटिव मिशन की सचिव श्रीमती महमुदा तब्बसुम द्वारा किया जाएगा। इस मुशायरा सह कवि सम्मेलन में रांची शहर के मशहूर व मारूफ शायर व कवि भाग ले रहे हैं। जानकारी क्रिएटिव मिशन संस्था के सीइओ बदरे वकार ने दी।

## जंगल बचाने गये पर्यावरण प्रेमी झब्बुलाल महतो पर किया गया हमला



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** चतरा सुरक्षित वन क्षेत्र मे अवैध तरीके से जंगलों की हो रही कटाई को रोकने गए पर्यावरण प्रेमी झब्बुलाल महतो के उपर कुछ महिलाओं ने हमला कर दिया। हमले मे झब्बुलाल महतो के सिर पर हल्की चोट लगी है। बताया गया कि जंगलों की अंधाधुंध हो रही कटाई से वे काफी चिंतित हैं। विगत दिनों सूचना मिलने के बाद उनसे रहा नहीं गया और जंगल बचाने के लिए वे चतरा जंगल मे अहले सुबह निकल गए। देखा की बड़ी संख्या मे महिलाएं पेड़ों को बेरहमी के साथ काट रही हैं। उन्हें देखकर कुछ महिलाएं तो वहां से लकड़ी छोड़कर भाग गईं पर कुछ महिलाओं ने मना करने पर उनके उपर हमला कर दिया। वह किसी तरह जान बचाकर वहां से भागने मे कामयाब रहे। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई पर वन विभाग के अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। ज्ञात हो कि झब्बुलाल महतो पिछले तीन वर्ष तक वन विभाग मे वाचर के रूप मे भी काम कर चुके हैं पर आज तक उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। बावजूद वे जान जोखिम मे डालकर आज भी जंगल को बचाने मे लगे हैं।

## साहेदा में लगा कार्तिक देवठान जतरा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** देवगांव पंचायत के साहेदा गांव में बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा देवठान जतरा का आयोजन किया गया इस दौरान मेले में सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। मेला का उद्घाटन जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो , मुखिया दुर्गा उरांव पंसस पुनम टोप्पो समाजसेवी सुखदेव उरांव पुर्व मुखिया संतोष तिर्की ने सामूहिक रूप से फिता काटकर किया । मौके पर जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो ने ग्रामीणों को कार्तिक पूर्णिमा की शुभकमानाएं देते हुए कहा कि देवठान जतरा मेला झारखंडी संस्कृति की धरोहर है। इस तरह के आयोजन से हमें एक दूसरे से मिलने जुलने का मौका मिलता है। वहीं मुखिया दुर्गा उरांव ने कहा कि मेला जतरा जैसे आयोजनों के जरिए झारखंड के आदिवासी और मूलवासी अपनी पुरानी और पौराणिक परंपराओं को जीवित रखते हैं। इस दौरान विभिन्न खोड़हा नृत्य दल के द्वारा सामूहिक रूप से नृत्य किया गया।

## लापुंग प्रखंड के सापुकेरा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सापुकेरा पंचायत सचिवालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, बीडीओ इमानुएल जयवीरस लकड़ा, सीओ विनाश पूर्णेन्दु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अनेक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, पेयजल, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा, राशन कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना,सावित्री बाई फुले योजना ,लगन रसीद आन लाइन काटने समेत 1925 आवेदन आए उसमें 295 का निष्पादन किया गया। मौके पर बीपीओ मनरेगा, सहकारिता पादाधिकारी विजय रंजन तिर्की, मुखिया सबिता उरांव, पंसस, ग्राम प्रधान, प्रखंड कर्मी अभय कुमार, जनसेवक पंचायत सेवक के अलावे पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## बीमार पत्रकार से मिलकर सांसद ने इलाज में हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी डोका टोली निवासी पत्रकार प्रदीप कुमार महतो पिछले कई दिनों हृदय रोग से पीड़ित हैं। जिनका इलाज अभी चल रहा है। यह खबर सुनकर रांची सांसद संजय सेठ बुधवार को नगड़ी डोका टोली प्रदीप कुमार महतो के घर पहुंचे और उनका हाल पूछा। सांसद संजय सेठ ने इलाज में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि प्रदीप महतो पिछ्ले कई दिनों से निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाजरत थे। वहां से कुछ दिन पूर्व घर लौटे हैं। चिकित्सकों ने उन्हें ओपन हार्ट सर्जरी करने की सलाह दी है। मौके पर समाजसेवी भोला महतो, दिलीप महतो, कृष्णा महतो, विजय महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## केसी भगत कॉलेज परिसर से गायब स्कूटी लावारिश अवस्था में बरामद

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टेंगरिया और सरनाटोली के बीच रफैल बांध जाने वाले मोड़ के पास लापुंग थाना क्षेत्र के देवगांव निवासी प्रदीप कुमार सिंह पिता बसंत नारायण सिंह की टीवीएस कंपनी की नीले रंग की स्कूटी लावारिस अवस्था में पड़ी हुई बेड़ो पुलिस ने बुधवार को बरामद की है। स्कूटी का नंबर प्लेट टूटा हुआ है, लेकिन पास की झाड़ी में ऑनर बुक सर्विस बुक सहित कई दस्तावेज पुलिस को मिले हैं। गाड़ी का नंबर जेएच 01 इसी 5533 है। इस मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार यह स्कूटी मंगलवार की दोपहर को बेड़ो के करमचंद भगत कॉलेज परिसर से गायब हो गयी थी। जिसके बाद बुधवार की दोपहर को स्कूटी के मालिक ने अपने गायब हुई स्कूटी के मामले को लेकर बेड़ो थाना में आवेदन दिया था, तब तक स्कूटी लावारशि अवस्था में बरामद हो चुकी थी। बेड़ो पुलिस ने स्कूटी को बरामद कर आवेदन दिये व्यक्ति को कागजी प्रक्रिया के बाद स्कूटी सौंप दिया।

**सूचना जारी :** रातू के जनवितरण दुकानों तक पहुंचा प्रधानमंत्री अन्न योजना का राशन

# इस माह लाभुकों के बीच चार महीने का राशन वितरण करेंगे डीलर

**खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय, झारखंड ने इस संबंध में सूचना जारी करते कहा है कि 12 नवंबर तक कार्डधारकों को बकाया खाद्यान्न दे दिया जाना है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** रातू के विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री अन्न योजना का राशन पीडीएस दुकानों तक पहुंचाने का सिलसिला जारी है। रातू एफसीआई गोदाम जनवितरण दुकानों तक राशन पहुंचाया जा चुका है। रातू के विभिन्न पंचायतों में लगभग 90 जनवितरण की दुकानें हैं। इस बार पांच माह से बंद प्रधानमंत्री अन्न योजना का अनाज भी गरीबों तक पहुंच रहा है। लाभुक इस माह संबंधित पीडीएस दुकानों से अगस्त व सितंबर माह का प्रधानमंत्री अन्न योजना का राशन व अक्टूबर व नवंबर माह का रेगुलर राशन का उठाव करेंगे। विभाग की ओर से इस माह कुल चार माह का राशन गरीबों को आबंटित किया गया है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय, झारखंड ने इस संबंध में सूचना जारी करते कहा है कि 12 नवंबर तक कार्डधारकों को बकाया खाद्यान्न दे दिया जाना है। हर जिले के पीडीएस दुकानदारों को भी चेतावनी के साथ कह दिया गया है कि हर हाल में वे 12 नवंबर तक ऑनलाइन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करेंगे।



### राशन वितरण में मनमानी करने वाले डीलरों पर होगी कार्रवाई : बीएसओ

रातू प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि सभी दुकानों तक अनाज पहुंचाने के अलावा वितरण के लिए निगरानी भी की जा रही है। अगर दुकानदार राशन वितरण करने में कोताही बरतते हैं या कालाबाजारी की सूचना मिलती है तो दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुकान को रद्द किया जायेगा। राशन नहीं मिलने पर कार्डधारी रातू प्रखंड मुख्यालय में शिकायत कर सकते हैं।

**इन पंचायतो में पहुंचा राशन :** बिजुलिया, बाजपुर, गुड़ु, बनापीड़ी, तारूप, पुरियों, कमड़े हुरहुरी, चटकपुर, सुंडिल, कमड़े, पाली, तिगरा में अगस्त, सितंबर व अक्टूबर तीन माह का राशन दुकानों तक पहुंचा दिया गया है। इसके अलावा लहना, फुटकलटोली व सिमलिया पंचायत के लाभुकों को दो माह का राशन अक्टूबर माह का रेगुलर व सितंबर माह का प्रधानमंत्री अन्न योजना का खाद्यान्न दिया जाएगा।

**12 नवंबर के बाद नवंबर माह का राशन का होगा वितरण :** रातू में अगस्त, सितंबर व अक्टूबर महीने के राशन वितरण के बाद 12 नवंबर के बाद नवंबर माह का भी राशन पीडीएस दुकानों तक पहुंचाया जायेगा। जनवितरण दुकानदारों को खाद्यान्न का वितरण लाभुकों के बीच नवंबर माह में ही करना होगा।

## प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक ने मृत जीडीएस कर्मी को दी श्रद्धांजलि

**परिजनों को हरसंभव मदद का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सिल्ली उपडाकघर अंतर्गत बंता-हजाम शाखा डाकघर के जीडीएस एमसी हरिलाल मुण्डा का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। सूचना पाकर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवा कर्मचारी संघ रांची के प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक बुधवार को मृतक के घर पहुंचे तथा पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

मौके पर रामकुमार दीपक मृतक के श्राद्धकर्म में भी शामिल हुए तथा दिवंगत हरिलाल मुण्डा को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। कहा कि जीडीएस कर्मियों ने एक कर्मठ और इमानदार साथी को खो दिया। उन्होंने यह भी कहा कि दुख की इस घड़ी में जीडीएस संघ परिजनों के साथ है तथा हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगा।

मौके पर तुलसी प्रमाणिक, मुकेश कुमार, कालीचरण महतो, अंजनी महतो, मिलन महतो, हेमसागर महतो आदि कर्मी मौजूद थे।



## ठाकुरगांव में संदेहास्पद स्थिति में पिता-पुत्र की मौत

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** ठाकुरगांव इलाके में एक ही परिवार के दो लोगों की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। जबकि दो की स्थिति गंभीर है। जानकारी के अनुसार गुरुगाईं निवासी कलिंदर साहू के पुत्र, बहू व दो बच्चे मंगलवार की देर रात अचानक बीमार हो गए। सभी को आनन-फानन में रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार की सुबह इलाज के दौरान कलिंदर साहू के पुत्र व पोता की मौत हो गई है। जबकि उनकी बहु और पोती की हालत गंभीर बनी हुई है। दो लोगों की मौत किस वजह से हुई है।अब तक इसकी सही जानकारी सामने नहीं आ पाई है। हालांकि बताया जा रहा है विषाक्त भोजन की वजह से इनकी तबियत बिगड़ी थी। जानकारी के मुताबिक कलिंदर साहु के पुत्र, बहू और उनके बच्चों ने बुधवार की रात खाना खाया। इसके कुछ ही देर बाद सभी की हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में स्थानीय लोगों के द्वारा रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बुधवार की सुबह पिता-पुत्र की मौत हो गई। हालांकि स्थानीय सूत्रों के अनुसार पारिवारिक विवाद की बात सामने आयी है। आशंका जतायी जा रही है कि परिवार ने खाने में जहर मिला लिया हो। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## परीक्षा से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर किया गया विचार विमर्श

**वाईबीएन विश्वविद्यालय में पांचवी परीक्षा समिति की बैठक संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में वर्ष 2022 की 5वीं परीक्षा समिति की बैठक बुधवार को सम्मेलन कक्ष में आयोजित हुआ। बैठक की अध्यक्षता परीक्षा नियंत्रक डॉ चंद्रजीत कुमार ने वीसी प्रो डॉ एसपी यादव की देखरेख में की। विशेष निमंत्रण पर सीईओ दीपक कुमार भी बैठक में सम्मिलित हुये। बैठक में डॉ कमल कांत पात्रा, डॉ ब्रजेश कुमार सिंह, डॉ आशीष सरकार, डॉ मनोज कुमार, डॉ अर्पणा शर्मा, डॉ पप्पू कुमार, डॉ अंजनी कुमार, डॉ साजिद अंसारी, डॉ ए सुमती, डॉ तब्सुम परवीन, इं० रितेश निराला और मैरी रोज टिग्गा मौजूद थे।

इस बैठक में मुख्य रूप से परीक्षा से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कई महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई और कई मदों पर सहमति भी बनी। जिसमे मुख्यतः बी-एड द्वितीय वर्ष ईयर, बी एससी (नर्सिंग) चौथा वर्ष,पी बी एससी (नर्सिंग) द्वितीय वर्ष, डी-एड द्वितीय वर्ष, बी एससी (नर्सिंग) द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, पी बी एससी (नर्सिंग) प्रथम वर्ष का (रिजल्ट) परीक्षा परिणामों को जारी करने पर मोहर लगी। वहीं, विश्वविद्यालय के डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, बी-टेक/एम-टेक/ बी-फामेर्सी, बीएससी एग्रीकल्चर/ एमएससी एग्रीकल्चर के छात्रों के परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने के लिए अधिसूचना प्रकाशित करना एवं परीक्षा करने के लिए दिशा निर्देश तय किये गये।



**कार्यक्रम :** चान्हों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक, अधिकारियों को दिये निर्देश

## संबंधित विभाग में जो भी मामले हैं उसका जल्द से जल्द निपटारा किया जाये

**शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदनों का किया गया निष्पादन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को रोल में किया गया। इस शिविर के दौरान चान्हो प्रखंड अन्तर्गत योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही परिसम्पतियों का वितरण किया गया। मनरेगा जॉब कार्ड, धोती साड़ी का वितरण, कंबल वितरण, नरेगा योजना, सेवा की गारटी, स्वास्थ्य जांच, केसीसी, छात्रावृति, 15वें वित्त, ग्रीन राशन कार्ड वितरण, सर्वजन पेंशन योजना सहित अन्य मामले का निपटारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हर हाल में जरूरतमंदों तक पहुंचे। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित विभाग में जो ही मामले हैं उसका जल्द से जल्द निपटारा किया जाये। वहीं जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि सरकार की इस कार्यक्रम का लक्ष्य योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाना है। इस कार्यक्रम के तहत कोशिश की जा रही है कि जो भी जरूरतमंद हैं उनका हक मिलना चाहिए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के प्राप्त आवेदन का त्वरित निपटारा भी किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख होलिका देवी, बीएसओ गोपाल दास, एलइओ पुष्पलता हेम्ब्रम, बीपीओ सरिता कुजूर, बीटीएम बिंदु कुजूर, नाजिर विकास कुमार नाग, अभियंता सरोज राजवान, डॉ रोहन सिंह, मुखिया चंपा उरांव, मना उरांव, शकील अनवर, कयूम अंसारी, इश्तियाक, अब्दुल्ला अंसारी, मकेश्वर महली समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



### महत्वपूर्ण न्यूज

## ओरमांझी के डाक बंग्ला में मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण में अनियमितता की अधिकारियों ने की जांच



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** तीन करोड़ पैंसठ लाख की लागत से ओरमांझी डाक बांग्ला में निर्माणाधीण मार्केटिंग कॉम्पलेक्स की शिकायत लोक सभा सांसद संजय सेठ और राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू से ग्रामीणों के द्वारा की गई थी। सांसदों की पहल के बाद एसडीओ शेखर कुमार, सहायक अभियंता राहुल कुमार और कनीय अभियंता शेखर कुमार, जिप पू सरिता देवी निर्माणाधीन मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स की जांच करने पहुंचे। जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पायी गयी। इस मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण जिला परिषद के फंड से करायी जा रही है। मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स की जांच में मुखिया दीपक बड़ाईक और उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता भी मौजूद थे।

## ओरमांझी में रास मेला का आयोजन




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रास पूजा मेला समिति ओरमांझी के द्वारा मेला का आयोजन। मेला का विधिवत उद्घाटन राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर राज्य सभा सांसद ने मेला में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेला की परंपरा हम सबों को जोड़े रखने का काम करती है। रास मेला में नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था। आर्केस्ट्रा में आए हुए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत से मेला में आए हुए दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मेला के आयोजन में अध्यक्ष सत्य नारायण तिवारी, सचिव दिलिप मेहता, कोषाध्यक्ष प्रयाग महतो, उप कोषाध्यक्ष रवि कांत वर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार मेहता, कुलदीप तिवारी, विक्रांत तिवारी, नीरज पांडे आदि का योगदान सराहनीय रहा। मेला में मुख्य रूप से राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के संग जिप पू. सरिता देवी, पंसस ललिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाइक, सतीश बड़ाइक, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी आदि उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस ने की संगठन विस्तार पर चर्चा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची जिला युवा कांग्रेस की बैठक जिला अध्यक्ष अशोक कुजूर की अध्यक्षता में बुधवार को आरा पंचायत में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो के तहत संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला प्रभारी फरहाद खान शामिल हुये। इस दौरान संगठन की मजबूती को लेकर सभी कांग्रेसियों को आवश्यक निर्देश दिए गये। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को कांग्रेस में जोड़ने के लिए आह्वान किया गया। कार्यक्रम में अशोक कुजूर के द्वारा कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष अमरनाथ मुंडा, महासचिव जलेश कुमार महतो और अरुणा मिंज, सचिव रॉकी कच्छप, संयोजक सोशल मीडिया सपन निकोलस टोप्पो, नामकुम प्रखंड अध्यक्ष अंकित लकड़ा और अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष विशाल कुमार स्वांसी को प्रशस्ति पत्र देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम भजन सिंह मुंडा, कृष्णा कुमार, आश्विन अनुराग बिंहा, अमित टोप्पो, अनुज एक्का, मार्शल शोय मुर्मू, ओलीभ सुरीन, निरल कच्छप, सन्नी के साथ युवा कांग्रेसी साथी शामिल हुए।

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को किया जागरूक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर महिलोंग रांची द्वारा बुधवार को मध्य विद्यालय पोटमाडग दुलमी में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 100 ग्रामीण मरीज उपस्थित हुये। जिसमें बीपी, ब्लड सूगर, हाइड्रोसील, बवासीर, पथरी के मरीज मिले। सभी को आयुष्मान भारत के अंतर्गत इलाज कराने की जानकारी दी गई। मौके पर डॉ एसके निराला ने बताया गया कि आधार कार्ड और राशन कार्ड से आयुष्मान भारत कार्ड बन जाता है। स्वास्थ शिविर में मुख्य रूप से फिजिशियन डॉ गणेश कुमार सिंह, सिस्टर प्रमिला कुमारी, मारिया गोरेटी तिर्की, सेना कुमारी, सोनी कुमारी एवं दिवा पासवान उपस्थित थे।

## बेड़ो में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करांजी गांव में बुधवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ डा. प्रवीण कुमार प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंद्र साहू, जिप सदस्य पार्वती कुमारी, मुखिया फ्रांसिका मिंज, अमीन अंसारी व वार्ड सदस्य उपस्थित थे। जहां पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान तत्काल 18 लोगों को सर्वजन पेंशन की स्वीकृति दी गई। वहीं सावित्रीबाई फुले योजना से 9 बालिकाओं को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। महिलाओं का गोद भराई व बच्चों का मुहं जुठ्ठी किया गया। मौके पर सभी विभाग के पदाधिकारी, कर्मी समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।


## सिकिदिरी के कुच्चू पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुच्चू पंचायत में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ उतम प्रसाद, सीओ पुष्पक रजक, प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, उपमुखिया सहदेव बेदिया, पंसस जोन तिग्गा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में प्रखंड के सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन लिये गये जिसमें पेंशन, स्वीकृति एवं महिला समूहों के बीच परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। इस दौरान 210 जरुरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर उप प्रमुख जयपाल हजाम, बीपीओ अवनिद्र कुमार, गौतम कुमार, पूर्व पंसस पंचमी देवी, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, अर्चना कुमारी, लगनू बेदिया, संतोष बेदिया, उज्जला देवी, अशोक मुण्डा, मुचीराम महतो, गिलू बेदिया जयदेव बेदिया रामू बेदियाआदि उपस्थित थे।

# पूर्व अध्यक्षों के नाम मार्ग होंगे, 15 नवंबर तक साक्ष्य के साथ जानकारी दें : महापौर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर एवं उपमहापौर मंगल सिंह ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए खेद के साथ कहा कि पूर्व के निगम जमींदारों ने निगम में कोई भी ऐसा डॉक्यूमेंट नहीं छोड़ा जिससे यह पता चल सके की निकाय बनने के बाद प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष कौन थे और उसके बाद कब से कब तक कौन अध्यक्ष बने। साथ ही उनका कार्यकाल क्या था। महापौर एवं उप महापौर ने कहा मैं सभी माननीय पूर्व अध्यक्ष और पूर्व उपाध्यक्ष का साक्ष्य के साथ जानकारी उपलब्ध होते ही बोर्ड से सक्सेसर लिस्ट पारित कराकर निगम के बोर्ड रूम तथा महापौर एवं उप महापौर के चेंबर में सक्सेसर बोर्ड बनवाकर स सम्मान लगाया जाएगा। महापौर अरुणा शंकर ने कहा सक्सेसर लिस्ट फाइनल बनने के बाद बोर्ड में पारित करने से पूर्व उस लिस्ट को समाचार पत्रों में प्रकाशित भी करूंगी ताकि अगर किसी का नाम छूटा हो तो साक्ष्य देखते हुए उनका नाम भी जोड़ा जा सके। महापौर ने कहा कि हमारे प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष का निगम भवन में जब मूर्ति लगाया जाएगा वही हमारे माननीय पूर्व सारे अध्यक्ष के आवास जहां भी होंगे उस आवास मार्ग का नाम या चौक माननीय अध्यक्ष के नाम से किया जाएगा। ताकि उनका इतिहास दोबारा कोई मिटाने की हिम्मत ना कर सके। इसी संदर्भ में महापौर अरुणा शंकर एवं उप महापौर मंगल सिंह ने शहर के सभी पुराने माननीय निगम के जानकार लोगों से अनुरोध किया है कि 15 नवंबर तक जिन्हें जो भी जानकारी हो साक्ष्य के साथ मेरे निगम कार्यालय में लिखित रूप से दे ताकि मैं सबके साथ बैठकर आगामी बोर्ड से पूर्व सक्सेसर लिस्ट बना कर बोर्ड से पारित करा सकूं।




# कर्म से देंगे साहस का प्रमाण, युवा जब संभालेंगे नगर की कमान : अरविंद गुप्ता चुनमुन

- **नगर पंचायत कार्यालय परिसर में जनसमस्याओं और रिश्वतखोरी को रोकने को लेकर छतरपुर विकास मंच ने दिया धरना**
- **धरनास्थल पर कार्यपालक अधिकारी को अरविंद के नेतृत्व में नगर के लोगों ने सौंपा मांग पत्र**



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जनसमस्याओं से कराहते छतरपुर नगर पंचायत कार्यालय में छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन के नेतृत्व में एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन नगर के पूर्व और भावी प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में नगरवासी महिला पुरुष और युवा मौजूद रहे। धरना को जितेंद्र राम, कर्मदेव पासवान, कन्हाई गुप्ता, संतोष गुप्ता, प्रेम ठाकुर, हुसैनी प्रजापति, बिक्कू, नागेंद्र राम, संजय चंद्रवंशी, धनंजय चंद्रवंशी, हिर्दयनद गुप्ता अमित यादव, लालती रानी, रूपा देवी, फुदन देवी, कमला देवी, कलावती देवी, राजकुमारी देवी और अरुण ठाकुर सहित कई लोगों ने एकस्वर से नगर में व्याप्त भ्ष्टार्चार का विरोध किया और नगर पंचायत को सुधर जाने की चेतावनी भी दी। इस मौके पर अरविंद गुप्ता ने कहा कि नगर की हालत अत्यंत दयनीय है। लोग बेहद परेशान हैं। चुने हुए लोगों ने नगर को भगवान भरोसे छोड़ दिया है यही कारण है कि करोड़ो खर्च होने के बावजुद नगर का हाल बेहाल है। अरविंद ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो नगर कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इस मौके पर मौजूद अभिभावकों को और महिलाओं को माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया। इस मौके पर लालती रानी, रूपा देवी, फुदन देवी, कमला देवी, राजकुमारी देवी, कलावती देवी, ललिता देवी, रीता देवी, पार्वती देवी, हरिश्चंद्र प्रजापति, रमेश प्रजापति, जयकुश प्रजापति, पीयूष मिश्रा, गोलू कुमार,दीपू कुमार, मनीष कुमार,लाला,रॉकी, नमन साव, रितेश कुमार, राहुल गुप्ता, हुसैनी प्रजापति, रविन्द्र विश्वकर्मा, लालवन्त प्रजापति, विनोद राम, विधेश रजक, भागवत राम, रिंटू राम, सुनील यादव सहित सैकड़ों लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का जन्मदिन मनाया गया

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की जन्मदिन पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव के आवास परिसर मेंराष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने केक काटकर व मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया।मौके पर पूर्व बिधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि बिहार के युवा उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के 33वे जन्मदिन पर यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया और हम सभी राजद परिवार की ओर से शुभ कामना और बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की नेतृत्व क्षमता एवम युवा सोच की वजह से बिहार के साथ-साथ झारखंड प्रदेश की जनता युवा नेता के साथ खड़ी है।मौके पर राजद के युवा नेता रवि यादव ने कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के जन्मदिन को लेकर कार्यकताओं में काफी उत्साह है।हम सभी युवा साथी को उनकी नेतृत्व क्षमता से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से राजद नेता सुदेश्वर राम,अभय यादव,राजेश्वर सिंह,बिमलेश पासवान,रामलखन यादव के अलावे काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



# निस्वार्थ मानवता के पुजारी ही भगवान का स्वरूप होते हैं : कौशल

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडल के लातेहार जिले में गारू प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत फलदार और पूजनीय पौधा लगाकर गुरु नानक देव जी की जयंती मनाते हुए सिख समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी। पर्यावरणविद कौशल ने पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि जो देता है उसे ही देवता कहा जाता है। गुरु नानक देव जी ने जनों की सुरक्षा के लिए मुस्लिम कवि मदार्ना को साथ लेकर दोनों समुदाय के बीच की दूरियों को कम किया था। गुरुबानी की संगीत में उनकी गहरी पैठ थी। सिख के पहले गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव को प्रकाश पर्व या गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने 500 वर्ष पूर्व सिख धर्म की शुरूआत की थी। आज दुनिया गुरु नानक देव जी की पूजा करती है क्योंकि उन्होंने समाज को ज्ञान दिया है। इसका अनुपालन करने पर घर हरियाली से भर जाता है। कार्यक्रम का समापन भगवान शिव के समान वृक्षों पर रक्षाबंधन कर उसे बचाने का संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ वार्डेन रेश्मा लकड़ा, शिक्षिका जिनदीरोस किंडों,संगीता मंजुला टोप्पो, मेरीस्तेला कुजूर,सजीता तिग्गा,विनीता मींज, रोड्स क्वाड आदि शामिल थी।



# नगर अध्यक्ष ने किया 3.50 करोड़ की लागत से बनने वाले बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन का शिलान्यास

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के अनुमंडल कार्यालय परिसर के समीप बुधवार को तकरीबन साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन का शिलान्यास नगर प्रतिनिधियों ने किया।नगर अध्यक्ष शशि कुमार,उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल,अखिलेश यादव,सुहैल आलम आदी ने विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर शिलापट्ट का अनावरण किया। मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि इस बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन के निर्माण से शहर के विकास में एक और अध्याय जुड़ गया है। लोग इस भवन का उपयोग सामाजिक, सांस्कृतिक के अतिरिक्त शैक्षणिक कार्यो के लिए भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही शहर के पंच सरोवर पार्क, जेपी चौक स्थित छठ घाट,गोदामी पोखरा का सौंदर्यीकरण भी करोड़ों की लागत से कराया जाएगा। जिसका निविदा शीघ्र ही प्रकाशित किया जाएगा। प्राथमिकता के आधार पर नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क, नाली,शुद्व पेयजल समेत अन्य विकास योजनाओं पर कार्य तेजी से जारी है।मौके पर मुख्य रूप से राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली,समाजसेवी रणविजय सिंह,रोहन सिंह उर्फ मिंटू सिंह,अनूप सिंह,दिलीप सिंह,राजकुमार कश्यप, सूर्यनाथ पासवान,संतोष शर्मा, अनवर हुसैन, इजहार अंसारी, संजीत कुमार,अशगर खान, सिबतेंन मिर्जा समेत कई लोग मौजूद थे।



# देवरी खुर्द गांव में अधेड़ विधवा महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के एक गांव की एक अधेड़ विधवा महिला 38 वर्ष ने देवरी ओपी में लिखित आवेदन देकर एक युवक पर दुष्कर्म करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी है।दर्ज प्राथमिकी में विधवा ने बताया है की मेरे पति की मृत्यु कुछ वर्ष पूर्व एक दुर्घटना में हो गई थी।पति की मृत्यु के बाद जनवितरण प्रणाली की दुकान चला कर अपने दो बच्चे की परवरिश करती हूं।इसी दौरान गढ़वा जिला के मझिआंव थाना क्षेत्र के गोपालपुर गाँव निवासी दीपक दुबे मेरे फेसबुक से मेरा मोबाइल नंबर 81027 92967 निकालकर अपने मोबाइल नंबर 8709791145 से फोन कर मुझसे संपर्क बनाने लगा,मैं विगत 19अक्टूबर को जपला ग्रामीण बैंक से अनाज के परमिट बनाने के लिए एक लाख रुपए निकालने आयी थी रुपये निकालने के बाद जब मैं घर वापस गई तो इसी बीच वह मेरे घर पर आ गया,और मुझसे रुपये की मांग करने लगा उस वक़्त मैं घर पर कोई सदस्य नहीं थे।उसने मेरे कमर में पिस्टल सटा कर पैसा छीन लिया और जबरन मेरे साथ दुष्कर्म किया और कहा की तुम मुझसे शादी कर लो नहीं तो तुम्हारी अश्लील वीडियो वायरल कर दूंगा, बात नहीं मानी तो तुम्हारे बच्चों को मार डालेंगे।इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने बताया की पीड़िता के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।और महिला को 164 ब्यान और मेडिकल जांच के लिए मेदिनीनगर भेज दिया गया है।

# नीट की तैयारी कर रहे 22 छात्रों के बीच डीडीसी ने टैबलेट का किया वितरण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू की डीडीसी मेघा भारद्वाज ने नीट की तैयारी कर रहे जिले 22 मेधावी विद्यार्थियों के बीच टैबलेट वितरण किया। विद्यार्थियों को ये टैबलेट्स बायजूस,नीति आयोग व जिला प्रशासन की संयुक्त पहल से दिया गया। मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डीडीसी ने कहा कि नीति आयोग के कोलैबोरेशन के साथ बायजूस की ये अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि देश के आकांक्षी जिलों में छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिये नीति आयोग ने बायजूस के साथ भागीदारी की है। इनका चयन जिला स्तरीय परीक्षा के माध्यम से किया गया है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे गरीब वर्ग से आते हैं वैसे बच्चों को ये पहल से सहूलियत होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की उन्होंने कहा कि आज का पढ़ाई आपको भविष्य में हर कदम पर काम आएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी,एपीओ अशोक रजक,विद्यार्थियों के गार्जियन,स्कूलों के प्रिंसिपल व बायजूस की प्रोजेक्ट मैनेजर पूर्णिमा पांडे उपस्थित रही।

# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर निकाला गया वॉकथॉन




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में बुधवार सुबह को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन को रवाना किया। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में आम आदमी की ताकत उसका मताधिकार ही होता है जिसका उपयोग कर वह एक बेहतर सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने मौके पर मौजूद सभी सामाजिक संगठनों के लोगों से मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की। **समाहरणालय परिसर से पुलिस लाइन स्टेडियम तक निकाला गया वॉकथॉन :** स्वीप एक्टिविटीज के तहत बुधवार को अ स्टेप फॉर पार्टिसिपेटिव इलेक्शन थीम पर निकाले गये इस वॉकथॉन में जिले के अपर समाहर्ता,आपूर्ति पदाधिकारी,उप निर्वाचन पदाधिकारी,विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग व समाज के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति शामिल हुए। समाहरणालय परिसर से निकाला गया वॉकथॉन पुलिस लाइन स्टेडियम जाकर समाप्त हुआ।

# झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ पांडू में निकला जन आक्रोश रैली



**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के भ्ष्टार्चार के खिलाफ बुधवार को पांडू भाजपा कार्यकताओं के द्वारा जन आक्रोश रैली निकाली गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्टीय कार्य समिति सदस्य सह त्रिपुरा प्रभारी अशोक सिंह उपस्थित थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह ने किया, रैली की शुरूआत भाजपा मंडल कार्यालय से किया गया जो कि पांडू मुख्य बाजार होते हुए महुगांवा के बांकी नदी पुल पहुंचा वहीं वापसी में कार्यालय परिषर में सम्पप्न हुई, वहीं आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अशोक सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी संघर्ष पर विश्वास करती है, जिसका परिणाम है कि आज पूरे विश्व मे भरतीय जनता पार्टी ने एक अलग पहचान बनाई है, वहीं उन्होंने कहा कि राज्य की हेंमत सरकार के कार्यकाल में पदाधिकारी व कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं जिसके कारण पूरे राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता किसी भी तरह के जनहित कार्य को निदान कराने को लेकर सरकारी दफ्तर पहुंचते हैं तो वहाँ पर मौजूद कर्मचारियों के द्वारा जानबूझकर उस कार्य को टाल – मटोल कर दिया जाता है, जिसके कारण आज गरीब व समाज के अंतिम व्यक्ति के लोग लाभ से वंचित हैं. इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष सुनील पासवान, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रियरंजन, पांडू प्रतिनिधि बिरेन्द्र कुमार सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य शम्भूशरण सिंह, रविन्द्र उपाध्याय, गिरजाशंकर तिवारी,बिफन मेहता, शंकर गुप्ता, कन्हाई राम, पंकज कुमार पांडेय, सुदर्शन सिंह, विमल चंद्रवंशी, मनमोहन पांडेय , राधेश्याम विश्वकर्मा, जनक शर्मा, मुनि देवी, सरजू राम, सोनू सोनी, आसुतोष सुमन, अयोध्या ठाकुर सतीश पासवान, शशिकांत सिंह, श्यामकिशोर सिंह, किरण सिंह, पुष्पलता देवी, रंभा देवी, सोनी देवी, सिपाही चंद्रवंशी, रामाशीष शुक्ला सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे.

# पलामू : और भौचक रह गए खनन पदाधिकारी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार एक बार फिर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर रेस हैं. जिले के पांकी थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में संचालित क्रशर का पुलिस टीम के साथ जांच की. इस दौरान अवैध रूप से संचालित आठ क्रशर को सील कर दिया. वहीं क्रशर में रखे गए 5300 सीएफटी बोल्डर, 22 हजार 5 सौ सीएफटी स्टोन एवं 13 सौ डस्ट को भी जब्त कर लिया. 8



अवैध क्रशर संचालकों के खिलाफ पांकी थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करवायी गई है.

**सूचना पर हुई कार्रवाई**

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सूचना मिली थी कि पांकी थाना क्षेत्र में अवैध क्रशर का संचालन किया जा रहा है. सूचना को गंभीरता से लेते हुए एएसआई गौतम कुमार एवं जवानों के साथ पांकी थाना क्षेत्र के कई जगहों का निरीक्षण किया. इस दौरान जांच में 8 क्रशर बनि लाइसेंस के संचालित पाए गए. वहीं प्लांट में अवैध तरीके से बोल्डर,स्टोन भी भंडारित किया गया था. क्रशरों को सील कर दिया गया और मेटेरियल को जब्त कर लिया।

## इन पर हुई कार्रवाई, इतने मेटेरियल जब्त

1.अजय विश्वकर्मा, पिता जगेश्वर विश्वकर्मा, ग्राम चापीखुर्द,पार्टनर मिथलेश साव,पिता गणेश साव,ग्राम फलवरीया
जब्त बोल्डर 1700 सीएफटी, स्टोन चिप्स 2400 सीएफटी एवं डस्ट 200 सीएफटी

2. अनुज सिंह,बनखेता थाना पांकी पत्थर बोल्डर 12 सौ सीएफटी, स्टोन चिप्स 3 हजार सीएफटी एवं डस्ट 4 सौ सीएफटी

3. विष्णदेव यादव, ग्राम रंगाई थाना,पांकी बोल्डर 500 सीएफटी, 2 हजार सीएफटी स्टोन

4.अजय यादव, पिता सरवन यादव, खपरमांडा,पार्टनर रामचंद्र साहु नावागढ़ बोल्डर 400 सीएफटी, स्टोन 450 सीएफटी

5.शंकर यादव, पिता राजकेश्वर यादव, ग्राम गरीहार बोल्डर 300,स्टोन चिप्स 600 सीएफटी एवं डस्ट 200 सीएफटी

6. अजय यादव,गरीहारा पांकी,पलामू बोल्डर 500 सीएफटी, स्टोन 3000 सीएफटी एवं डस्ट 500 सीएफटी

7. सोनू गुप्ता, पिता रामातार गुप्ता, ग्राम नुरू,थाना पांकी बोल्डर 500 सीएफटी,चिप्स स्टोन 500 सीएफटी

8.संजय साव,पिता गोदावरी साव,ग्राम नुरू,पांकी बोल्डर 200 सीएफटी,स्टोन चिप्स 500 सीएफटी

## स्पोर्ट्स



इंग्लैंड को हमने उनके घर में हराया है, टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए बढ़ेगा आत्मविश्वास : रोहित

# आइसीसी टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा पाकिस्तान, न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

**सिडनी।** पाकिस्तान ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है, जहां उसका सामना भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले मैच के विजेता से 13 नवंबर को होगा। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डेरेल मिचेल (नाबाद 53) और कप्तान केन विलियमसन (46) की बेहतरीन पारियों की बदौलत अपने 20 ओवरों में 4 विकेट पर 152 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने 19.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाकर मैच जीत लिया। 153 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम को बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी की। 13वें ओवर में 105 के कुल स्कोर पर ट्रेंट बोल्ट ने बाबर को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। बाबर ने 42 गेंदों पर 7 चौकों की बदौलत 53 रनों की बेहतरीन पारी खेली। 17वें ओवर में 132 के कुल स्कोर पर रिजवान को बोल्ट ने आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। रिजवान ने 43 गेंदों पर 57 रन बनाए। पाकिस्तानी टीम लक्ष्य से जब 2 रन दूर थी, तभी सैंटनर ने मोहम्मद हारिस (30) को आउट कर न्यूजीलैंड को तीसरा झटका दिया। इसके बाद शान मसूद (03) और इफ्तिखार अहमद (00) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और टीम को 7 विकेट से जीत दिला दी। न्यूजीलैंड की तरफ से ट्रेंट बोल्ट ने 2 और मिचेल सैंटनर ने एक विकेट लिया। इससे पहले इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत खराब रही और पहले ही ओवर में केवल 4 रनों के कुल स्कोर पर शाहिन शाह अफरीदी ने फिन एलन (04) को चलता कर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। इसके बाद डेवोन कॉनवे और कप्तान केन विलियमसन ने पारी को संभालने की कोशिश की। पॉवर प्ले की आखिरी गेंद पर कॉनवे 21 रन बनाकर शादाब खान के सीधे थ्रो पर रन आउट हो गए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लेन फिलिप्स भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 6 रन बनाकर मोहम्मद नवाज का शिकार बने। कप्तान केन विलियमसन 17वें ओवर में 117 के कुल स्कोर पर 46 रन बनाकर शाहिन शाह अफरीदी की गेंद पर बोल्ड हो गए। विलियमसन के आउट होने के बाद डेरेल मिचेल और जिमी निशम ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 152 रनों का स्कोर खड़ा किया।




# अरहान आलम ने हासिल किया अंडर 12 में बेस्ट फाइटर अवार्ड




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य स्तरीय जीत कुने डो 4, 5 एवं 6 नवंबर गुमला में अयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बालक वर्ग अंडर 12 में अरहान आलम ने गोल्ड मेडल के साथ बेस्ट फाइटर खिताब भी अपने नाम किया अरहान आलम पुनदाग के कक्षा 4 के छात्र हैं । आज दिनाँक 8/11/2022 को एस आर डिगऽवी के सहायक प्राचार्य श्रीमती राजश्री वर्मा ने स्कूल असेम्ब्ली में अरहान आलम को सम्मानित किया तथा आने वाले उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर स्कूल की सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### प्राप्त आवेदनों को मौके पर ही स्वीकृत कर किया गया समाधान, लाभुकों में परिसंपत्ति/स्वीकृति पत्र का वितरण

# कल्याणकारी योजनाओं को बचे हुए लोगों तक पहुंचाना ही उद्देश्य : डॉ लंबोदर महतो

**आवेदन प्राप्त करने में झारखंड राज्य में बोकारो तीसरे पायदान पर**

आजाद सिपाही संवाददाता



लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करने विधायक, डीसी, नोडल अधिकारी व अन्य।

**बोकारो।** जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में बुधवार को भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में कसमार प्रखंड अंतर्गत बरईकलां पंचायत में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिला नोडल पदाधिकारी सह सचिव पथ निर्माण/भवन निर्माण विभाग सुनील कुमार भी शामिल हुए। इस मौके पर जिला नोडल पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आम जनों के लिए बेहतर है। बोकारो डीसी के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल संचालन हो रहा है। जिसका प्रदर्शन भी बेहतर दिख रहा है। विभिन्न योजनाओं के लिए शिविर में आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। साथ ही उसका त्वरित निष्पादन भी हो रहा है। उन्होंने मौके पर उपस्थित सचिव पथ निर्माण विभाग को क्षेत्र के विभिन्न सड़कों के निर्माण की स्वीकृति देने की भी बात कहीं। वहीं, विधायक ने कहा कि आम जनों की सहूलियत के लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले में आवेदन प्राप्त होने का प्रतिशत 11 है, जो बेहतर हैं। सरकार का इस कार्यक्रम के पीछे की मंशा छूटे हुए लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और लाभ पहुंचाना है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 20-22 कल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को अच्छादित करने का काम किया जा रहा है। शिविर में ऑन स्पॉट मामले निष्पादित किए जा रहे हैं। आवेदकों का ऑन लाइन निबंधन किया जा रहा है, इससे मामलों पर अग्रेतर कार्रवाई (मानिटरिंग) भी की जा रही है। जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन व निष्पादित आवेदनों का प्रतिशत संतोषजनक है, उन्होंने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की। सुनील कुमार ने राष्ट्रीय राज मार्ग स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के जीर्णोद्धार करने, लुगुबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ को राजरप्पा से जोड़ने वाली सड़क निर्माण का सर्वे करने, बहादुरपुर/चतरोचट्टी आदि सड़क निर्माण को जल्द शुरू करने की बात कहीं। वहीं डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को देना है। सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है, जहां उनके द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। डीसी ने बताया कि जिले के विभिन्न पंचायतों, नगर निगम चास एवं नगर परिषद फुसरो क्षेत्र में अब तक 150 से ज्यादा शिविर लगाएं गए हैं। जिसमें लगभग तीन लाख 80 हजार आवेदन प्राप्त हुए है। आवेदन प्राप्त करने में बोकारो जिला सूबे में तीसरे स्थान पर है। वहीं, आवेदन निष्पादन में भी जिले का प्रदर्शन बेहतर है। इस दौरान विधायक, डीसी, नोडल अधिकारी व जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, प्रखंड प्रमुख, मुखिया आदि ने लाभुकों के बीच पेंशन, पीएम आवास, दिव्यांग किट्स, क्रेडिट लिंकेज, कंबल आदि सरकारी योजनाओं के परिसंपत्ति/स्वीकृति पत्र को वितरित किया। इस मौके पर काफी संख्या में पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण व पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### फिर से मौका मिला तो चंदनकियारी को बनाऊंगा मॉडल विधानसभा : उमाकांत



चंदनकियारी (आजाद सिपाही)। आजसू का मिलन समारोह कनकचास गांव में संपन्न हुआ। जिसमें पूर्व मंत्री उमाकांत रजक की उपस्थिति में दर्जनो भाजपा एवं झामुमो कार्यकर्ताओं ने आजसू का दामन थामा। कहा कि आजसू झारखंडी के स्वाभिमान और अधिकार के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। चंदनकियारी के विकास में पार्टी और पूर्व मंत्री उमाकांत रजक का बहुत बड़ा योगदान है। उन्हें आगे भी चंदनकियारी में विकास करने का मौका मिलना चाहिए। आजसू में शामिल हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि चंदनकियारी विधासभा की जनता के साथ धोखा हुआ है। इसलिए वर्तमान जनप्रतिनिधि को सबक सिखाने के लिए आजसू में शामिल हो रहे हैं। वहीं, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने शामिल सभी कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत किया। कहा कि चंदनकियारी के विकास के लिए हमने सड़क, पुल-पुलिया के साथ कुछ अन्य जरूरी काम करवाकर विकास की बुनियाद रख दी थी। खेतों में पानी पहुंचाना प्राथमिकता थी। लेकिन मेरा सपना अधूरा रह गया। आगे मौका मिला तो चंदनकियारी को मॉडल विधानसभा के रूप में विकसित करूंगा। उन्होंनें कहा कि चंदनकियारी में विकास की गति धीमी पड़ गयी है।

### पति की हत्या के बाद इंसाफ के लिए पत्नी ने की बेटे और बेटी के साथ धरने पर बैठने की घोषणा



ललपनिया (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड अंतर्गत धवैया मॉवलिंचिंग में हत्या कर दिए गए अंजुमन कमेटी के सदर (अध्यक्ष) 45 वर्षीय इमरान अंसारी की पत्नी ने अपने बेटे और बेटी को साथ लेकर 15 नवंबर से महुआटांड़ थाना के द्वार पर धरना पर बैठने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक सहित विभिन्न अधिकारियों को भेजें आवेदन में मृतक की विधवा रहीमून खातून ने मुख्य साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी नहीं होने की शिकायत की है। मृतक के पुत्र इंजेमामूल हक और चाचा अफ्जल अंसारी ने उक्त पत्र की एक प्रति साडम स्थित भाकपा कार्यालय में आकर झारखंड आंदोलनकारी एवं भाकपा के वरिष्ठ नेता इफ्तेखार महमूद को दी। साथ ही स्थानीय मुखिया सहित कुछ और भी लोगों को साजिश में शामिल होने की जानकारी दी है। वहीं, इफ्तेखार महमूद ने ने सर्वदलीय समिति द्वारा किए जा रहे पहल से अवगत कराते हुए परिजनों को केस के जांच अधिकारी और महुआटांड़ थाना प्रभारी पर भरोसा रखने की सलाह दी है।

### पेड़ की टहनी से लटकता मिला युवक का शव, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका



कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास थाना क्षेत्र की पासीटांड़ में 23 वर्षीय एक एक युवक का शव उसके घर से कुछ दूरी पर पेड़ की टहनी से हमछा के सहारे लटकता पाया गया। उसकी पहचान ऋतिक पासवान के रूप में हुई है। घटना मंगलवार रात की है। बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों की मदद से स्वजन युवक को फंदे से उतारकर निचितपुर क्लिनिक ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया है। इधर मृतक ऋतिक के स्वजनों ने पड़ोस के रहने वाले वाली एक युवती, उसके पिता, मामा व नानी के खिलाफ हत्या की शिकायत दर्ज कराई है। जिससे पासीटांड़ का माहौल गरमा गया। उधर, तनाव की सूचना पाकर बुधवार की पुलिस सुबह पासीटांड़ पहुंची और दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। हालांकि जिस पेड़ की टहनी से शव लटकने की बात कही जा रही है, वहां से गमछा गायब मिला। पुलिस ने वहां से एक जोड़ी चप्पल बरामद की है। वहीं, घटनास्थल से कुछ दूरी पर मृतक का मोबाइल फोन भी मिला, जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक पड़ताल के आधार पर पुलिस ने बताया कि मृतक ऋतिक पेशे से दिहाड़ी मजदूर था। उसका अपने ही मोहल्ले की एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। संदेह के आदार पर युवती के पिता और मामा को पुलिस हिरासत में ले पूछताछ की जा रही है। वहीं कतरास पुलिस का कहना है कि ऋतिक की मौत हत्या है या खुदकुशी इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। लेकिन मृतक की मां मीना देवी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने युवती के पिता प्रभु भुइयां और मामा को पकड़कर थाने ले गई है।

## महंगाई व बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने में जुटी भाजपा: ब्रजेंद्र सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** टुंडी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान भारत जोड़ो कार्यक्रम के तहत बुधवार को टुंडी प्रखंड अध्यक्ष आनंद मोदक के नेतृत्व में टुंडी डाकबंगला से टुंडी बाजार होते हुए कोल्हर मोड़ तक भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें धनबाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष व धनबाद जिला 20-सूत्री के उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, टुंडी विधानसभा के प्रभारी मदन महतो व टुंडी प्रखंड प्रभारी राशिद रजा अंसारी मुख्य रूप से शामिल हुए। जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी के आह्वान पर व राहुल गांधी के नेतृत्व में सात सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया गया है, जो 12 राज्यों एवं 2 केंद्र शासित प्रदेशों से 3500 किलोमीटर दूरी तय कर जम्मू कश्मीर में समाप्त होगी। पार्टी आला कमान के निर्देशानुसार,जिन प्रदेशों से होकर भारत जोड़ो यात्रा नहीं गुजरेगी वैसे राज्यों के जिलों में बूथ स्तर तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित किया गया हैष इसी कड़ी में कांग्रेस उक्त कार्यक्रम को लगातार पांच महीना निरंतर जिला के सभी प्रखंड, नगर, वार्ड एवं पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा आयोजित की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में आज महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस एवं खाद्य सामग्रियों के दामों में बेहताशा वृद्धि कर लोगों की कमर तोड़ दी है। भारत जोड़ो यात्रा इसलिए जरूरी है क्योंकि देश में तानाशाही एवं नकारात्मक की राजनीति की जा रही है और जनता से जुड़े असली एवं ज्वलंत मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश हो रही है। पार्टी द्वारा आयोजित यात्रा का उद्देश्य महंगाई, बेरोजगारी जैसे जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दे पर ध्यान केंद्रीत करना है। पार्टी देश में हिंसा को बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी का उद्देश्य देश में प्रेम भाईचारा सद्भावना बना रहे। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष शंकर प्रजापति, अनिल साव, संजय कुमार महतो, रमन मिश्रा, अरशद कलीम, निशा सिंह, मजीद अंसारी, सिद्दीक अंसारी, राहुल सिंह, रोहित सिंह, वकील बाउरी, जादू रविदास, मिथुन रजवार, मुकेश रविदास, संजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

### सांसद व बाघमारा विधायक ने हरी झंडी दिखाकर इंटरसिटी ट्रेन को किया रवाना

# एक महीने के अंदर डीसी ट्रेन चालू कराने का करेंगे प्रयास: चंद्र प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद-रांची इंटरसिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद, विधायक व अन्य।

**कतरास।** डीसी रेल्वे लाईन की बंद सभी ट्रेन को जल्द खुलवाने का प्रयास करेंगे। एक माह के अंदर डीसी ट्रेन को चलवाने का रह संभव प्रयास रहेगा। 18 नवंबर को धनबाद डीआरएम व रेल्वे बोर्ड की बैठक है, जिसमें इस मुद्दे को उठाएंगे। वहीं, विधायक ढुल्लू महतो के साथ जल्द रेल मंत्री से मुलाकात करूंगा। अंग्रेजों के जमाने के कतरासगढ स्टेशन को आधुनिक स्टेशन बनायेंगे। उक्त बातें विधायक ढुल्लू महतो ने कही। कहा कि बुधवार को इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होना बहुत ही खुशी की बात है। जन हित में सांसद और मेरा प्रयास होगा कि डीसी लाईन के बंद सभी 26 जोड़ी ट्रेनों को जल्द चालू कराया जायेगा।

विधायक ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक राजस्व देने वाला स्टेशन कतरासगढ है। धनबाद-चंद्रपुरा रेल खंड का लाइफ लाईन डीसी ट्रेन को भी जल्द चालू कराने का प्रयास करेंगे।उधर, संसद और विधायक ने बुधवार की सुबह छह बजे कतरासगढ स्टेशन से धनबाद-रांची एक्सप्रेस ट्रेन को कतरासगढ स्टेशन पर हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

ट्रेन के कतरासगढ स्टेशन पहुंचते ही कोयलांचलवासियों के साथ गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने ट्रेन के चालक-गार्ड को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इससे पूर्व सासंद एवं विधायक का कतरास थाना चौक के पास नागरिकों, समर्थकों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर एडीआरएम आशीष झा, सीनियर डीसीएम अमलेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, भरत शर्मा, राकेश सिंह, शेखर सिंह, बच्चू राय, प्रिंस शर्मा, रामा शंकर तिवारी, मनोज लाला, पिंकी सिन्हा, सोनू श्रीवास्तव, संटू लाला, आशीष तिवारी, मो बाबला, प्रिंस शर्मा, कंचन चौरसिया, गौरचंद बाउरी, जीतेश रजवार, अमित भगत, रघुनाथ हजारी, बबलू बनर्जी, कुंदन सिंह, राजू सरदार, राजू सरदार, सुभाष सिंह, रिकी सरदार,धर्मेंद्र गुप्ता, दिनेश उपाध्याय, मंजीत सिंह, किशोरी गुप्ता, रमेश सिंह, शंकर रवानी, सीटू मिश्रा, प्रकाश राम गुप्ता, सूर्यदेव मिश्रा और सरोज विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।


## कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार,रांची

पत्रांक............. **।। आम सूचना ।।** रॉंची / दिनांक–....................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि आपके द्वारा अपने परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराया गया है कि सूची निम्नवत है–

नेशनल परमिट की सूची:–

| S. No. | VEHICLE NO. | VALIDITY PERIOD | NAME AND ADDRESS |
|---|---|---|---|
| 221 | JH01AG0712 | 24-Sep-2021 to 15-Aug-2022 | ANIL KUMAR, VEER KUNWAR SINGH COLONY, AERODRAM ROAD , HINOO |
| 222 | JH01CJ0712 | 16-Aug-2021 to 15-Aug-2022 | ANIL KUMAR, KUNWAR SADAN, AIRPORT ROAD,HINOO |
| 223 | JH01CM0712 | 16-Aug-2021 to 15-Aug-2022 | ANIL KUMAR, KUNWAR SADAN, AIRPORT ROAD,HINOO,DORANDA |
| 224 | JH01BF9315 | 23-Aug-2021 to 22-Aug-2022 | PRAMOD KUMAR, DHARM TOLA CHIYANKI, DALTONGANJ |
| 225 | JH01AQ4043 | 27-Aug-2021 to 26-Aug-2022 | ZUBAIR AHMAD ANSARI, TALAB MUHLLA, BALSOKRA PANDRI |
| 226 | JH08H3628 | 31-Aug-2021 to 30-Aug-2022 | MD FARUKH, RAHAT NAGAR BAGRU ROAD, W.N0 -01 LOHARDAGA |
| 227 | JH01EJ9636 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 228 | JH01EK7713 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | ALLONE INFRA PVT. LTD, I/C GURSIMRAN SINGH, RAJESH HOUSE SADAR THANA ROAD |
| 229 | JH01EJ1071 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 230 | JH01EJ8264 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 231 | JH01EJ5997 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 232 | JH01EJ0455 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 233 | JH01EJ3174 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 234 | JH01EJ2477 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 235 | JH01EJ1921 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 236 | JH01EJ5732 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 237 | JH01EJ4725 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 238 | JH01CZ0318 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAGHWENDRA KUMAR DAS, BIHARI DAS 102 MISTRI PARA, CHAKULIA |
| 239 | JH01EJ9185 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 240 | JH01EJ1281 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 241 | JH01EJ1652 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 242 | JH01EJ2081 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LT D., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 243 | JH01EJ5250 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 244 | JH01EJ0763 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 245 | JH01EJ7664 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 246 | JH01EJ7955 | 01-Sep-2021 to 31-Aug-2022 | RAM KIRPAL SINGH CONST. PVT. LTD., 7TH FLOOR, 702, PANCHWATI PLAZA,, KUTCHERY ROAD, RANCHI |
| 247 | JH01BS4291 | 06-Sep-2021 to 05-Sep-2022 | PREM SHANKAR PRASAD, NAGRA BALUMATH, LATEHAR |
| 248 | JH01BS1098 | 06-Sep-2021 to 05-Sep-2022 | RAJESH KUMAR, HARIMATI APARTMENT, BU RDWAN COMPOUND LALPUR |
| 249 | JH01BS0809 | 06-Sep-2021 to 05-Sep-2022 | PARVEZ ANSARI, NEORI VIKAS, SADAR NEAR VIKAS VIDYALAYA |
| 250 | JH01CZ9959 | 08-Sep-2021 to 07-Sep-2022 | RIJVAN KHAN, JARBA MANDU NEAR SCHOOL, INDRA |
| 251 | JH01DB9782 | 08-Sep-2021 to 07-Sep-2022 | SYED SAROSH ALIM, ADALHATU NEAR MASJID, RANCHI UNIVERSITY |
| 252 | JH01BS1201 | 11-Sep-2021 to 10-Sep-2022 | MRS. BORA LEELA, FLAT NO- F806 ASHADEEP APARTMENT, PURULIA ROAD JORAR NAMKUM |
| 253 | JH01BA1576 | 12-Sep-2021 to 11-Sep-2022 | RENU SHARMA, HUTAP, HUTAP |
| 254 | JH01DG5181 | 14-Sep-2021 to 13-Sep-2022 | DEEPAK KUMAR BHARTI, H.NO 13 SAROJNI GARDEN, DIPATOLI BEHIND SURENDRA NATH |
| 255 | JH01BE5219 | 14-Sep-2021 to 13-Sep-2022 | ANURAG SINGH, C/O KRISHNA KINKAR, A -351 ROAD NO-5 ASHOK NAGAR |
| 256 | WB23B3696 | 15-Sep-2021 to 14-Sep-2022 | PALRIWAL HYDROCARBON & CHEMI P, C/O BIJAOY KUMAR AGARWAL, 701 ISHATVAM KANKE ROAD RANCHI |
| 257 | WB23B3695 | 15-Sep-2021 to 14-Sep-2022 | PALRIWAL HYDROCABON & CHEMI P, C/O BIJOY KUMAR AGARWAL, 701 ISHATVAM KANKE ROAD RANCHI |
| 258 | JH01EK0912 | 15-Sep-2021 to 14-Sep-2022 | R.K MISHRA AND CO, 17 WARD NO 30, DINKAR NAGAR, HATIA |
| 259 | JH01EK6426 | 15-Sep-2021 to 14-Sep-2022 | R.K MISHRA AND CO, 17 WARD NO.30,DINKAR NAGAR, HATIA |
| 260 | JH01DP3130 | 19-Sep-2021 to 18-Sep-2022 | SNEH GUPTA, AT -G/30 MECON SHYAMLI COLONY, DORANDA |
| 261 | JH01DP8860 | 19-Sep-2021 to 18-Sep-2022 | SNEH GUPTA, AT -G/30 MECON SHYAMLI COLONY, DORANDA |
| 262 | JH02AD4995 | 19-Sep-2021 to 18-Sep-2022 | SANTOSH KUMAR PANDEY, SHAHDEO NAGAR HEHAL, RATU ROAD RANCHI |
| 263 | JH01BR0912 | 20-Sep-2021 to 19-Sep-2022 | ANIL KUMAR, VEER KUNWAR SINGH COLONY, HINOO DORANDA |
| 264 | JH01DP1373 | 20-Sep-2021 to 19-Sep-2022 | M/S SHIVACO ASSOCIATES, I/C RAJESH KUMAR SINGH, AT - M-11, SHARMA BUILDING, HARMU |
| 265 | JH01BB6540 | 24-Sep-2021 to 23-Sep-2022 | MOHAMMAD SHAKIL, MISROL KHADAIYA, CHATRA |
| 266 | JH01Z6870 | 24-Sep-2021 to 23-Sep-2022 | JOTI YADAV, C/O SONU KUMAR KESHRI, HS.NO -34 |
| 267 | JH01AK9621 | 26-Sep-2021 to 25-Sep-2022 | M/S RAJGRIHI SINGH, NEAR BIRLA GATE RANI BAGAN, BARIATU |
| 268 | JH01BY7320 | 27-Sep-2021 to 26-Sep-2022 | DEEPAK KUMAR YADAV, PINDARKOM, MARANGLOIYA |
| 269 | JH01BY9733 | 27-Sep-2021 to 26-Sep-2022 | DEVENDRA SINGH, LALIT GRAM COLONY KATHITAND, RATU |
| 270 | JH01EH2586 | 29-Sep-2021 to 28-Sep-2022 | PARWEJ KHAN, C/O MOHAMMAD NAUSAD KHAN, DARZI MOHALLA PITHORIYA |
| 271 | JH01CX5538 | 29-Sep-2021 to 28-Sep-2022 | ABHASH KUMAR, H NO-1701 NEW ROAD RAJABERA, DHORI BEHIND BDO OFFICE PHUSRO |
| 272 | JH01BY2016 | 01-Oct-2021 to 30-Sep-2022 | SANGITA SHARMA, LALIT GRAM COLONY KATHITAND, RATU |
| 273 | JH01BH0189 | 01-Oct-2021 to 30-Sep-2022 | RAJESH SINGH, 129 PANDIT JEE ROAD PO-HAZARIBAGH, PS-SADAR HAZARIBAGH |
| 274 | JH01BY3493 | 01-Oct-2021 to 30-Sep-2022 | BALESHWAR YADAV, PINDARKOM, MARNGLOIYA |
| 275 | JH01DU6510 | 01-Oct-2021 to 30-Sep-2022 | MAHMOOD ANSARI, DHOTHA TOLI, BARGAI MANDAR |
| 276 | JH01AH3410 | 02-Oct-2021 to 01-Oct-2022 | RAJ KISHOR SINGH, QR NO-127 SECTOR-01 HEC COLONY, DHURWA |
| 277 | JH01DP9618 | 02-Oct-2021 to 01-Oct-2022 | BIGAN BHOGTA, A-97 NEAR SHIV MANDIR, DAKRA COLONY, |
| 278 | JH01DP2136 | 02-Oct-2021 to 01-Oct-2022 | RAJESH MUNDA, NAYA DHOURA KHALARI, RANCHI |
| 279 | JH01DP7770 | 02-Oct-2021 to 01-Oct-2022 | SONU RAM, KDH COLONY,NEAR SARNA CLUB, DAKRA COLLERY |
| 280 | JH01AB4034 | 03-Oct-2021 to 02-Oct-2022 | JITENDRA GIRI, HARMU, ARGORA MOB-9430357676 |
| 281 | JH01CA6558 | 04-Oct-2021 to 03-Oct-2022 | MR. ANOJ KUMAR SINGH, ADARSH NAGAR, NAMKUM |
| 282 | JH01AU7121 | 07-Oct-2021 to 06-Oct-2022 | MD. ISMAIL SEKH, C/O NASIM KHAN, TARANGA CHOREYA |
| 283 | JH01BT0343 | 08-Oct-2021 to 07-Oct-2022 | FAIYAZ ANSARI, JAM SINGH ICHATU, RAJRAPPA JAM SINGH |
| 284 | JH01EK8018 | 11-Oct-2021 to 10-Oct-2022 | R.K MISHRA & CO, 17 WARD NO 30, DINKAR NAGAR, HATIA |
| 285 | JH01EK6845 | 11-Oct-2021 to 10-Oct-2022 | RAMJAN KHAN, C/O MD KALIM, S/O ABDUL RAUF, BHATHA MUHALLA AZAD HIND NAGAR |
| 286 | JH01BT2265 | 14-Oct-2021 to 13-Oct-2022 | AFTAB ALAM, 220 HANHAT, HANHAT KURU |
| 287 | JH01CL6567 | 15-Oct-2021 to 14-Oct-2022 | NIRANJAN PRASAD, NEORI VIKAS, NEORI VIKAS |
| 288 | JH01BT2748 | 16-Oct-2021 to 15-Oct-2022 | RAJESH KUMAR, C/O-SAMPATLAL, IRGU ROAD GARIKHANA, GPO-RANCHI |
| 289 | JH01BE5340 | 17-Oct-2021 to 16-Oct-2022 | MD NASIM, MADARSA CHOWK, VILL- BALSOKRA, CHANHO, PANDRI |
| 290 | JH01BJ4449 | 17-Oct-2021 to 16-Oct-2022 | RAJU SINGH, UPKAR NAGAR KADRU, DORANDA ARGORA |
| 291 | JH01BT5214 | 18-Oct-2021 to 17-Oct-2022 | NEELMANI GOBINDA, OLD G-TYPE Q NO- G-9 KHALARI, KHALARI |
| 292 | JH01EK8324 | 20-Oct-2021 to 19-Oct-2022 | KRISHNA RAM BAITHA, 28, NEAR DURGA MANDIR, TUKO, BERO |
| 293 | JH01CS5490 | 21-Oct-2021 to 20-Oct-2022 | MUNTAJIR AHMAD RAZA, KUTE SANDI, SIKIDIRI |
| 294 | JH01EK7504 | 21-Oct-2021 to 20-Oct-2022 | VISHAL INFRASTRUCTURE, C/O ANIL KUMAR KESHRI, 668, OPP ICICI ATM, MAIN ROAD, HATIYA |
| 295 | JH01CG7882 | 21-Oct-2021 to 20-Oct-2022 | HARIOM GIRI, SUBHASH NAGAR RAY, KHALARI |
| 296 | JH01DD0278 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NEAR RELIANCE |
| 297 | JH01DD1857 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D 5 LAKE PALACE, LAKE AVENUENR RELIANCE |
| 298 | JH01DD2169 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D 5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 299 | JH01DD3748 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NEAR RELIANCE |
| 300 | JH01DD4195 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 301 | JH01DD7758 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, LAKE PALACE, LAKE AVENUE |
| 302 | JH01DD7126 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 303 | JH01DD8213 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 304 | JH01DD2676 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 305 | JH01DD6360 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D 5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 306 | JH01DD0922 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 307 | JH01DD3617 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 308 | JH01DD3740 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D 5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 309 | JH01DD1457 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D 5 LAKE PALACE, LAKE AVENUENR RELIANCE |
| 310 | JH01DD5543 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, LAKE PALACE, LAKE AVENUE |
| 311 | JH01DD3104 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 312 | JH01DD4594 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D 5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 313 | JH01DD4466 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D 5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NR RELIANCE |
| 314 | JH01DD9586 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | RAJESH KUMAR GARG, FLAT NO D5 LAKE PALACE, LAKE AVENUE NEAR RELIANCE |
| 315 | JH07E7852 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | ARBIND KUMAR CHOUDHARY, AT/PO BASIA, PS BASIA |
| 316 | JH20E2792 | 22-Oct-2021 to 21-Oct-2022 | SHIV KUMAR SAHU, GHAGHMUNDA, KURDEG |
| 317 | JH01BQ4853 | 23-Oct-2021 to 22-Oct-2022 | NAGESHWAR MAHTO, KICHTO, BAHERA |
| 318 | JH01DH3368 | 25-Oct-2021 to 24-Oct-2022 | ARVIND NAG, TURUNDU, GUMLA |
| 319 | JH01DC0664 | 26-Oct-2021 to 25-Oct-2022 | BHOLANATH PANDEY, CHURI RAY, CHURI RAY |
| 320 | JH01AV0821 | 26-Oct-2021 to 25-Oct-2022 | MOHAN CHOUHAN, SARHUL HUSAINABAD, JAPLA |
| 321 | JH01EK1912 | 26-Oct-2021 to 25-Oct-2022 | AFROJ ANSARI, PIPER TOLI, NARKOPI |
| 322 | JH20F5525 | 26-Oct-2021 to 25-Oct-2022 | POOJA SAHU, AT -KERSAI, PO SIMDEGA |
| 323 | JH01CH6907 | 28-Oct-2021 to 27-Oct-2022 | LAKHAN YADAV, NAGRA BALUMATH, NAGRA BALUMATH |
| 324 | JH08H9188 | 28-Oct-2021 to 27-Oct-2022 | MD IFTEKHAR AHMAD, 93 GURHA, LESLIGANJ |
| 325 | JH01BG2890 | 28-Oct-2021 to 27-Oct-2022 | KULDEEP KUMAR THAKUR, 41 CCL KDH PROJECT DAKRA COLLIERY, DAKRA |
| 326 | JH01BH0755 | 29-Oct-2021 to 28-Oct-2022 | ZAKIR MANSHURI, H NO-62 SIMLIYA PO-SIMILIYA, PS-RATU RANCHI |
| 327 | JH07E2553 | 30-Oct-2021 to 29-Oct-2022 | AFROJ ALAM, MOSIBARI ITKI, AT ITKI |
| 328 | JH01AP1481 | 31-Oct-2021 to 30-Oct-2022 | WILSON FRANCIS, JAVIER NAGAR, DHELA TOLY BARIATU |
| 329 | JH01DC1551 | 31-Oct-2021 to 30-Oct-2022 | AVINASH KUMAR YADAV, NEAR S G M COLLEGE, PO KAMRE |
| 330 | JH01AP1303 | 31-Oct-2021 to 30-Oct-2022 | DHANANJAY TRIVEDI, NEW DIPATOLY, BARIATU |
| 331 | JH01AP1381 | 31-Oct-2021 to 30-Oct-2022 | AKASH KUMAR SHRIVASTAVA, I.S.H. QUATER NO-07 HOUSING COLONY, DHANBAD |
| 332 | JH01AH6261 | 26-Nov-2021 to 31-Oct-2022 | GHUMESHWAR MAHTO, ANGARA, HESAL |
| 333 | JH01CX6216 | 01-Nov-2021 to 31-Oct-2022 | RAVINDRA KUMAR GUPTA, BASANT VIHAR COLONY, DUMARDAGA BUTI |

अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है, वो अपना परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध मोटनवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द०छो०प्रा०परि०प्राधिकार,रांची

PR 281678 Transport (22-23)#D

## कांगड़ा में रैली कर लौटते समय वाकया: महिला की डेडबॉडी छोड़ने जा रही थी एंबुलेंस

# पीएम मोदी ने एंबुलेंस के लिए रुकवाया काफिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**शिमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए अपना काफिला सड़क किनारे रुकवाया। एंबुलेंस के क्रॉस हो जाने के बाद पीएम का काफिला आगे बढ़ा। सड़क पर इस तरह अचानक पीएम का काफिला रुकते ही हिमाचल पुलिस और अन्य खुफिया एजेंसियों में खलबली सी मच गई। मोदी हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांगड़ा के चंबी मैदान में बीजेपी कैंडिडेट्स के हक में चुनावी सभा करने के बाद गग्गल एयरपोर्ट लौट रहे थे। गग्गल एयरपोर्ट से पीएम को हमीरपुर के सुजानपुर में रखी गई अपनी दूसरी रैली में पहुंचना था। मोदी का काफिला एयरपोर्ट से कुछ ही दूरी पर था कि उन्होंने सड़क किनारे एक एंबुलेंस खड़ी देखी। इस पर मोदी ने तुरंत अपना काफिला रुकवा दिया और कहा कि पहले एंबुलेंस को निकाला जाये। एंबुलेंस के रवाना होने के बाद मोदी का कारवां गग्गल एयरपोर्ट पहुंचा, जहां से उन्होंने सुजानपुर रैली के लिये उड़ान भरी।

### शव लेकर जा रही थी एंबुलेंस

पीएम मोदी ने जिस एंबुलेंस के लिए अपना काफिला रुकवाया, वह कांगड़ा के ही टांडा में बने डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज से आ रही थी। इसमें 43 वर्षीय महिला बन्नू की डेडबॉडी थी। एंबुलेंस महिला की डेडबॉडी उसके घर डमटाल छोड़ने जा रही थी। एंबुलेंस (एचपी-40 सी-2141) कांगड़ा की एक प्राइवेट संस्था सेवा भारती की थी।

### पुलिस ने रुकवाई एंबुलेंस

एंबुलेंस के ड्राइवर सुशील कुमार ने बताया कि जब वह गग्गल एयरपोर्ट के गेट के पास पहुंचा तो वहां तैनात पुलिस कर्मचारियों ने उनकी गाड़ी को रुकवा दिया। पुलिसवालों का कहना था कि अभी पीए का काफिला आ रहा है इसलिए किसी भी गाड़ी को आगे जाने की परमिशन नहीं है।

### सोलन में भी अचानक रुक गये थे मोदी

बीती 5 नवंबर को सोलन में भी रैली स्थल की ओर जाते समय प्रधानमंत्री मोदी का काफिला अचानक बीच सड़क में रुक गया था। सोलन शहर में राजगढ़ रोड पर सड़क किनारे एक कॉम्पलेक्स के बाहर मस्कूलर डिस्ट्राफी के बच्चे और कुछ लोग अपनी व्हील चेयर पर बैठे थे। मोदी ने उन्हें देखते ही अपना काफिला रुकवाया और खुद गाड़ी से निकलकर उनके पास पहुंच गये। मोदी ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए बच्चों से हाथ मिलाया और उनका कुशल-क्षेम पूछा।



### काफिला रुका तो कुछ समझ नहीं आया

एंबुलेंस के ड्राइवर सुशील कुमार ने बताया कि वह सड़क खुलने का इंतजार कर रहा था। उसी समय पीएम के काफिले के आगे चल रही पुलिस की गाड़ियां सायरन बजाते हुए वहां से निकली लेकिन प्रधानमंत्री की गाड़ी नहीं आयी। वह कुछ समझ पाता, इससे पहले ही अचानक पुलिसवाले उसकी तरफ इशारा करके आगे जाने के लिए कहने लगे। तब उसे समझ आया कि प्रधानमंत्री मोदी ने उसकी एंबुलेंस देखकर अपना काफिला रुकवा दिया है। इसके बाद वह अपनी एंबुलेंस लेकर वहां से चल पड़ा।

### पीएम की गाड़ी रुकते ही खलबली

पीएम कांगड़ा जिले के शाहपुर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा करके लगभग 12.40 बजे चंबी मैदान से गग्गल एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। एयरपोर्ट से कुछ पहले दोपहर लगभग 1 बजे अचानक मोदी का काफिला सड़क पर रुकते ही वहां तैनात हिमाचल पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी हड़बड़ा गये। सभी एक-दूसरे करी ओर से झांकने लगे। उसी समय पीएम के काफिले में शामिल एसपीजी अधिकारियों ने सड़क किनारे खड़ी एंबुलेंस को निकालने का इशारा किया तो माजरा उनकी समझ में आया।

### अनुराग ठाकुर लगा चुके बस को धक्का

हिमाचल विधानसभा चुनाव के दौरान मंगलवार रात को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी बिलासपुर में सड़क पर खराब हुई एक सरकारी बस को धक्का लगवाकर साइड में करवाया था। अनुराग तल्याड़ा में प्रचार करके हमीरपुर की तरफ लौट रहे थे कि रास्ते में सड़क पर जाम मिला। जब अनुराग ने पूछा तो पता चला कि एचआरटीसी की एक बस का गियर लीवर टूट गया और बस सड़क के बीच में खड़ी हो गई है। इस पर अनुराग ठाकुर अपनी गाड़ी से उतरे और बस ड्राइवर से बातचीत करने के बाद लोगों के साथ खुद बस को धक्का लगवाकर उसे साइड में करवाया।

# अगले साल फिर यात्रा पर निकलेंगे राहुल गांधी

## नॉर्थ ईस्ट से कच्छ तक हो सकती है अगली यात्रा, रोडमैप तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयपुर।** तेलंगाना में भारत जोड़ो यात्रा के 5वें दिन राहुल गांधी अलग ही अंदाज में नजर आये थे। जडचेरला में स्कूली बच्चों के साथ राहुल गांधी ने दौड़ लगायी थी। राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के बीच अब अगली यात्रा का रोडमैप भी तैयार हो गया है। अगले साल राहुल गांधी पूर्वी भारत से पश्चिमी भारत की यात्रा पर निकलेंगे। भारत जोड़ो यात्रा का यह दूसरा फेज होगा। इसका पैटर्न भी वर्तमान में चल रही यात्रा जैसा होगा। यदि दूसरा फेज सक्सेसफुली कंप्लीट होता है तो राहुल करीब आठ महीने में 7 हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी करेंगे। राहुल गांधी की दूसरे फेज की भारत जोड़ो यात्रा नॉर्थ ईस्ट से लेकर गुजरात के कच्छ तक हो सकती है। इसका रूट फाइनल होना बाकी है। राहुल गांधी की टीम दूसरे फेज की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों का खाका



बनाने में जुट गई है। प्रियंका गांधी के राजनीतिक सलाहकार और भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान प्रभारी विभाकर शास्त्री ने कहा- यात्रा में कवर होने से कुछ राज्य रह जायेंगे। अभी यात्रा बॉटम टू अप यानी दक्षिण से उत्तर तक जा रही है। अगली यात्रा पूर्व से पश्चिम तक होगी। दूसरी यात्रा की प्लानिंग पूरी हो गई है। हम उम्मीद करते हैं कि दोनों ही यात्रा के दौरान ज्यादा से ज्यादा एरिया को कवर करें। अभी एक रोडमैप बना है, दूसरी यात्रा का रूट फाइनल नहीं किया है। दूसरी यात्रा लोकसभा चुनाव से पहले होगी। फिलहाल पहली भारत जोड़ो यात्रा का करीब आधा सफर पूरा हो चुका है।

## बाबरी विध्वंस मामला: कोर्ट का बड़ा फैसला, आडवाणी-जोशी और उमा को बरी करने के खिलाफ याचिका खारिज

**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बुधवार को बड़ा निर्णय देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व उमा भारती सहित बाबरी विध्वंस मामले में आरोपी 32 नेताओं को बरी करने के खिलाफ दायर की गई याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और सरोज यादव की अध्यक्षता वाली पीठ ने अयोध्या के रहने वाले हाजी महमूद अहमद और सैयद अखलाक अहमद की याचिका खारिज कर दी। याचिका में बाबरी विध्वंस के आरोपी भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती, विनय कटियार, बृज मोहन शरण सिंह, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह और साध्वी ऋतंबरा सहित 32 नेताओं को अदालत द्वारा बरी किये जाने के निर्णय को चुनौती दी गई थी। राज्य सरकार व सीबीआई ने कहा कि दोनों अपीलकर्ता मामले के न तो पीड़ित हैं और न ही प्रारंभिक शिकायतकर्ता हैं। ऐसे में उनकी याचिका को मान्यता नहीं दी जा सकती है। याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# राष्ट्रपति के दौरे से पहले पुरी में कारकेड की रिहर्सल

## सुरक्षा में नियोजित होंगी 24 प्लाटून फोर्स

राष्ट्रपति के दौरे के लिए पुरी में कारकेड का रिहर्सल किया गया है। रिहर्सल तालबनिया हेलीपैड से श्रीमंदिर के सिंहद्वार तक हुई।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को ओडिशा आ रही हैं. सुबह 10:50 बजे भुवनेश्वर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। बाद में वह वायुसेना के विशेष हेलीपैड से पुरी जायेंगे। इसलिए पुरी प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। राष्ट्रपति के दौरे के लिए पुरी में कारकेड का रिहर्सल किया गया है। रिहर्सल तालबनिया हेलीपैड से श्रीमंदिर के सिंहद्वार तक हुई। रिहर्सल में जिला पुलिस, जिला



प्रशासन के अधिकारी शामिल रहे। राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए 24 प्लाटून पोलिस फोर्स तैनात की जायेगी। गजपति महाराजा दिब्यसिंह देव और श्रीमंदिर प्रबंधन कमिटी के सदस्य सिंह द्वार के सामने राष्ट्रपति का स्वागत करेंगे।









## नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ

# ब्रिटेन की कोर्ट ने खारिज की भगोड़े नीरव की याचिका



एजेंसी

**लंदन।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। ब्रिटेन की हाइकोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका में भगोड़े हीरा कारोबारी ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए अपील की थी। उसकी तमाम दलीलों के बाद भी ब्रिटेन की हाइकोर्ट ने उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। अदालत ने उसकी याचिका खारिज करते हुए कहा कि नीरव का प्रत्यर्पण किसी भी नजरिए से अन्यायपूर्ण या दमनकारी नहीं होगा। गौरतलब है कि पिछले साल फरवरी में वेस्टमिंस्टर जज ने उसे भारत को प्रत्यर्पित करने का आदेश सुनाया था। हालांकि बाद में उसे इस फैसले के खिलाफ अपील करने की मंजूरी दी गयी थी।

### भारत लाने का लंबे समय से चल रहा प्रयास

भारत लंबे समय से नीरव मोदी को भारत लाने की कोशिशों में लगा है। ब्रिटेन की जेल में बंद नीरव मोदी अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए अलग-अलग दलीलें दे रहा है। ब्रिटेन में उसके वकीलों ने दलील दी थी कि भगोड़ा आर्थिक अपराधी डिप्रेशन का शिकार है। वह भारत की जेलों में आत्महत्या कर सकता है। ये तर्क देकर उन्होंने नीरव मोदी को भारत भेजने का विरोध किया था। हालांकि ब्रिटेन की अदालन ने पूरी सुनवाई के बाद उसकी याचिका खारिज कर दी। इससे पहले मामले में सुनवाई के दौरान भी जस्टिस रॉबर्ट जे ने इस बात पर जोर दिया था कि भारत के ब्रिटेन के साथ अच्छे संबंध हैं। ऐसे में ब्रिटेन को 1992 की भारत-ब्रिटेन प्रत्यर्पण संधि का सम्मान करना जरूरी है।

### कोर्ट ने घोषित किया था आर्थिक अपराधी

विशेष पीएमएलए कोर्ट द्वारा दिसंबर 2019 में भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के अनुसार नीरव मोदी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया था। इसके बाद वह लंदन भाग गया था। तीन साल पहले नीरव मोदी को ब्रिटेन की स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने 13 मार्च 2019 को लंदन से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह साउथ वेस्ट लंदन की वैंड्सवर्थ जेल में कैद है।

### नीरव मोदी पर 7000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप

नीरव मोदी ने पीएनबी से करीब 7000 करोड़ रुपये का घोटाला किया था। इसके बाद वह विदेश भाग गया था। फिलहाल वह लंदन की एक जेल में है। भारत सरकार उसे वापस लाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। नीरव मोदी ने 2017 में अपनी कंपनी फायरस्टार डायमंड के जरिए प्रतिष्ठित रिदम हाउस बिल्डिंग खरीदी थी। उसका प्लान इसे हेरिटेज प्रॉपर्टी में बदलने का था। माना जाता है कि उसने ज्यादातर संपत्तियां पीएनबी घोटाले से हासिल रकम से खरीदी थी।

## नेपाल में भूकंप से 6 की मौत, दिल्ली-यूपी समेत 5 राज्यों में झटके

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पड़ोसी देश नेपाल में मंगलवार देर रात 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। झटके भारत के दिल्ली, यूपी समेत उत्तर भारत के 5 राज्यों में भी महसूस किये गये। लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आये। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, नेपाल में भूकंप 9 नवंबर रात 1 बजकर 57 मिनट पर आया। एपिसेंटर नेपाल के मणिपुर में जमीन से 10 किमी नीचे था। यहां दोती जिले में घर गिरने से 6 लोगों की जान चली गई। पीएम शेर बहादुर देउबा ने दुख जाहिर किया है। सेना तलाशी और बचाव अभियान में जुट गई है।





















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**